

Page 11

खेल

उनकी सोच एक जैसी है...नए कोच और नए कप्तान के दृष्टिकोण पर बोले शुभमन गिल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 10

देश


कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने की चार घोषणाएं

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 27 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 227 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹64,000 | ₹84,500 |

## आज का इतिहास

- 2015 : भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम का शिलांग में निधन हुआ।
- 2014 : रियल एस्टेट वेबसाइट Zillow अपनी प्रतिद्वंद्वी ट्रूलिया को 3.5 बिलियन डॉलर के स्टॉक में खरीदेगी। कंपनी अचल संपत्ति की ऑनलाइन खोजों के लिए बाजार को नियंत्रित करेगी।

## न्यूज बाइट्स

### चार लोगों को जिंदा जलाया

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय में बेटी के अफेयर के चक्कर में लड़की के परिवार ने 4 लोगों को पेट्रोल डालकर जला दिया। सोमवार की देर रात पूरे परिवार को पेट्रोल छिड़ककर जला दिया गया था। इसमें पिता की मौत हो गई थी। भाई-बहन और मां की स्थिति गंभीर है। उनका इलाज चल रहा है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। गुरुवार को डॉग स्क्वायड की टीम गांव में पहुंची। खोजी कुत्ता को सबसे पहले मृतक साबिर के घर ले जाया गया। वहां से कुछ दूरी पर स्थित मध्य विद्यालय सत्ती चौड़ा पहुंचा। वहां कुत्ता कंफ्यूज हो गया। फिर से घटनास्थल लाया गया। जहां एक चप्पल को सूंघते हुए एक घर के दरवाजे पर रुका। फिर दूसरे घर में पहुंचा और कमरे में जाकर चौकी पर बैठ गया। घर में एक नाबालिग लड़की थी, जिसे पुलिस पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि ये लड़के की गर्लफ्रेंड का घर है। मृतक साबिर (लड़के के पिता) का गांव के दो साबिर नाम के व्यक्तियों से विवाद था। एक की बेटी से मृतक के बेटे का अफेयर चल रहा था।

### बिहार खादी मॉल में बिक रहीं है बांस निर्मित जीरो वेस्ट राखियां

**पटना (नि.सं.)।** रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार खादी मॉल में इस बार जीरो वेस्ट राखियां बिक रही है। इन राखियों की खासियत यह है कि बिहार के विभिन्न कलाओं जैसे मिथिला पेंटिंग व टिकुली आर्ट से बनायी गई है। इन राखियों में उपयोग होने वाले सभी सामग्री पर्यावरण अनुकूल है। लोग इन राखियों को प्रयोग के बाद अपने घर के गमलों में लगा सकते हैं। राखियों में उपयोग होने वाले कागज में तुलसी के बीज है। इसे मिट्टी में डाल देने पर तुलसी के पौधे विकसित होंगे। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पटना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि खादी मॉल में पर्यावरण अनुकूल हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों की उपलब्धता की गई है। होली नेचर्स ने इन राखियों का निर्माण किया है।

### जीएसटी में बढ़ाई गई आईटीसी की समय सीमा

**पटना (नि.सं.)।** राज्य सरकार ने जीएसटी काउंसिल के निर्णय के मद्देनजर जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं के लिए बड़ी राहत दी है। उनकी पुरानी मांग पर विचार करते हुए सरकार ने जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावा करने की समय सीमा में छूट दी है। इसके तहत चार सालों अर्थात् वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 16(4) को शिथिल करते हुए क्रेडिट क्लेम करने की समय सीमा का विस्तार कर दिया गया है। इससे करदाता को जीएसटी के शुरुआती वर्षों के दौरान समय-बाधित क्रेडिट के संबंध में उत्पन्न विवादों को हल करने की अनुमति मिलेगी।

बिहार विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त, काफी हंगामेदार रहा बिहार विधानसभा का सत्र

# मानसून सत्र अनिश्चित काल के लिए समाप्त, सात महत्वपूर्ण विधेयक हुए पेश



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए खत्म हो गया। मानसून सत्र 22 से 26 जुलाई तक चला। इस दौरान कुत्र पांच बैठकें हुईं। वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक व्यय बजट समेत सात महत्वपूर्ण विधयेक पारित कराने समेत कई अहम कार्य हुए। मानसून सत्र में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा गया।

विधान मंडल में जिन राजकीय विधेयकों को स्वीकृति दी गई उनमें बिहार नगरपालिका (संयोधन) विधेयक, 2024, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (संशोधन) विधेयक, 2024, बिहार लोक परीक्षा (अनुसूचित साधन निवारण) विधेयक, 2024, बिहार माल और सेवा कर(संशोधन) विधेयक, 2024, बिहार लिफ्ट एवं एस्केलेटर विधेयक, 2024 और बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2024 शामिल है।

## बाणसागर से बिहार को 7000 की जगह अब 10000 क्यूसेक पानी मिलना शुरू

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में आए एक सूचना के जवाब में कहा कि सिंचाई के लिए नहरों के अंतिम छोर तक पानी की उपलब्धता हो इसके लिए सरकार के स्तर पर निरंतर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाएगा। हालांकि, इस दौरान यूपी सरकार का भी उन्होंने जिक्र कर दिया।


### कम बारिश की वजह से हो रही थी परेशानी

कम बारिश की वजह से नदी में पानी नहीं रहने के कारण परेशानी हो रही है। बाणसागर से अब एक दिन पहले दस हजार क्यूसेक पानी सोन नहर को मिलना शुरू हुआ है। दो दिन पहले तक यह 7500 क्यूसेक था। बाणसागर को लेकर यह व्यवस्था है जब तक वहां बाणसागर डैम (मध्य प्रदेश) में 836 फीट से ऊपर पानी नहीं हो जाता है तब तक वहां से हमें पानी नहीं मिलता है। नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी है। गुरुवार को ही मुख्यमंत्री ने बैठक कर यह निर्देश दिए हैं कि नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# दरभंगा में एम्स अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ

- शोभन में ही बनेगा दरभंगा एम्स, बायपास वाली जमीन को केंद्र की मंजूरी
- राज्य सरकार 150 एकड़ से ज्यादा की प्रस्तावित जमीन केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित करेगी और बिजली, पानी, और फोरलेन रोड की कनेक्टिविटी की व्यवस्था करेगी।




फाइल फोटो

**निज संवाददाता | दरभंगा**

दरभंगा में एम्स अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। एम्स का निर्माण शोभन में स्थित बायपास के पास प्रस्तावित जमीन पर ही किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में बिहार सरकार को पत्र लिखकर जल्द से जल्द भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। राज्यसभा सांसद और जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने शुक्रवार को यह जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की। उन्होंने कहा कि दरभंगा के शोभन में जल्द ही एम्स का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। जेडीयू सांसद संजय झा ने अपने पोस्ट में कहा कि दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए बिहार सरकार द्वारा शोभन-एकमी बायपास के पास प्रस्तावित भूमि का सर्वेक्षण करने 18 और 19 मार्च 2024 को केंद्र सरकार की तकनीकी टीम ने किया था। टीम ने अपनी रिपोर्ट में इस जमीन को एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस जमीन पर ही एम्स बनाने की मंजूरी दे दी है। दरभंगा में जल्द ही एम्स का निर्माण शुरू किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया।

संजय झा ने कहा कि प्रस्तावित भूमि पर एम्स निर्माण की मंजूरी मिल जाने के बाद, राज्य सरकार अब जल्द ही 150 एकड़ से ज्यादा की प्रस्तावित जमीन केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित कर देगी। साथ ही, अपने संसाधनों से उस जगह पर बिजली एवं पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। यहां तक आवागमन के लिए फोरलेन रोड की कनेक्टिविटी के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। झा ने कहा कि एम्स का निर्माण शहर की सीमा पर स्थित शोभन के पास होगा, तो दरभंगा को एक नया विस्तार मिलेगा। इससे नए क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा। साथ ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही राज्य सरकार दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) का भी पुनर्विकास करा रही है। डीएमसीएच में 2500 बेड का नया अस्पताल बनाने के लिए 2742.04 करोड़ रुपये की योजना पर काम चल रहा है। दोनों सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का निर्माण हो जाने पर दरभंगा केवल उत्तर बिहार के लिए ही नहीं, नेपाल तक के लिए भी एक बड़ा केंद्र बन जाएगा।

## ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**निज संवाददाता | पटना**

गुरूवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और कर्मचारियों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वच्छता अभियान में क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार के साथ डॉ. विजय कुमार केसरी (राज्य चिकित्सा अधिकारी), केशव कुमार झा (उप निदेशक, प्रशासन), डॉ. तनुजा कुमारी (चिकित्सा निदेशक), डॉ. रजनी रवी (सतर्कता चिकित्सा अधिकारी), अजीत कुमार शर्मा (सहायक निदेशक, राजभाषा), जयंत कुमार (सहायक निदेशक), अनिल कुमार (सहायक निदेशक), दिलीप कांत रंजन (सहायक निदेशक), राजेश कुमार (सहायक निदेशक) और सुनील कुमार सिंह (सहायक निदेशक) शामिल हुए। इस कार्यक्रम में करीब 100 कर्मचारियों ने भाग लिया और कार्यालय परिसर के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों की सफाई की।

## हवाई कंपनियों के किराया वसूलने की मनमानी रोकने की लोकसभा में की गई मांग

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

विदेशों में रहने वाले भारतीयों से हवाई कंपनियों की ओर से अत्यधिक किराया वसूले जाने का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठा और सदस्यों ने इसे लूट बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि इस मामले में सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए।

अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसे गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्री को इस मामले में सभी हवाई सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को बुलाकर उनकी इस मनमानी पर रोक लगानी चाहिए। उनका कहना था कि कंपनियों को मंत्री बुलाएं और किराया किस वजह से ज्यादा वूसला जा रहा है इस बारे में उनसे पूछा जाना चाहिए तथा लोगों की इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।



कांग्रेस के शफी परम्बिल ने हवाई सेवाओं की मनमानी से जुड़े 'गैर सरकारी सदस्यों के लिए संकल्प' पर चर्चा के दौरान हवाई सेवा देने वाली कंपनियों का इसे गैरजिम्मेदाराना व्यवहार बताया और कहा कि यात्रियों से यह मनमानी वसूली की जा रही है। उन्होंने एक उदाहरण तिरुवनंतपुर से दुबई का दिया और कहा कि पहले दिन हवाई जहाज का किराया 90 हजार से ज्यादा लिया जाता है और अगले दिन उसी फ्लाइट से उसी समय उसी गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 77 हजार रुपए वसूले जाते हैं। उनका कहना था कि देश की हवाई कंपनियां लोगों को लूट रही है और विदेश में रहने वाले देश के नागरिकों के साथ अन्याय कर रही है।

उन्होंने कहा कि हवाई सेवा देने वाली सभी कंपनियां एक साथ हैं और वे मिलकर यात्रियों को लूट रही हैं। उन्होंने इसे लोगों के साथ अन्याय बताया और कहा कि सरकार को इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए। हवाई कंपनियां इस तरह का व्यवहार कर लोगों के साथ अत्याचार कर रही है और सरकार को इस अत्याचार से लोगों को बचाने के लिए कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस सांसद ने जब यह आरोप लगाए तो उस समय नागरिक उड्डयन मंत्री राम बाबू नायडू भी सदन में मौजूद थे।

## पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में चार करोड़ की लूट

**निज संवाददाता | पूर्णिया**

पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। मोटरसाइकिल सवार चार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। ऐसे में घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया में तनिष्क शोरूम लाइन बाजार में है, यह शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका माना जाता है। यहां से हीरा और सोने के शोरूम के अंदर रखे सभी जेवरात लेकर अपराधी फरार हो गए हैं। घटना के बाद स्टाफ ने पूछताछ के दौरान बताया कि ढाई करोड़ का हीरा और डेढ़ करोड़ का सोना सहित कुल 4 करोड़ की लूट की गई है। मामले में डीआईजी और एसपी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा कि कितनी लूट हुई है।

वहीं, पूर्णिया में तनिष्कर शोरूम में लूट की घटना पर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने प्रशासन पर सवाल उठाया है। उन्होंने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि पूर्णिया में दिनदहाड़े तनिष्क के शो रूम को लूट लिया जाता है, जिला पुलिस मौज में है।

पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा कि वह सिर्फ जाति समुदाय के आधार पर निर्दोष लोगों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं को फंसाती है और अपराधियों के सामने नतमस्तक है। आज तक भवानीपुर व्यवसायी हत्याकांड के असली अपराधी पकड़े नहीं गए।

## राजद एमएलसी सुनील सिंह विधान परिषद से बर्खास्त

**निज संवाददाता | पटना**

राजद एमएलसी और राबड़ी देवी के मुंहबोले भाई सुनील सिंह को विधान परिषद से बर्खास्त कर दिया गया है। विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा पर ये कार्रवाई हुई है। रामबचन राय ने सुनील सिंह की बर्खास्तगी का प्रस्ताव पेश किया, जो ध्वनि मत से पास हुआ। साथ हीं राजद एमएलसी कारी सोहेब को दो दिन के लिए निलंबित किया गया है। सोहेब ने पहले ही माफी मांग ली थी। सुनील सिंह ने माफी नहीं मांगी थी। वहीं कार्रवाई को लेकर सुनील सिंह ने कहा कि एक ने लोकसभा सदस्य बनने के लिए और दूसरे ने उपसभापति बनने की लिए ऐसी रिपोर्ट दी है। सुनील सिंह का इशारा देवेश चंद्र ठाकुर और रामबचन राय की ओर था। सुनील सिंह ने कहा कि मुझे बोलने का मौका दिया जाए। उन्होंने सीएम पर कार्रवाई की मांग भी की। इससे पहले गुरुवार को उन्हें



बिस्कोमान अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। विधान परिषद की आचार समिति ने सुनील सिंह पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसमें कहा गया था कि वे लगातार सदन के अंदर 4 बैठकों में शामिल नहीं हुए हैं। 5वीं बैठक में वे आए, लेकिन अपने ऊपर लगे आरोपों पर कोई जवाब नहीं दिया। इसके साथ ही अनुशंसा पत्र में कहा गया है कि वे लगातार सदन के नेता, यानी मुख्यमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते आ रहे हैं। उनका व्यवहार भी असंसदीय और लोकतंत्र के खिलाफ है। ऐसे में क्यों ना विधान परिषद से उनकी सदस्यता खत्म कर दी जाए। इसके जवाब में सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मेरे खिलाफ प्रतिवेदन तैयार करने में उन लोगों ने काफी मेहनत की है। सदन में गरीबों, किसानों, वंचितों, बेरोजगारों की आवाज नहीं उठ सके, इसलिए यह किया गया है।

मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सुनील सिंह की सदस्यता खत्म करने में सरकार का कोई हाथ नहीं है। यह विधान परिषद की कार्यवाही है। आचार समिति की रिपोर्ट पर परिषद ने कार्यवाही की है।

## पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे : हेमन्त सोरेन



**रांची (नि.सं.)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे।

श्री सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि अगर पेड़- पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है।

## दो-दो जगह नामांकन में पकड़े जाने के डर से निजी स्कूल के 34543 छात्रों ने सरकारी स्कूल से नाम कटवाया

- सभी निजी स्कूलों से विद्यार्थियों का डेटा मांगा जा रहा है। इसमें जो छात्र डबल नामांकन में पकड़े जा रहे हैं उनका नामांकन सरकारी स्कूलों से रद्द किया जा रहा है।

### सीबीएसई देगा स्कूलों को कारण बताओ नोटिस



सीबीएसई सूत्रों के अनुसार ये 34 हजार 543 छात्र राज्य के 765 स्कूलों से हैं। अब इन स्कूलों को सीबीएसई द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। इसके साथ ही इन छात्रों के अभिभावकों से भी जानकारी ली जाएगी कि उन्होंने दो स्कूलों में दाखिला क्यों करवाया। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को अपने स्तर से छानबीन करने को कहा है कि और कितने छात्र सरकारी स्कूल में भी नामांकित हैं।

**निज संवाददाता | पटना**

दो-दो जगह नामांकन में पकड़े जाने के डर से निजी स्कूलों के 34 हजार 543 छात्रों ने सरकारी स्कूलों से नाम कटवा लिये हैं। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग ने सीबीएसई को दी है। अब इन छात्रों का नाम सरकारी स्कूल से हटा दिया गया है। इन छात्रों को ई शिक्षा पोर्टल पर आधार नंबर सत्यापन में पकड़ा गया है।

बता दें कि ई शिक्षा पोर्टल पर सरकारी के साथ निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं का भी वेरिफिकेशन होना है। ऐसे में सभी निजी स्कूलों से नामांकित छात्र-छात्राओं की सूची मांगी जा रही है। निजी स्कूल तमाम छात्र-छात्राओं की सूची नहीं भेज रहा है। जब इसकी पूछताछ की गयी तो पता चला कि बहुत से छात्र सरकारी स्कूलों में भी नामांकन करवा रखा है। मालूम हो कि राज्यभर में 32 लाख से अधिक छात्र निजी स्कूलों मे पढ़ते हैं। इनमें से अब तक मात्र 12 लाख विद्यार्थियों का ही आधार नंबर सत्यापन हो सका है। ई-शिक्षा पोर्टल पर डबल नामांकन वाले छात्रों का तुरंत नामांकन रद्द करने का आदेश दिया है। इसकी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। जिन निजी स्कूल के छात्र डबल नामांकन में पकड़ में आ रहे हैं, उनका नामांकन रद्द करने की सूचना भी निजी स्कूलों को दी जा रही है। सरकारी और निजी विद्यालय के विद्यार्थियों का आधार नंबर वेरिफिकेशन 31 जुलाई तक होना है। इसके लिए लगातार निजी स्कूल से संपर्क किया जा रहा है। सभी स्कूलों को कहा जा रहा है कि जल्द से जल्द छात्रों की सूची उपलब्ध करवायें।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का कारगिल विजय दिवस

## रजत जयंती पर फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता | पटना**

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सायंस कालेज, पटना में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ) अजय कुमार सिंह, सायंस कालेज, पटना के प्रचार्य प्रो.(डॉ) देवेन्द्र नाथ ठाकुर, सीबीसी, पटना के प्रमुख संजय कुमार, पीआईबी पटना के निदेशक एके लकड़ा, डीडीन्यूज़ बिहार के उपनिदेशक(समाचार) सलमान हैदर ने फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



मौके पर कारगिल विजय के युद्ध की विस्तार से कहानी कहती फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गई है, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि, अतिथिगण और छात्रों ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ) अजय कुमार सिंह कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध के विजय के संघर्ष गाथा को विस्तार से दिखाया गया है। चित्र प्रदर्शनी के ज़रिए कारगिल विजय दिवस की सभी बारिक एवं सटीक जानकारियां दी गई है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध को खास युद्ध इसलिए भी कहा जाता है कि यह युद्ध रात में और कठिन परिस्थितियों में लड़ी गई थी।

सायंस कालेज, पटना के प्रचार्य प्रो. (डॉ) देवेन्द्र नाथ ठाकुर ने कारगिल विजय दिवस फोटो प्रदर्शनी को बेहतर बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के लिए साइंस कॉलेज एवं पटना यूनिवर्सिटी के आईसीओपी हमेशा तत्पर रहते हैं ताकि छात्रों को सीखने का मौका मिले। उन्होंने विद्यार्थियों से फोटो प्रदर्शनी देखने का भी अनुरोध किया। सीबीसी, पटना के प्रमुख, उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे सैनिकों द्वारा प्रदर्शित वीरता और देश भक्ति को प्रतिबिंबित करने और युवा पीढ़ी एवं जनता को भारतीय सेना के इतिहास और महत्त्व के बारे में आमजनों को अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि फोटो प्रदर्शनी के अलावा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के परस्पर संवाद कार्यक्रमों जैसे-संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता, खेलकूद, जागरुकता रैली आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन सीबीसी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

## बिहार में बस खरीदने के लिए मिलेंगे पांच लाख रुपये

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री प्रखंड परिवार योजना के दूसरे चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिवहन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने पत्र जारी कर इस योजना के संबंध में जागरूकता अभियान के साथ-साथ आवेदन की प्रक्रिया से लेकर चयन के लिए वरीयता सूची के प्रशासन तक की तिथि जारी कर दी है। इस योजना के तहत 22 जुलाई से 31 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। आवेदन की प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू होगी। आवेदन की आखिरी तारीख 25 अगस्त है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 27 अगस्त से 28 अगस्त तक जिला परिवहन पदाधिकारी प्रखंड वार एवं कोटिवार आवेदनों के आधार पर वरीयता सूची तैयार करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा तैयार सूची के आधार पर 29 अगस्त को डीएम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लाभुकों का चयन किया जाएगा। लाभुकों की चयन सूची पर दो से चार सितंबर तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद डीएम की अध्यक्षता में आपत्ति का निपटारा किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब शुरू होगी भू-अर्जन की प्रक्रिया, 87.99 करोड़ मिले

**भागलपुर**। कहलगांव में विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में पहल तेज हो गई है। वहां जमीन अधिग्रहण के लिए राशि भी अब जिला को मिल गई है। इसके साथ ही अब भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार सरकार की ओर से भागलपुर जिला के तहत प्राचीन विक्रमशिला विवि के पास केंद्रीय विवि की स्थापना के लिए कहलगांव के मलकपुर और अंतीचक मौजा के 205 एकड़ 49 डिसमिल भूमि अर्जन के लिए 87 करोड़ 99 लाख 81 हजार 355 रुपए जिला भू-अर्जन को भेज दी गई है। डीएम नवल किशोर चौधरी ने भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द शुरू करने के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया है। बता दें कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय परियोजना के लिए डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी भी नई दिल्ली की संस्था स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर को दी गई है। इससे पहले ही केंद्र ने राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित स्थल मलकपुर और अंतीचक के प्रस्ताव को जूरी दे दी है। 205 एकड़ जमीन के प्रस्ताव को मिली है मंजूरी फरवरी 2022 में इस मंत्रालय की स्थल चयन समिति (एसएससी) की ओर से बिहार राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित स्थलों का दौरा किया गया था। इसके बाद उस स्थल को उपयुक्त नहीं पाया गया। क्योंकि स्थल बाढ़ की आशंका वाला था, प्राचीन स्थल से दूर था और पहुंच योग्य नहीं था।

### असिस्टेंट प्रोफेसर की पोस्टिंग जल्द होगी

**भागलपुर**। टीएमबीयू में मनोविज्ञान और बांग्ला में नए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति जल्द होगी। विवि को असिस्टेंट प्रोफेसर का पैनल मिल गया है। अब इनकी काउंसिलिंग होगी। उसके बाद कॉलेज और पीजी विभाग आवंटित होंगे। पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि एक दिन पहले ही विवि को दोनों विषयों में विवि सेवा आयोग से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर का पैनल शिक्षा विभाग से प्राप्त हुआ है। विवि सेवा आयोग ने रिक्तियों के बैकलॉग में खामी को लेकर हाईकोर्ट से बहाली की प्रक्रिया पर लगी रोक हटने के बाद सबसे पहले मनोविज्ञान की शेष रिक्त पदों के लिए इंटरव्यू लिया था। आयोग ने इसका रिजल्ट करीब दो महीने पहले जारी कर दिया था।

## DM के निरीक्षण में बंद मिला D.T.O कार्यालय

# अधिकारी सहित सभी कर्मियों के वेतन पर लगाई रोक, स्पष्टीकरण की मांग की

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर डीएम अवनीश कुमार सिंह ने शुक्रवार की सुबह करीब 10:00 बजे जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिवहन कार्यालय बंद पाया गया तथा अधिकारी सहित सभी कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीएम ने सभी कर्मियों एवं अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा और सभी का वेतन बंद करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीएम मनोज कुमार भी मौजूद थे। डीएम अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में 10:00 बजे कार्यालय बंद पाया गया। इसके बाद आधे घंटे बाद फिर वे परिवहन कार्यालय पहुंचे। तब अधिकारी तथा कुछ कर्मचारी मौजूद मिले तथा कुछ अनुपस्थित मिले। इसके बाद सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा तब तक के लिए वेतन स्थगित कर दिया गया है।

**कर्मियों के तबादले के बाद से काम हो रहा प्रभावितः** डीएम ने बताया कि उन्हें यह बताया गया कि मोटरयान निरीक्षक का स्थानांतरण हो चुका है परंतु उनके स्थान पर नए मोटरयान निरीक्षक का पदस्थापन नहीं हुआ है। ऐसे में कार्य बाधित हो रहा है। इसको लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। इसके अलावा जो प्रशिक्षु मोटर यान निरीक्षक यहां



तैनात हैं उनका आईडी और पासवर्ड बन कर नहीं आया है। इस कारण से कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। विभागीय स्तर पर समन्वय में स्थापित कर जल्द कार्य शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि मुंगेर डीएम के द्वारा लगातार तीसरे दिन कार्रवाई किए जाने के बाद सभी विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मची है। जहां बुधवार को दियारा क्षेत्र के कुतलुपुर में एक सरकारी स्कूल के निरीक्षक में प्रधानाचार्य, शिक्षक और बीओ पर कार्रवाई किया गया था। गुरुवार को जिला प्रोगाम पदाधिकारी के के कार्यालय बंद रहने पर आयसीडीएस पदाधिकारी सहीत अन्य कर्मी पर कार्यवाई किया गया और आज शुक्रवार को जिला परिवाहन कार्यालय बंद रहने पर अधिकारी सहित कर्मी के उपर कार्यवायी किया गया है।

# 15 दिनों तक चलने वाला मधुश्रावणी व्रत शुरू

निज संवाददाता। मुंगेर

15 दिनों तक चलने वाला नव विवाहित महिलाओं का मधुश्रावणी व्रत गुरुवार नाग पंचमी के दिन से शुरू हो गया है। यह व्रत अगले 15 दिनों तक चलेगा। इस 15 दिनों के बीच नव विवाहित महिलाएं भगवान शिव पार्वती गौरी विसहरी सहित अन्य देवी-देवताओं की रोजाना पूजा पाठ करते हैं। यह व्रत खासकर ब्राह्मण परिवार में ही मनाया जाता है। ब्राह्मण समुदाय की जो विवाहित महिलाएं होती है, वह इस सावन के महीने में नाग पंचमी के दिन से इस व्रत को करती है। यह मधु श्रावणी व्रत खासकर मिथिलांचल में आकर्षक तरीके से मनाया जाता है। इसके अलावा मुंगेर में जहां भी ब्राह्मण का गांव है। वहां पर विवाहित महिलाएं इस व्रत को करती है। व्रत के दौरान एक महिला पंडित भी रहती है जो पंद्रह दिनों तक अलग-अलग देवी-देवताओं की कथा को सुनाती है। इस पर्व के दौरान दुल्हन के ससुराल से जो संदेश आता है उसी से विवाहित पूजन करती है। इस बीच 15 दिनों तक विवाहित महिलाएं नमक का सेवन नहीं करती है। पूजन के दौरान झाड़ू और रुई से दूरी बनाकर रहती है। इतना ही नहीं व्रत के अंतिम दिन विवाहिता को अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ता है। रीति रिवाज के अनुरूप में विवाहिता के 8 अंगों पर जलता हुआ दीप से दागा जाता है। जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में विवाहित व्रती शिवांगी झा द्वारा इस व्रत को आकर्षक तरीके से मनाया जा रहा है। व्रत के दौरान तरह-तरह की गीत महिला की झुंड द्वारा गाई जाती है। इस जीत से आसपास का वातावरण पूरा भक्ति मय बना हुआ रहता है। मौके पर निभा देवी, फूल झा, नीलू झा शैलजा झा सहित अन्य महिला उपस्थित थे।

# भागलपुर में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य कराया बंद



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बबरगंज थाना क्षेत्र के सूर्यलोक कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य के दौरान विवाद हो गया। निर्माण कार्य को रोककर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि बबरगंज से कोयली तक सड़क बनाने का टेंडर हुआ है, लेकिन सूर्यलोक कॉलोनी तक ही काम किया जा रहा है। ठेकेदार और वार्ड पार्षद की मिलीभगत से ऐसा किया जा रहा है।

**बने सड़क के ऊपर ही मैटेरियल डाला जा रहा हैः** लोगों का कहना है कि ये सड़क पहले से ही अच्छी स्थिति में है, लेकिन कोयली तक सड़कों की स्थिती खराब है। एंबुलेंस तक नहीं आ सकती है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। चलने-फिरने में भी दिक्कत है। ऐसे में बने हुए सड़क के ऊपर ही मैटेरियल डाला जा रहा है। ये बर्दाश्त के बाहर है। वार्ड 50 और 51 के पार्षद फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

**वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांगः** आक्रोशित लोगों ने फिलहाल काम रोक दिया है। मौके के वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, वार्ड पार्षद शशि मोदी का कहना है। मैं भागलपुर से बाहर था। काम रोके जाने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर देखते हैं, आखिर किस बात को लेकर विरोध किया जा रहा है।

## जिले के 50 हजार बच्चों की ई-शिक्षा कोष पर एंट्री नहीं

**भागलपुर**। जिले में अब तक 50 हजार बच्चों की ई शिक्षा कोष पर एंट्री नहीं हुई है। 27 जुलाई के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसे लेकर विभाग ने डीपीओ और सभी बीईओ से जवाब मांगा है। जिले के सभी सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों और कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों का भी ई शिक्षा कोष पर ऑनलाइन नामांकन (एंट्री) कराया जाना है। इस बार शिक्षा कोष पर बच्चों का ऑनलाइन नामांकन आधार सीडिंग के साथ कराया जा रहा है। जिले में अब तक 65 फीसदी बच्चों की एंट्री नहीं हो पाई है। 342 निजी स्कूलों को यू डायस कोड मिला हुआ है, मगर इनमें से अब तक डेढ़ सौ स्कूलों ने ही बच्चों का ऑनलाइन नामांकन शुरू किया है। 350 से अधिक निजी स्कूल कार्रवाई के घेरे में हैं।

## कारगिल दिवस पर आज विजय चौक पर होगी श्रद्धांजलि सभा




**मुंगेर**। कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मुंगेर के विजय चौक पर देशभक्त शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे मुंगेर देशभक्त शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित करने का कार्यक्रम है। सुबह 8.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर बेकापुर, शादीपुर, बेलन बाजार और लल्लू पोखर के भाई-बहन शहीदों को नमन कर पुष्प अर्पित करेंगे। वहीं विजय चौक प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुबोध साह व सचिव संजय बबलू ने बताया कि विजय चौक का इतिहास और कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय का जश्न एक उल्लेखनीय कहानी है। विजय चौक की स्थापना का उद्देश्य कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बिहार के 21 शहीदों की याद में एक स्मारक बनाना था। कारगिल विजय दिवस, जो हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है, भारतीय सेना की वीरता और साहस का प्रतीक है। 15 अगस्त 1999 को युद्ध के समापन के 19 दिन बाद विजय चौक का निर्माण और उद्घाटन किया गया। विजय चौक निर्माण समिति के अध्यक्ष सुबोध साह और सचिव संजय बबलू के नेतृत्व में इसे सिर्फ 19 दिनों में तैयार किया गया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड सं0–02, गढ़वा**

**Corrigendum (संशोधन)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/03/2024-25,PR 329289 Rural Development(24-25).D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–03 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक–30.07.2024 एवं क्रमांक–05 पर अंकित ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–29.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–01.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय। आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
सं0–02, गढ़वा

PR 330856 Rural Development(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

पत्रांक 886/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, **शुद्धि–पत्र** चतरा, दिनांक–26.07.2024

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/32/2023-24/RE-3 के ग्रुप संख्या 01 में वर्णित PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Shaligram Narayanpur (Hunterganj) कार्य जिसका PR 329324 (Rural Development) 24-25(D) द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–26.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–31.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक तथा कंडिका क्रमांक 5 में ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.07.2024 के अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 03.08.2024 के अपराह्न 02:00 बजे पढ़ा जाय तथा निविदा में भाग लेने हेतु RDD(RWA), Govt. of Jharkhand in Class-II के निबंधित श्रेणी के अलावे BCD, Govt. of Jharkhand in Class-II श्रेणी का निबंधन भी मान्य होगा।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 330816 Rural Development(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-05/2024-25**

1. **कार्य की विस्तृत विवरणीः–**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड सतबरवा में पंचायत घुटुवा के ग्राम सोहड़ी एवं पिंडरा के बीच पीपल पेड़ के सामने कोईली नदी पर पुल निर्माण। | 2,26,69,200.00 | 4,53,500.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड हैदरनगर के कुकही पंचायत के कुकही नदी में गोरिआटा छठ घाट के सामने दहपर पुल निर्माण। | 1,72,27,800.00 | 3,44,600.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 3 | पलामू जिला के पाण्डु प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मुसीखाप में धुनिया नाला पर पुल निर्माण। | 3,67,99,200.00 | 7,36,000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **01.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **01.08.2024** से दिनांक **14.08.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **17.08.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू।

PR 330769 (Rural Development) 24-25 (D)

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)**
Email ID - dcpspalamu@gmail.com (Office-06562-299971)

**सूचना**

पलामू जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित NIC, Palamu में अपलोड किये गये सूची में किसी प्रकार की टंकण त्रुटि के संबंध में आपत्ति से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक 02.07.2024 संध्या 05:00 बजे तक जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू के कार्यालय में लिखित रूप में साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराने से सूचना प्रकाशित की गई थी। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थी के द्वारा दिये गये आवेदनों में दावा/आपत्ति में सुधार के पश्चात् जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित रिक्त पदों पर प्रारंम्भिक मेघा सूची NIC, Palamu में अपलोड किया गया है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू।

PR.NO.330881 District(24-25):D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

आवश्यक सूचना
विज्ञापन संख्या–01/2024
गढ़वा जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन
(आवेदन करने की अंतिम तिथि– 10.08.2024)

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P (S) No-4362/2022 भगवान महतो– बनाम् झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश, W.P (S) No-960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम् झारखण्ड राज्य में दिनांक–23.07.2018 को पारित आदेश, W.P (S) No-3040/2020 में दिनांक–19.01.2021 को पारित आदेश एवं W.P (S) No-2032/2020 में दिनांक– 23.11.2020 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–2032, दिनांक–07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या– 4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के पत्र संख्या–अ0स0प0 संख्या–17/कोर्ट केस– 10/2019 522, दिनांक–29.01.2020 के द्वारा प्राप्त निर्देश तथा सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्र सं0–3910/दिनांक–27.06.2024 निदेश के आलोक में गढ़वा जिला में ग्रामीण चौकीदार के कुल–94 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| आरक्षण कोटि | कुल रिक्ति |
|---|---|
| अनुसूचित जाति– | शून्य |
| अनुसूचित जनजाति– | 39 |
| पिछड़ा वर्ग– | 14 |
| अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– | शून्य |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– | 06 |
| अनारक्षित– | 35 |
| कुल– | 94 |

उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि– 10.08.2024 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय, जिला सामान्य शाखा (नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा सं0 131) में निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात् आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदन करने एवं नियुक्ति संबंधी विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के Website www.garhwa .nic.in पर देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को Download किया जा सकता है।

ह0/–
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा
–सह–अध्यक्ष, नियुक्ति समिति, गढ़वा।

PR.NO.330860 District(24-25):D

**OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMAU**

Date:- 26.07.2024.

2nd Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Palamau

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services (transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water; or postal telegraph or telephone service; or supply of power, light or water to the public by any establishment; or system of public conservancy or sanitation; or service in hospital or dispensary; or insurance service; or banking service; or education or educational institutions; or housing and real estate services) for filling up the post of Member, PLA of Palamau.

Number of Post:- 01. (One)

Entitlement:- Sitting fee of Rs. 2,000/- per sitting and Rs. 5,000/- conveyance allowance per month.

Period of appointment:- The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty-five years whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs. 42/- each)** with the application.

Last Date of application: Application addressed to the **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau, PIN- 822101** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by ***21.08.2024 by 05.00 P.M.***

The notice and format of application form are available on the official website of the Civil Courts, Palamau i.e. https://palamu.dcourts.gov.in/ as well as on the Notice Board of D.L.S.A, Palamau.

**Principal District Judge**
**-cum- Chairman, DLSA, Palamau**

**Application for the post of Member, PLA Palamau**

Photo

| | |
|---|---|
| Name of the Applicant | |
| Father's Name | |
| DOB and Age | |
| Address with PIN code. | |
| Contact No. | |
| Email Address | |
| Educational Qualification*enclose copies of educational qualification | |
| Experience, work profile certificate, if any.*enclose copies of experience certificate | |
| Whether convicted in any criminal or any criminal case pending against the candidate (Yes/No) | |

**DECLARATION**

I..............................................................hereby declare that all the contents mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be canceled.

**Date and Place** **Signature of applicant and Mobile No.**

PR.NO.330853 District(24-25):D

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ निष्पादन

- जनता दरबार में कुल 42 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

निज संवाददाता

**नवादा।** आशुतोष कुमार जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जनता दरबार में कुल 42 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, आपूर्ति, विद्युत, भूमि विवाद, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आपदा, राशन कार्ड आदि से संबंधित मामले आए। दरबार में प्रखंड अकबरपुर, थाना-नेमदारगंज, पो0-फरहा, ग्राम-मस्तानगंज के मिश्री मिस्त्री, थाना-नवादा, नारदीगंज रोड, गढ़ पर के मणिहर्ष भारद्वाज, स्पष्टीकरण से मुक्ति के लिए आवेदन, थाना-मुफस्सिल, ग्राम अमौनी के छोटे यादव, अंचल-अकबरपुर, थाना-नेमदारगंज, ग्राम-फरहा के राजेन्द्र महतो, पंचायत-गोविंद विगहा, ग्राम-चंडीपुर के पुतली देवी, प्रखंड-नवादा, पोस्ट-खलसा ढ़िवरी, ग्राम-पछियाडीह के रघुनंदन मांझी, थाना-हिसुआ, ग्राम-बागी बरडीहा के फुल कुमारी उर्फ फुलवा देवी द्वारा अपने-अपने शिकायतों से संबंधित आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों से बात कर तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया गया एवं कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों के पास जांच कर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया। जनता दरबार में चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्ता, राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, धीरज कुमार निदेशक डीआरडीए, प्रतिभा कुमारी कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## 10 अगस्त से फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सर्वजन दवा सेवन की होगी शुरूआत

निजसंवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के आदेश के आलोक में सिविल सर्जन, नीता अग्रवाल ने बताया कि फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम हेतु सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को दिनांक 10 अगस्त 2024 से नवादा जिला में शुरू किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान डीए (ड्रग एडमीनिस्ट्रेटर) घर-घर जाकर 02 वर्ष से उपर सभी लाभुको को जिसमें (गर्भवती महिला, दो वर्ष से कम आयु एवं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर) अल्वेण्डाजोल एवं डीईसी की दवा खिलाती है। प्रायः देखा गया है कि जानकारी तथा जागरुकता के अभाव में सभी व्यक्ति दवा का सेवन नहीं करते हैं जिसके कारण हम अपने फाईलेरिया उन्मूलन लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। बिहार सरकार फाईलेरिया उन्मूलन के लिए कृत्य संकल्पित है एवं इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है। सिविल सर्जन ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, विकास मित्र, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, कारा चिकित्सा सेवा, गृह विभाग, कारा, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, मध्याह्न भोजन, मनरेगा, जीविका, वार्ड पार्षद, एनसीसी, नेहरू युवा केन्द्र/एनएसएस, ईमारत शरिया का सहयोग अपेक्षित है। सिविल सर्जन द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इस अभियान में शिक्षक अल्वेण्डाजोल एव डी0ई0सी0 की दवा के सेवन हेतु स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे ताकि कोई भी इस दवा के सेवन से वंचित न रहे। जागरूकता के लिए रैली का आयोजन करेंगे।

## दो भाइयों पर तेजधार हथियार से किया जानलेवा वार, रेफर



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के सोहदा गांव के दो भाई ढ़ाब स्थित अपनी बहन के घर हो रहे विवाद को सुलझाने गए थे।इसी बीच बहन के ससुर एवं देवर ने दोनों भाइयों पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाई लहूलुहान हो गए। घटना को लेकर डायल 112 की टीम को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। सूचना पाकर डायल 112 की टीम सिरदला थाना क्षेत्र के ढ़ाब गांव पहुंची एवं घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. शिवपुरारी ने बताया कि घायलों पर तेजधार वाली हथियार से हमला किया गया है। जिसके कारण एक व्यक्ति की स्थिति गम्भीर है।वहीं दूसरा व्यक्ति के हाथ में गहरा जख्म है। चिकित्सक ने कहा कि घायलों की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव निवासी सरजू चौधरी के पुत्र पिन्टू कुमार एवं रंजीत कुमार के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। वहीं घायलों की मां का रो-रो कर बुरा हाल था।परिजनों ने बताया कि वे अपनी बेटी की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व मुसाफिर चौधरी के बेटे दिनेश चौधरी से की थी। दामाद दिनेश चौधरी रजौली के एक सायबर कैफे में काम करता है।

## डॉ. दिलीप जायसवाल को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी, बिहार में निखरेगी भाजपा

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य,पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष, सिक्किम के प्रभारी, एवं बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल को भाजपा बिहार प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें हृदयतल बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी कार्यकर्ताओं ने हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि दिलीप जायसवाल के कुशल नेतृत्व में बिहार में भाजपा नये आयाम लिखेगी।भाजपा नेता रंजय कुमार सिंह ने बताया कि डॉ. दिलीप जायसवाल कुशल, मृदभाषी, मिलनसार और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता हैं। ये लगातार 20 वर्षो तक पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वाहन किए हैं। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र-23 पूर्णिया-अररिया-किशनगंज विधान परिषद सीट से डॉ. दिलीप जायसवाल लगातार तीसरी बार विधान परिषद सदस्य बने हैं। पार्टी ने इन्हें सिक्किम का प्रभारी भी बनाया है। साथ ही कहा कि खगड़िया जिले के रहने वाले जायसवाल ने 2005 से 2008 तक बिहार राज्य भंडारा निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है एवं 2009 में पहली बार एमएलसी चुने गए थे।



## चौदह सूत्री मांगों को लेकर 30 को भाकपा का धरना

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** महंगाई, खेत मजदूरों के लिए ब्यापक केंद्रीय कानून बनाने समेत चौदह सूत्री मांगों को लेकर माकपा खेत मजदूर यूनियन नरहट इकाई द्वारा 30 जुलाई मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय नरहट के समक्ष एक दिवसीय धरना देगी। यह जानकारी पार्टी से जुड़े नेता गोविंद प्रसाद ने दिया। उन्होंने तमाम किसानों, मजदूरों, छात्र, नवजवानों, दुकानदारों, बुद्धिजीवियों से आग्रह करते हैं कि तन मन धन से सहयोग कर हमारी एकता को मजबूत करें एवं भारी संख्या में पहुच कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## दो यात्री बसों से विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जनकजी चौकी पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार एवं एएसआई अंकित कुमार ने झारखण्ड से बिहार जाने वाली दो बसों से कुल 11 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया।वहीं एक बस में तस्कर की शिनाख्त नहीं हो सकी, जबकि दूसरे बस से जब्त शराब में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की ओर से आ रही श्रीगोविन्द ट्रेवल्स नामक यात्री बस संख्या बीआर02ए4786 की जांच उत्पाद एएसआई राकेश कुमार के द्वारा किया जा रहा था। जांच के क्रम में बस के पिछले सीट पर रखे एक लाल रंग के बैग से ब्लंडर्स प्राइड के 750 एमएल के 7 बोतल बरामद किया गया। काफी जांच पड़ताल के बाद भी तस्कर का कोई अतापता नहीं चल सका। उन्होंने कहा कि जब्त शराब को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं बदल बस संख्या बीआर01पीए2976 की जांच उत्पाद एएसआई अंकित कुमार के द्वारा किया जा रहा था। जांच के क्रम में एक युवक के बैग से मैजिक मोमेंट्स के 375 एमएल के चार बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में पडरौन गांव निवासी विश्वमोहन कुमार के पुत्र चन्दन कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब पीकर बिहार आनेवाले 8 लोगों को भी हिरासत में लिया गया।सभी लोगों को ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर सभी लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि हुई है। शराबियों को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## कांस्य पदक विजेता को किया गया सम्मानित्र




निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में 13वीं नेशनल जूनियर और सब-जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेंगलुरु 2024 के अंदर-19 डिस्कस थ्रो इवेंट तथा 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रहे उग्रवाद प्रभावित कौआकोल थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती सोखोदेवरा गांव निवासी धीरज कुमार एवं लोहा काटने और मोड़ने की मशीन बनाने में राष्ट्रपति भवन में सम्मानित हुए इसी गांव के निवासी जालेन्द्र विश्वकर्मा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार एवं ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से फूल माला पहनाकर एवं मेमोंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि दोनों युवाओं ने अपने अपने क्षेत्र में परचम लहराकर कौआकोल प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। मौके पर धीरज कुमार के कोच कुंदन कुमार पांडेय, लक्ष्य खेल एकेडमी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, पूर्वी जिप सदस्य अजित यादव, पश्चिमी जिप सदस्य नीतीश राज, कौआकोल के उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार उर्फ मंटू यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह समाजसेवी विनय मेहता, स्थानीय सरपंच गोपाल रजक समेत कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वैज्ञानिक एवं ग्राम निर्माण मंडल के कर्मी मौजूद थे।

## 14.5 लीटर देशी शराब बरामद

**नरहट (नवादा) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के बनियाबिगहा गांव के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर बीते रात्रि पुलिस ने छापेमारी कर दो बाईक पर लदा 114.5 लीटर अवैध देशी शराब को बरामद किया है। शराब तस्कर पुलिस को देख बाइक छोड़ कर फरार हो गया। दोनों बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नरहट चांदनी चौक के रास्ते दो बाइक पर शराब तस्कर शराब लेकर बनियाबिगहा नदी किनारे से गोवासा की तरफ जा रहा है। पुलिस ने दोनों बाइक और शराब को जब्त कर थाना लाया। इस मामले में नरहट थाना कांड संख्या 263/24 दिनांक 26 जुलाई 24 धारा 30 ए बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम विरुद्ध अज्ञात 6 पर कांड दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली की आंख मिचौली से लोगों को बढ़ी परेशानी



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** अचानक मौसम ने अपना मिजाज थोड़ा सा बदल दिया है, भगवान भास्कर भी कभी कभी बादल की ओट में छिप जा रहे हैं, शाम को ठंडी हवाएं चलने से राहत मिली, बावजूद शुक्रवार को भी गर्मी की तपिश बढ़ी रही। भगवान भास्कर अपनी गर्मी से लोगों को झुलसा रहे हैं। तीखी धूप है, घरों में भी लोगों को परेशानी से राहत नहीं मिल रहा है। ऐसा बिजली की आंख मिचौली होने से हो रहा है। बिजली रानी कब आएगी, और कब चली जायेगी। फिलहाल यह भी कहना मुश्किल हो रहा है। गर्मी से बचाव के लिए घरों के अंदर लोग पंखा, कूलर का सहारा ले रहे थे। लेकिन आये दिन घंटो बिजली काट दी जा रही है। नियमित बिजली नहीं मिलने पर परेशानी बढ़ी हुई है। उपभोक्ताओं में पसई निवासी किसान कृष्ण कुमार कहते हैं कि खेती बारी का समय है, ऐसे में बिजली सही तरीके से नहीं मिलना काफी दुःखद है। दुकानदार बैजू कुमार कहते हैं कि एक ओर भीषण गर्मी से लोग संकट झेल रहे है, और बिजली निर्बाध नहीं मिलने से दुकान में रहना भी दिक्कतें महसूस होता है। छात्रा सलोनी कुमारी कहती है कि बिजली कब आएगी, कब चली जायेगी। गर्मी में बिजली सही तरीके से मिलने से पढ़ाई करने में मुश्किलें खड़ी हो जाती है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों ने निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग किया है। इधर, बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह कहते हैं कि गर्मी के वजह से अत्यधिक लोड है, और दूसरी ओर बिजली जो उपलब्ध कराया जाता है, उस पावर को रखने के लिए इस पावरग्रिड में क्षमता नहीं रहने से उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पाती है। विभाग के माध्यम से उपभोक्ताओं को निर्बाध तरीके से बिजली उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक कदम उठाया जा रहा है। वैसे ग्रामीण इलाके में दस से बारह तो बाजार में 15 से 16 घण्टे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

## पौधारोपण धरती को हरा भरा रखने का लिया संकल्प



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** पौधारोपण महाअभियान के तहत शुक्रवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम ननौरा निवासी छात्र सुमित पांडेय (पूर्व कृषि विज्ञान छात्र) के सौजन्य से हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सुमित पांडेय समेत अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं ने विद्यालय परिसर में 75 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित की। प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक के देखरेख में उपस्थित लोगों ने एक एक पौधा रोपण कर धरती को हरा भरा रखने का संकल्प लिया, कहा कि पौधारोपण कर उसे संरक्षित करना भी जरूरी है। पौधा है, तो जीवन है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करें। मौके पर छात्र दीपक कुमार, मुकेश कुमार, प्रिया कुमारी, सुमन कुमारी, कुसुम कुमारी, नीरज पांडेय, वरुण कुमार समेत अन्य छात्र व छात्राएं ने पौधारोपण में सहभागिता दिखाई। इस दौरान वरीय शिक्षक कृष्ण कांत ईचा गुड्डू, नीरज कुमार, धनन्जय कुमार, मो. परवेज आलम, रूपेश कुमार, पप्पू कुमार समेत अन्य ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की बात कही।

## दिलीप जायसवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी गई बधाई

**नवादा (पकरीबरावां) (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पर विधान परिषद सदस्य दिलीप जायसवाल को नियुक्त किए जाने से भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है इनके अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता समरजीत कुमार ने खुशी का इजहार करते हुए नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए इनके कार्यकाल का उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## बालू को लेकर अपराधियों ने मुखिया पति को उठाया

निज संवाददाता

**नवादा।** बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की हत्या से जुड़ी खबरें निकल कर सामने आती रहती है। इसी कड़ी में नालंदा जिले से अपहरण कर नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में लाकर अधेड की हत्या का कर शव को सड़क पर फेंक दिया। मुखिया पति की निर्मम हत्या कर दी गई है। इस हत्या के बाद मुखिया पति का शव सड़क किनारे फेंक दिया गया था। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। वारसलीगंज थानाक्षेत्र के टाटी मिरबिगहा गांव के समीप देर रात एक शव बरामद किया गया है। शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया था। इसके बाद शव की जब पहचान की गई तो यह मुखिया पति थे। इस घटना के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। उसके बाद इस घटना की सुचना ग्रामीणों को दी गई। मृतक की पहचान नालंदा जिला के गिरियक प्रखंड के सतौआ पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति बलबीर यादव उर्फ बालो यादव के रूप में हुई है। दर्दनाक तरीके से पीटकर उसकी हत्या की गई है।परिजनों के अनुसार बालू को लेकर उनकी हत्या की गई है। जिसके पीछे सतौआ के ही रहने वाले गोरेलाल यादव और उनके पुत्र नीतीश कुमार ने ही उनकी हत्या कराई है। मृतक के भाई ने कहा कि आज शाम 7 बजे के बाद उनके भाई को आदमपुर हाई स्कूल के पास से दो वाहनों से उठा लिया गया। जबतक वो उन्हें बचाने के लिए पहुंचे अपराधी वाहन लेकर उसे कतरीसराय रोड में लेकर फरार हो गए। इसकी जानकारी उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस की टीम ने भी अपराधियों का पीछा किया मगर चकमा देककर अपराधी फरार हो गए। उसके बाद देर रात खबर आई कि वारसलीगंज पकरीबरावां रोड में उनका शव फेंक कर अपराधी फरार हो गए। वही घटना के बाद एफएसएल की टीम मौके पर पहुँचकर जरूरी साक्ष्यों को इकट्ठा किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## रजौली में पांच तालाब का हुआ निर्माण

- प्रत्येक तालाब हेतु लगभग 9 लाख रुपये की राशि से रजौली प्रखण्ड में भी 5 तालाब का निर्माण मनरेगा के मजदूरों की सहायता से किया गया।
- तालाबों के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाना, बैठने के लिए सीढ़ीनुमा संरचना एवं लाइट की व्यवस्था कर आदर्श तालाब के रूप में 15 अगस्त तक विकसित नहीं किया जा सका है।



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** भूमिगत जल की गिरावट को देखते हुए केन्द्र सरकार लगातार कदम उठा रही है, ताकि देश में जल संरक्षण को बल मिले। साथ ही किसानों को खेत पटवन में सुविधा मिले। इसके लिए अमृत सरोवर योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक जिलों में 75 तालाब का निर्माण किया जाना सुनिश्चित था। इसके तहत प्रत्येक तालाब हेतु लगभग 9 लाख रुपये की राशि से रजौली प्रखण्ड में भी 5 तालाब का निर्माण मनरेगा के मजदूरों की सहायता से किया गया। जबकि इन तालाबों के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाना, बैठने के लिए सीढ़ीनुमा संरचना एवं लाइट की व्यवस्था कर आदर्श तालाब के रूप में 15 अगस्त तक विकसित नहीं किया जा सका है। अमृत सरोवर योजना के तहत रजौली पूर्वी पंचायत में एक, फरका बुजुर्ग पंचायत में एक, सवैयाटांड़ पंचायत में एक एवं धमनी पंचायत में दो तालाब का निर्माण किया गया है। रजौली पूर्वी ग्राम पंचायत के मुखिया संजय यादव ने बताया कि उनके पंचायत में अमृत सरोवर योजना के तहत एक तालाब का निर्माण करवाया गया है। साथ ही तालाब के पास झंडोतोलन के लिए चबूतरा एवं लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बीते 15 अगस्त 2023 एवं 26 जनवरी 2024 को झंडोत्तोलन भी किया गया था। वहीं फरका बुजुर्ग पंचायत, सवैयाटांड़ एवं धमनी ग्राम पंचायत में अब तालाब का निर्माण कार्य हो चुका है। जानकारी लेने पर कुछ पंचायतों के पीआरएस ने बताया कि योजना में सिर्फ तालाब निर्माण एवं झंडोत्तोलन के लिए ही चबूतरा निर्माण की राशि का आवंटन हुआ था। वहीं तालाब के किनारे पेड़-पौधे, ग्रामीणों के बैठने के लिए सीढ़ीनुमा सरंचना एवं लाइट की व्यवस्था कहीं भी देखने को नहीं मिली।

File No. 19-7/2006-IA-III(98800)
Government of India
Ministry of Environment, Forest & Climate Change

Filling up of the post of Director in National Centre for Sustainable Coastal Management, Chennai on Deputation (including Short Term contract) basis

Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC) invites applications for the post of Director in National Centre for Sustainable Coastal Management, Chennai- a Registered Society on Deputation (including Short Term Contract) basis in the scale of pay of Rs.1,44,200/- 2,18,200/- (Level 14).

Maximum age limit is 58 years as on the last date of application

2. For the details regarding eligibility, job responsibilities and, prescribed format for submitting applications, please visit this Ministry's website www.moef.gov.in Or www.ncscm.res.in.

3. Application should reach within 45 days from the date of publication of the vacancy circular in the Employment News to the following address

Director
Sustainable Coastal Management Division
1st Floor, Agni Wing
Ministry of Environment, Forest & Climate Change Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bag
New Delhi-110003

CBC-13101/ 11/0004/2425

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा आमंत्रण सूचना ऑन लाईन (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचाई, सी०पी०डबलु०डी, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है।

**निविदा सूचना संख्या: गतिशक्ति/ई–टेन्डर/08/ओपन/ दानापुर/2024–25**

**क्रमांक 1, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** पटना जंक्शन पर हार्डिग पार्क क्षेत्र में 5 नग टर्मिनल प्लेटफॉर्म का प्रावधान। **2. अनुमानित निविदा राशि:** 56,35,77,460.76/–, **3. बयाना की राशि :** 29,67,900/–

**4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 20.08.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।

**5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना :** 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट **CRIS website: http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से सबंधित यदि कोई भी संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा, बल्कि वेव–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा।
3. संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/00762/डीएनआरजीएस/ईएनजीजी/टी/24–25/52

## एक नजर

### राकेश कुमार कर्ण बने डेहरी रेलवे एडीईन पुराने पदाधिकारी की लोगों ने किया विदाई

**डेहरी ऑन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा अधिकारी व सहायक मंडल अभियंता डेहरी सुमन कुमार का स्थानांतरण पदोन्नति के साथ धनबाद मंडल में हो गयी। उनके पद पर राकेश कुमार कर्ण डेहरी के नये सहायक मंडल अभियंता नये एडीईन प्रभार ग्रहण किए। दोनों पदाधिकारी को एक साथ सम्मान देते हुए पुराने पदाधिकारी का विदाई करने का कार्यक्रम रेल कर्मियों द्वारा बनाया गया है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने हमारे वरिष्ठ पत्रकार वारिस अली को बताया कि सुमन कुमार ने 14 अक्टूबर 2020 को डेहरी में योगदान दिया था। योगदान के बाद कठिन समझे जाने वाले अनेकों रेल परियोजना को सफलतापूर्वक संपन्न करायी जिसके लिए उन्हें जीएम आवार्ड भी मिला। कोरोनावायरस से बचाव, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं हर घर तिरंगा जैसे जागरूकता अभियान चलाकर भी काफी शोहरत बटोरी। कठिन परिश्रम और सटीक कार्य योजना तथा बेहतरीन समन्वय के बल पर कुम्हुअ-शिवसागर स्टेशन के बीच 120 वर्ष पुराने ब्रिटिश कालीन लघु रेल पुल के जर्जर होने पर उसे हटाकर नया रेल पुल का निर्माण मात्र 6 घंटे में कर कीर्तिमान स्थापित किया जहां से ईस्ट इंडिया रेलवे कंपनी की ईंट भी मिली थी, जिसकी खूब चर्चाएं हुई थी और लोग रेलवे के इस कार्य को खूब सराहा था। दूसरी तरफ पानी में डूबते सासाराम रेल कॉलोनी और स्टेशन तथा औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का कायाकल्प सहित डेहरी स्टेशन का सौंदर्यीकरण एवं स्टेशन पर उपलब्ध अनेकों सुविधाएं इनके सोच का ही प्रतिफल है।

### गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में ऑनलाइन सेमिनारः पूंजी बाजार और अर्थव्यवस्था

**रोहतास (सासाराम) (नि. सं.)।** जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय में आज ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय 'पूंजी बाजार और आज की अर्थव्यवस्था' में इसके महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित था। सेमिनार में नेशनल सिक्योरिटी डिपाजिटरी लिमिटेड से विषय विशेषज्ञ प्रवक्ता ने छात्रों को वित्तीय निर्भरता के लिए निवेश ढांचे, धन बनाने की कला और शेयर बाजारों में उपलब्ध करियर के अवसरों जैसे विषयों पर जानकारी साझा किया। सेमिनार का संचालन फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने किया जिसमे फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के डीन प्रो डॉ. विवेक शर्मा, फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय से प्रो. डॉ. रजनीश रत्ना, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ सौरभ सिंघा रॉय, डॉ. अमित रंजन, डॉ दिलीप कुमार, डॉ. इंद्रनील सरकार, निखिल निशांत पम्मी कुमारी, राजीव रंजन, खेयाली रोय, शौर्य प्रकाश एवं एम बी ए के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन भाग लिया।

### निधन पर शोक व्यक्त किया

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन का गुरुवार की शाम निधन हो गया है। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रखण्ड के जदयू परिवार ने शोक व्यक्त किया है। बताया जाता है कि जदयू के नेता और पूर्व विधायक राजीव रंजन की गुरुवार की शाम को तबियत बिगड़ी थी और उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार ने कहा कि राजीव रंजन एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। बिहार की राजनीति में उनके देहावसान से अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान उनकी आत्मा को शांति और परिवार तथा प्रियजन को धैर्य दें। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जदयू वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह, महेश चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी आदि शामिल हैं।

---

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पैक्स एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष अथवा प्रतिनिधि को स्पष्ट निर्देश

# आपूर्ति सुनिश्चित नहीं करने वालो पर होगी प्राथमिकी

- सिंह राइस मिल के प्रोपराइटर को कड़ी चेतावनी दी गई तथा जिला प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि ऐसे राइस मिलर को चिन्हित करें तथा ब्लैकलिस्टेड करें जो समिति से धान अग्रिम प्राप्त करने के बाद भी सीएमआर आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा बैठक डीआरडीए सभागार में की गई थी। जिसमें पांच लॉट या उससे अधिक आपूर्ति हेतु अवशेष सीएमआर वाले समितियां के पदधारी को बुलाया गया था। समिति के पदधारी के साथ-साथ संबंधित मिलर एवं संबंधित प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को भी समीक्षात्मक बैठक में बुलाया गया था। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पैक्स एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष अथवा प्रतिनिधि को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि 10 लॉट से ऊपर अवशेष सीएमआर वाले समिति 30 जुलाई तक शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति करेंगे, 5 और 10 लॉट के बीच वाले समिति अगले 29 जुलाई तक तथा उससे कम वाले दो दिनों के अंदर 100% सीएमआर आपूर्ति करेंगे। अर्थात् एक से दो लॉट तक के समिति या उससे कम वाले दो दिनों के अंदर शत प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति करेंगे। समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित पाए गए सिंह राइस मिल के प्रोपराइटर को कड़ी चेतावनी दी गई तथा जिला प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि ऐसे राइस मिलर को चिन्हित करें तथा ब्लैकलिस्टेड करें जो समिति से धान अग्रिम प्राप्त करने के बाद भी सीएमआर आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में 30 जुलाई तक 100% सीएमआर आपूर्ति करना सुनिश्चित कराएंगे। शत प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति नहीं कराने वाले समिति 31 जुलाई को भौतिक सत्यापन करते हुए अनियमितता पाए जाने वाले समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक के साथ साथ पूरे प्रबंधकारिणी के सदस्यों को के विरुद्ध सरचार्ज, अवार्ड निलामवाद सहित प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित कराएंगे। सभी संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रत्येक दिन सभी संबंधित समिति में भ्रमण करेंगे साथ ही साथ सीएमआर आपूर्ति हेतु मिलर तथा एसएफसी के साथ कोऑर्डिनेशन बनाते हुए सीएमआर आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी नयन प्रकाश, प्रबंध निदेशक अरविन्द कुमार पासवान एवं जिला प्रबंधक उदय प्रसाद के साथ-साथ गोपनीय प्रभारी अभिषेक कुमार तथा महाप्रबंधक उद्योग आशीष कुमार उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के दूसरे चरण की हुई शुरुआत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था बेहतर करने एवं बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार सरकार के परिवहन विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। विभागीय निर्देश के आलोक में आगामी 1 अगस्त से 25 अगस्त तक प्रखंडवार आवेदन लिए जाएंगे तथा वरीयता सूची के आधार पर डीएम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लाभुकों का अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। बता दें कि चयनित लाभुक बस क्रय करने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन करेंगे और लाभुकों को अनुदान की राशि सात दिनों के अंदर सीएफएमएस के माध्यम से सीधे खाते में भेजी जाएगी। इस संदर्भ में डीटीओ रामबाबू ने बताया कि बिहार सरकार के परिवहन विभाग के निर्देश पर मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिले में दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले के वैसे बेरोजगार युवक जो रोजगार के उद्देश्य से वाहन खरीद की इच्छा रखते हैं, वे मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत चयनित लाभुकों को वाहन खरीद पर पांच लाख रुपए तक का अनुदान राशि दिया जाएगा। जिससे वे खुद को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड को छोड़कर शेष सभी प्रखंडों में इस योजना का लाभ दिया जाएगा तथा प्रति प्रखंड अतिकतम सात लाभुकों को बस के क्रय पर अनुदान मिलेगा। जिसमें 2 अनुसूचित जाति, 2 अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 1 पिछड़ा वर्ग, 1 अल्पसंख्यक समुदाय एवं एक सामान्य वर्ग के आवेदक शामिल होंगे। डीटीओ ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन एवं आमजनों के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर वाहन मेले का भी आयोजन होगा।

# 40 स्कूल के शिक्षकों का जुलाई माह का वेतन बंद करने का लिखा पत्र, बच्चों का नहीं बन रहा जन्म प्रमाण-पत्र

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** सरकार के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर वर्ग एक से 12 तक के छात्रों का नमांकन शत प्रतिशत दर्ज नहीं किए जाने के अभाव में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड के 40 विद्यालय के शिक्षकों का जुलाई माह का वेतन बंद करने का आदेश जारी किया है। जिसे ले शिक्षकों में खलबली मचा हुआ है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिनांक 16 जुलाई 2024 को पत्रांक संख्या 1967 के माध्यम से जिले के सभी विभागीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए पत्र में कहा है कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में इ शिक्षा कोष पोर्टल पर अध्यनरत वर्ग एक से 12 तक के बच्चों का स्टूडेंट प्रोफाइल आंकड़ा सत प्रतिशत प्रविष्टि 30 जून 2024 तक नहीं की गई है जिसके लिए पूर्व में कार्यालय आदेश जारी किए गए थे। जिस कारण स्कूल में नामांकित बच्चों को सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं यथा पोशाक, छात्रवृत्ति, साइकिल एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने में कठिनाई उत्पन्न हुई है। स्टूडेंट प्रोफाइल के अभाव में बच्चे सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैंजो स्कूल के प्रधानाध्यापक व वर्ग शिक्षक की लापरवाही माना गया है। ऐसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक व वर्ग शिक्षक के जुलाई माह के वेतन पर रोक लगा दी गई है। शिक्षकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर कहा कि इ शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों का स्टूडेंट प्रोफाइल अपलोड करने के लिए आधार कार्ड होना अनिवार्य है।काफी संख्या में छात्रों का अभी तक अधार कार्ड नहीं बन पाया है। आधार कार्ड बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। विगत कई माह से छात्रों का जन्म प्रमाण पत्र प्रखंड कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। जिस कारण ऐसी स्थिति उत्पन हो गई है। इस सम्बन्ध में बीडीओ अजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कल्याण पदाधिकारी के अभाव में बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफर के उपरांत सरकार ने उक्त पद पर जिस पदाधिकारी को नियुक्त किया है, वे काफी दिनों से प्रभार नहीं ज्वाइन कर रहे हैं। इस विषय को पत्र के माध्यम से जिला कार्यालय को सूचित कर दिया गया है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी आम लोगों की फरियाद

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर कुमार भी उपस्थित थे। जनता दरबार में कुल 43 फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने हर फरियादी की समस्या को बारीकी से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारी को समस्याओं के त्वरित कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।ज्यादातर फरियादी जमीन संबंधी मामलों की शिकायत लेकर पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों को तथा दूरभाष के माध्यम से संबंधित प्रखंडों के सर्किल ऑफिसर व अन्य पदाधिकारियों को जमीन संबंधी मामलों के त्वरित निपटान करने का निर्देश दिया। चेनारी ब्लॉक अंतर्गत टेकारी गांव की निवासी फूलमती देवी के पति की मृत्यु होने के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने, विधवा पेंशन शुरू करने तथा ससुराल वालों के द्वारा मारपीट और घर से निकल जाने की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची थी। जिलाधिकारी ने एडीएसस और चेनारी के बीडीओ को बुलाकर इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र और विधवा पेंशन शुरू करवाने का निर्देश दिया। कोचस प्रखंड अंतर्गत चिताऊं पंचायत के सौरठी गांव की फरियादी सावित्री देवी अपने बेटे की जाति एवं निवास प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने को लेकर शिकायत लेकर पहुंची थी। उनके बेटे का डायलिसिस चल रहा है और उन्हें पीजीआई में इलाज करने के लिए जाति व निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने कोचस के सीओ को निर्देश दिया कि इसे गंभीरता पूर्वक देखते हुए जल्द से जल्द फरियादी को प्रमाण पत्र जारी किया जाए ताकि उनका इलाज आसानी से हो सके।

# बीडीओ कार्यालय के समक्ष यूनियन का विशाल प्रदर्शन

- सीसीटीवी फुटेज की मदद से तस्कर की तलाश जारी
- यात्रियों के बीच चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




निज संवाददाता

**करगहर/रोहतास।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को अंचल कार्यालय सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के समझ खेत-मजदूर यूनियन का विशाल प्रदर्शन किया गया। जहां विभिन्न समस्याओं को लेकर जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, 5000 रुपया महीना दिलाने के लिए, करगहर से पटना के लिए पथ परिवहन बस चलाने के लिए, करगहर बाजार का विद्युत फीडर अलग कर तत्काल चालू कराने के लिए, स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ, करगहर बाजार में लगे हुए हाई मास्क लाइट का विद्युत कनेक्शन प्रशासन द्वारा जुड़वा कर तत्काल चालू कराने के लिए, पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार में कटौती के खिलाफ, बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए भूमिहीनों को उजाड़ने के खिलाफ, महंगाई, बेरोजगारी एवं बढ़ते हुए अपराध के खिलाफ, किसानों के खेती की सिंचाई के लिए नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए, करगहर फुली पथ एवं करगहर बड़हरी पथ का पुनर्निर्माण कराने के लिए, सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन दिलाने के लिए, सभी गरीबों का राशन कार्ड बनवाने के लिए, मनरेगा मजदूरों को 200 दिन प्रति वर्ष काम दिलवाने के लिए विभिन्न जन समस्याओं को लेकर खेत मजदूर यूनियन करगहर द्वारा अंचल कार्यालय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व खेत मजदूर यूनियन के नेता श्री राम राय ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से करगहर अंचल मंत्री सह करगहर विधानसभा के पूर्व सीपीआई प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, राम भरत राम, रवि शंकर पासवान, रामचंद्र राम, जगनारायण गुप्ता, फेकू सेठ, राम सुरेश बैठा, धनंजय पांडे, जयप्रकाश गुप्ता, जंग बहादुर पासवान, विश्वनाथ पासी, सिकंदर राम, राजवंश पासवान, लक्ष्मण पासवान, चंद्रमा राम, नमू राम, साहबजान अंसारी, कृष्ण बिहारी पासवान, राम आशीष शर्मा, वृंद कुमार सिंह, जितेंद्र राम, पिंटू राम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# संझौली प्रखंड कार्यालय में शुक्रवारीय जनता दरबार का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

**संझौली (रोहतास)।** संझौली प्रखंड के सभागार में शुक्रवार की नए बीडीओ प्रभा कुमारी व सीओ किशोर पासवान के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवारीय प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। जनता दरबार में आवास, जन्म मृत्यु, राशन कार्ड व भूमि से संबंधित कई लोग आवेदन लेकर पहुचे, जहां पर उपस्थित कर्मियों द्वारा सर्वप्रथम उनका सूचीबद्ध किया गया। बीडीओ प्रभा कुमारी ने बताया कि जनता दरबार में खैरा भूतहां चांदी इंग्लिश से मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दो, आवास के लिए एक,संझौली से आवास के लिए एक, मसोना से भूमि से संबंधित एनओसी के लिए एक,करमैनी से रासन कार्ड के लिए एक व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए दो कुल आठ आवेदन आए है। प्राप्त हुए सभी आवेदन का सूचीबद्ध करते हुए संबंधित विभाग को जांच करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन के लिए उसे प्रेषित किया जाएगा। इस मौके पर सीडीपीओ सुषमा भालेरिया टोपो, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षीका ज्योति कुमारी, बीसीओ मनोज कुमार, ब्लॉक नाजिर आशीष चौबे, पंचायत सचिव रंजीत कुमार, बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेंद्र सिंह, अंबिका चंद्रवंशी, राकेश तांतो, शंभू चौधरी, विदेशी तांतो, रामचंद्र साह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# बिजली चोरी को लेकर 4 पर जुर्माना

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड-संझौली के विभिन्न गावों मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम-पखनहिया के बिनोद कुमार सिंह पर 28739, ग्राम-मसोना के कामेश्वर सिंह पर 23666, ग्राम-बसौरा के नन्दलाल सिंह पर 13519 तथा ग्राम-मथुरापुर के रवि रंजन कुमार पर 19750 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार कटिंग करके मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग की जा रही थी। जिसके के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

# बीडीओ ने जन प्रतिनिधियों व कर्मियों के साथ बैठक

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** गांव के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए बीडीओ रविराज ने कार्यालय सभागार में शुक्रवार को सभी ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखापाल सह आईटी सहायक व स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा किया। बैठक के दौरान गांवों की सड़क पर माल डिस्ट्रॉय कर गंदगी फैलाने, आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में तेजी लाने एवं कचरा प्रबंधन के लिए डब्लूपीओ भवन निर्माण की धीमी गति समेत विकास संबंधी कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बीडीओ ने बताया कि सभी गांव में अधिकतम लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया है। जिसके लिए सभी पंचायत के मुखिया, ब्लॉक प्रमुख, वार्ड सदस्य व सरकारी राशन दुकान के डीलर से सहयोग कर आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में तेजी लाने का अपील किया गया। सभी घरों में शौचालय राशि भुगतान के बावजूद सड़क पर मल डिस्ट्रॉय कर गंदगी फैलाने गांव को चिन्हित कर दोषियों के विरुद्ध करवाई के लिए उचित रणनीति तैयार करने के लिए लोहिया स्वच्छता मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड अंतर्गत कुल आठ पंचायत में राजपुर, बरना एवं रोतवा पंचायत में डब्लूपीओ भवन का निर्माण पूर्ण है। शेष राजनडिह, मंगरवलिया, पड़रिया, बरांव व सियांवक पंचायत में निर्माणाधीन भवन की धीमी गति के लिए संबंधित जन प्रतिनिधि अथवा संवेदक को निर्देशित गति में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया।

# पूमरे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में 25.07.2024 एवं 26.07.2024 को ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) के पदाधिकारियों के साथ रेल हित, कर्मचारी कल्याण संबंधी कार्यों पर विचार-विमर्श एवं सुझावों के आदान प्रदान हेतु स्थायी वार्ता तंत्र (Permanent Negotiating Machinery-PNM) की वर्ष 2024 की प्रथम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री बी. के. सिंह एवं सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष तथा अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। यूनियन ने सुदूरवर्ती स्टेशनों पर पदस्थापित रेलकर्मियों हेतु आवास, रेल अस्पतालों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता, कैडर उन्नयन, प्रशिक्षण केन्द्रो का उन्नयन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि कर्मचारी हित अति महत्वपूर्ण है एवं रेल प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक ने प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रवैये के लिए कर्मचारी यूनियन के प्रति आभार प्रकट करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि रेलकर्मी के अथक परिश्रम से पूर्व मध्य रेल आने वाले समय में नई ऊंचाई प्राप्त करने में सफल रहेगा। महाप्रबंधक ने कर्मचारी यूनियन के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक एवं त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने रेलकर्मियों के कल्याण व आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था, रेलवे की आय बढ़ाने तथा विकास कार्यो पर विशेष बल दिए जाने की प्रतिबद्धता दुहराई तथा पूर्व मध्य रेल की प्रगति में यूनियन की सहभागिता के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। बैठक में ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष डी.के. पाण्डेय, महामंत्री एस.एन.पी. श्रीवास्तव एवं यूनियन के मुख्यालय एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे तथा अपना मंतव्य रखा।

## सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर (वैशाली) (नि. सं.)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल का परिचालन किया जायेगा।

यह स्पेशल मुजफ्फरपुर से 31 दिसंबर, 2024 तक तथा आनंद विहार से 01 जनवरी, 2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जायेगी। इस स्पेशल में स्लीपर क्लास के 20 कोच होंगे जिनमें से 14 कोच आरक्षित एवं 06 कोच अनारक्षित होंगे।

इस स्पेशल का समय एवं ठहराव का विवरण निम्नानुसार है।

# बिन बारिश किसान परेशान, मुरझाई फसलें सूखे अरमान, सावन में सूखी धरती

निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** मानसून की बेरुखी से किसानों की धड़कन बढ़ गई है। बारिश न होने से किसानों के चेहरे पर अब मायूसी देखने को मिल रही है।सावन महीने का पहला पखवाड़ा शुरू हो चुका है, और आसमान से निकल रही चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के खेतों में दरार फट गई है। लेकिन, अभी तक बारिश नजर नहीं आ रही। मानसून की दगाबाजी से जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी दूर-दूर तक कहीं बारिश की संभावना नहीं दिख रही है। जिसकी वजह से किसानों द्वारा खेतों में रोपे गए धान की फसल मुरझाने लगी है। हालात ये बने हुए है कि कई इलाकों में पानी की कमी के चलते धान के पौधे जलने शुरू हो गए। जिसके वजह से किसानों के अरमान बिन बारिश सूख गए है। जूलाई महिने के शुरू में बरसात होने से धान की रोपाई भी तेजी से की गई। अधिकांश किसानों ने धान की रोपाई करवा दी, लेकिन उसके बाद बारिश ने विराम लगा दिया। बारिश विराम के बाद धान की फसल में पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही। जिसके चलते धान के पौधों में होने वाला फुटाव भी रूक गया।बारिश न होने व मांग के अनुरूप नहरों के अन्तिम छोर तक पर्याप्त पानी न पहुंचने की वजह से किसानों के समक्ष मोटी समस्या बन गई है। बिन बारिश के भूमिगत पानी भी लगातार नीचे गोता लगा रहा है। कई विद्युत (बिजली) मोटर आधा तो कई एक से दो घंटे ही पानी उगल रहे है। ऐसे में किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। उनको अपनी फसल बचाने के लिए मजबूरी में विद्युत मोटर चलाने पड़ रहे है, लेकिन पानी की किल्लत के चलते वो भी ज्यादा पानी नहीं उगल रहे। महीनों से बारिश न होने से क्षेत्र के किसानों की धान की फसल पर संकट छा गया है। जहां फसल को जिंदा रखने के लिए किसानों को काफी मशक्कत से विद्युत बिजली मोटर एवं महंगे दाम पर पंपिंग सेट से काफी मशक्कत कर धान की सिंचाई करनी पड़ रही है। बिजली मोटर और पंपिंग सेट मशीन से धान की सिंचाई करने पर खेत में एक दिन पानी खड़ा होता है, अगले दिन फिर से खेत सूख जाते हैं। टोडा गांव के किसान दिनेश पांडेय कहते हैं कि बारिश के पानी से धान की सिंचाई बेहतर होती है, जिससे फसल में बीमारियों के लगने की संभावना काफी कम हो जाती है और पैदावार भी अच्छी होती है।वहीं परानपुर गांव के किसान लक्ष्मी कान्त दूबे, बशिष्ठ मुन्नी दूबे, श्रीकृष्ण ओझा, बिमलेश दूबे, राम प्रसाद सिंह, भवभूति चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, धनजी दूबे, संतोष चौधरी आदि का कहना है कि गरीब किसानों के लिए पटवन कर खेती करना मुश्किल है। निजी बोरिंग वाले प्रति घंटा दो सौ रुपए पटवन मांग रहे हैं। गरीब किसानों के लिए पटवन का मूल्य चुकाना मुश्किल है। ऐसे में निराश होकर किसान अपने भाग्य को कोसने लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पितृपक्ष मेले को ले डीएम से मिले हिन्दू परिषद् के नेता

**गया।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल गया की जिला इकाई द्वारा पितृपक्ष मेला 2024 के सफल आयोजन एवं तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रान्त महामंत्री शशिकांत मिश्रा ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में देश के कोने कोने से लाखों की संख्या मे पिंडदानी गयाजी आते हैं। ऐसे में गयाजी आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हर प्रकार की व्यवस्था, सुविधा व सुरक्षा मिले, इस पर अभी से ही कार्य करने की आवश्यकता है। मांग पत्र देने वालों मे विभाग मंत्री राम बारिक़, जिला मंत्री मुकेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष विश्वजीत चक्रवर्ती, महानगर अध्यक्ष रतन गायब आदि शामिल थे।

### बिजली चोरी के मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत मैगरा एवं बिकुआ कला बाजार में बिजली की चोरी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामला दर्ज कराया है। तीनों उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली की चोरी कर रहे थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार साह ने बताया कि मैगरा एवं बिकुआ में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान मैगरा बाजार में जयरानी, योगेंद्र प्रजापति एवं बिकुआ कला में वकील अहमद को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। बिजली चोरी को लेकर जयरानी देवी पर 17 हजार रुपए, योगेंद्र प्रजापति पर 8800 रुपए एवं वकील अहमद पर 23 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई ।

### सरपंच संघ की बैठक में मासिक भत्ता भुगतान की मांग



**बोधगया।** नगर परिषद बोधगया के अंतर्गत आने वाले पच्छट्टी मोहल्ला स्थित काली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को सरपंच संघ के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अंग्रेज पासवान के अध्यक्षा में किया गया। बैठक में बोधगया प्रखंड के सभी पंचायतों के सरपंच और उपसरपंच शामिल हुए। बैठक में संघ की मजबूती के साथ तमाम मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक बात हुई। जिसमें ग्राम कचहरी का संचालन कैसे किया जाये। ग्राम कचहरी के माध्यम से विवादों को कम समय में निष्पादित करने आदि पर चर्चा की गई। वहीं ग्राम कचहरी में उपस्कर की कमी के कारण संचालन में असुविधा होने की भी बातें रखी गई। इसके लिए उपस्कर की राशि का भुगतान करने और सरपंच का मासिक भत्ता भुगतान करने की मांग बोधगया बीडीओ से की है। साथ हीं बोधगया सरपंच संघ के द्वारा बीडीओ को ज्ञापन दिया गया। इस मौक़े पर संघ के जिला सचिव अजय कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश दास, बावुखान, मनमोहन प्रसाद, अशोक चौधरी, रमेश यादव, पप्पू पासवान सहित सभी सरपंच उपस्थित थे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का चला मेगा पौधरोपण अभियान




**गया।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के बैनर तले जिले के बोधगया व बेलागंज प्रखंड में मेगा पौधारोपण अभियान चला। इसमें बेंगलूरु आश्रम से आए विकास केन्द्र के अजीस व दिवाकर ने मिलकर दोनों प्रखंडों में सैकड़ों पौधे लगाए। इसकी जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग सह अपेक्स के सदस्य प्रसिद्ध समाजसेवी बादशाह डालमिया ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए मेगा स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। अब तक पांच सौ से ऊपर पौधे लग चुके है। उन्होंने आम लोगों को भी पौधरोपण अभियान में शामिल होने की अपील की।

### गया में पहली बार होगा मगही कला उत्सव



**गया।** गया मगही कला को जीवित करने के लिए गया में पहली बार मगही कला उत्सव का आयोजन होगा। सात सितंबर से शुरू होने वाले इस उत्सव में सूबे के नौ जिलों से कलाकार गया आएगें। एक अगस्त से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। ये बातें गुरुवार को शहर के चांद चौरा सिजुआर भवन में प्रेस वार्ता के दौरान संस्कार भारती के अध्यक्ष रौशन सिंह ने कहीं। कहा कि दो दिवसीय मगही कला उत्सव में मगही साहित्य पर चर्चा, मगही कवि सम्मेलन, मगही संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला प्रदर्शनी के साथ अन्य तरीके की विद्याएं होगी। दो दिवसीय इस उत्सव का समापन आठ सितंबर को होगा। वहीं कार्यक्रम संयोजक पंकज कुमार ने कहा कि मगही की कला को उभारना इस उत्सव का उद्देश्य है। इस उत्सव में गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, नवादा, पटना सहित अन्य जिले के कलाकार शामिल होंगे। एक से 15 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चलेगी, इसमें बिहार के अलावे देश के कलाकार भी शामिल होंगे। मगही कला का उत्थान जरूरी : सिजुआर संस्कार भारती बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष राजन सिजुआर ने बताया कि यह उत्सव मगध की समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत और कला परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित है। उत्सव में मगही लोक कलाओं, नृत्य, संगीत, नाटक, हस्तशिल्प, चित्रकला, साहित्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल होंगी। राज्य के कई जिलों के कलाकार अपनी प्रस्तुति भी देंगे।

### गया को मिली सौगात पर केंद्रीय मंत्री का जताया आभार



**टिकारी।** केंद्र सरकार द्वारा लाई गई आम बजट में बिहार के साथ गया जिला को मिले कई सौगात पर हम पार्टी के प्रदेश सचिव व अरवल जिला प्रभारी बुलबुल सिंह ने केन्द्र सरकार व पार्टी सुप्रीमो केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का आभार जताया है। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो श्री मांझी के अथक प्रयास व गया जिला को देश की पटल पर रखने को लेकर संकल्पित होने का परिणाम ही यह है कि गया जिला में विष्णुपद व बोधगया कॉरिडोर बनाने की स्वीकृति के साथ साथ बक्सर कोलकाता कॉरिडोर का हेड ऑफिस गया में बनाये जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। श्री सिंह ने कहा कि गया जिला देश की पटल पर अपने विकास को निश्चित ही आने वाले समय में रखेगा।

# नालंदा से मुखिया पति किडनैप, नवादा में मिला शव

## ❑ 3 घंटे पुलिस पीछा करती रही, कार में हाथ-पैर तोड़े, भाई बोला- चुनावी रंजिश में हत्या हुई

**निज संवाददाता। नालंदा**





नालंदा में अपराधियों ने मुखिया पति का अपहरण किया। फिर नवादा में उसका शव मिला। गाड़ी के अंदर ही अपराधियों ने पीट-पीटकर उसके हाथ-पैर तोड़े। मृतक की पहचान गिरियक प्रखंड के सतौआ पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति बलवीर यादव उर्फ बालो यादव के रूप में हुई। भाई किशोर यादव ने बताया कि उसके सामने ही करीब 12 अपराधियों ने किडनैप किया और गाड़ी में बैठाकर ले गए। वो महज सौ मीटर की दूरी पर ही थे। जब तक वो अपने भाई को बचाते अपराधी मुखिया पति को लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस 2 मिनट में ही पहुंची और अपराधियों का पीछा करने लगी। 3 घंटे तक पुलिस अपराधी के पीछे-पीछे घूमते रही। अपराधी दूसरी तरफ निकल गए थे। पुलिस ने आशंका जताई कि वे लोग झारखंड की ओर निकले होंगे, इसलिए पुलिस रजौली बॉर्डर की ओर चली गई। इस बीच अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। बलवीर यादव का अपहरण गिरियक प्रखंड के आदमपुर हाईस्कूल के पास हुआ। बाद में मोबाइल लोकेशन से शव नवादा के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के टाटी मिरबिगहा गांव के पास मिला है। भाई ने बताया कि चुनावी रंजिश में हत्या की गई है। परिजनों ने 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अपराधियों ने गाड़ी में ही पीट कर बलवीर यादव का एक हाथ और दोनों पैर तोड़ दिए थे। अपराधियों ने गाड़ी में ही पीट कर बलवीर यादव का एक हाथ और दोनों पैर तोड़ दिए थे।

**अपराधी काली और सफेद गाड़ी से पहुंचे थे:** अपराधी दो कार से आए थे। एक गाड़ी काली रंग की थी और दूसरी सफेद। मृतक के भाई किशोर यादव ने कहा कि गुरुवार शाम मैं अपने भाई के पीछे ही था। कुछ सामान लेने के लिए मैं रुका था। इसी दौरान मैंने देखा कि भाई के साथ कुछ लोग धक्का-मुक्की कर रहे हैं। मैं अपने भाई की मदद के लिए उनके पास जाता, इससे पहले वे लोग भाई को गाड़ी में बैठाकर कतरीसराय रोड की तरफ निकल गए। पुलिस को सूचना दी। परिजन का आरोप लगा है कि गांव के ही गोरेलाल यादव और उनके बेटे नीतीश कुमार ने अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिया है।

### 5 पुलिस जवानों को एसएसपी ने किया सम्मानित

## शेरघाटी कोर्ट में बंदी पर गोलीबारी करने वाले अपराधियों को पकड़ा था, मिला प्रशस्ति पत्र




**निज संवाददाता। गया**

गया में बीते बुधवार को शेरघाटी कोर्ट में बंदी पर गोलीबारी हुई थी। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों में दो को पकड़ने वाले 5 पुलिस जवानों को एसएसपी आशीष भारती ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कर्तव्य को निभाया है। उनकी बहादुरी से न केवल बंदी की जान बच गई बल्कि मौके पर वारदात को अंजाम दे रहे अपराधी भी पकड़े गए।

**सम्मान पत्र कर्तव्य को याद दिलाता रहेगा:** एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि पुलिस के छह जवानों ने गोलीबारी की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभी जवानों अपने बल बुद्धि का सामंजस्य बैठाते हुए अपराधियों को पकड़ा है। अपराधियों का पीछा कर रहे जवानों को मालूम था कि उनके पास हथियार है। वे पुलिस से बचने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। बावजूद इसके सभी जवानों ने खदेड़ कर हथियार सहित दो अपराधियों को पकड़ लिया। इन पुलिस के जवानों के हौसले को देख अपराधी सहम गए और वे पकड़े गए। इन 6 जवानों ने गया जिला पुलिस का मान बढ़ाया है। जिला पुलिस को ऐसे जवानों पर गर्व है। सम्मानित जवानों ने कहा कि यह समान पत्र हम छाती से लगा कर रखेंगे। यह सम्मान पत्र हमें अपने कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक रखेगा। साथ ही समाज के प्रति हर पल हमारे कर्तव्य को याद दिलाता रहेगा।

## 7-8 सितंबर को मगही कला उत्सव का होगा आयोजन

**निज संवाददाता। गया**



गया में संस्कार भारती बिहार प्रदेश की ओर से आगामी 7 और 8 सितंबर को गया के चांदचौरा स्थित सांस्कृतिक केंद्र सिजुआर भवन में दो दिवसीय मगही कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी अभी से ही जोरशोर से शुरू हो गई है। मगही कला, संस्कृति, गीत संगीत, नृत्य वाद्य यंत्र के जानकार इस कला उत्सव में जुटेंगे। इस उत्सव में मगही क्षेत्र के 9 जिले के विशेषज्ञ होंगे। उत्सव के आयोजकों ने बताया कि मगध के संस्कृति कला और सभी गीत संगीत के विधा के कलाकारों के संवर्धन और विलुप्त होती जा रही कला संस्कृति का पुनरुत्थान आयोजन का उद्देश्य है। क्योंकि समय के साथ मगही क्षेत्र के के कला संस्कृति लुप्त होने के कगार पर हैं। पुरानी विधाएं अब न तो सुनी जा रही है और न ही उसे सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा मगही कला एवं कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर लाना और मान सम्मान दिलाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव देहात व शहर से कलाकार शिरकत करेंगे।

**मगही लोकगीत की मिलेगी जानकारी:** इस आशय की जानकारी कला उत्सव के कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्कार भारती के अध्यक्ष पंकज कुमार,अखिल भारतीय मगही विचार मंच के अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद प्रेमी, सुर सलिला ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र सिजुआर , कार्यकारी अध्यक्ष रोशन सिंह, सुर सलिला ट्रस्ट के सचिव राजेश्वर सिंह , श्याम भंडारी, कन्हैया लाल पांडे ने संयुक्त रूप से दी।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### ♦ मंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर कहा... सैनिकों के बलिदान से ही हम सुरक्षित

**निज संवाददाता। नालंदा**




कारगिल विजय दिवस के 25वें वर्ष पर आज बिहार शरीफ में एक भावुक और गौरवपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक पर 38 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफसर कर्नल राजेश बाहरी ने कहा, "आज हम उन वीर सपूतों को याद करते हैं, जिन्होंने 1999 में कारगिल की ऊंची चोटियों पर अपने प्राणों की आहूति दी थी। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मंत्री कुमार ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा, "हमारे सैनिकों के बलिदान से ही हम सुरक्षित हैं। जब वे सीमा पर तैनात रहते हैं, तभी हम चैन की नींद सो पाते हैं। आज हम उनकी वीरता को सलाम करते हैं और उनके परिवारों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

**कर्तव्य के प्रति संकल्प दोहराया:** कारगिल युद्ध की याद दिलाते हुए कर्नल बाहरी ने बताया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल में विजय प्राप्त की थी। इस युद्ध में 527 भारतीय जवान शहीद हुए और 1363 घायल हुए थे। "हमारे जवानों ने अपने खून का आखिरी कतरा भी देश की रक्षा के लिए बहा दिया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल पार्क परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मंत्री कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित सेवारत सैनिकों को सम्मानित किया और कहा, "आपसी प्रेम, सद्भाव और शांति बनाए रखना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र और पूर्व सैनिक उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में शहीदों को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्य के प्रति संकल्प दोहराया।

## हीरो होंडा सर्विस सेंटर के दुकानदार को गोली मारने वाला शूटर गिरफ्तार

**निज संवाददाता। बांकेबाजार**



प्रखंड के मोनेया गांव निवासी होंडा सर्विस सेंटर के मालिक को गोली मारने वाले शूटर को ग्रामीणों ने पकड़ कर रौशनगंज पुलिस को सौंप दिया। रौशनगंज थाना के सहायक थानाध्यक्ष सुरेंद्र मरांडी ने बताया कि अरवल जिला के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिदाद गांव निवासी सोहेल अंसारी को भलुहार गांव के ग्रामीणों ने बीती रात करीब 10 बजे पुलिस को सौंपा है। उसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो कारतूस, दो खोखा, एक मोबाइल फोन तथा बाइक भी ग्रामीणों ने बरामद कर पुलिस को सौंपा है। उक्त अपराधी ने होंडा सर्विस सेंटर के मालिक अशोक कुमार पर दो फायरिंग की थी। पूछताछ के बाद अपराधी को जेल भेज दिया गया।

**क्या है मामला?** बांकेबाजार प्रखंड के मोनेया गांव निवासी विजय प्रजापति का पुत्र अशोक कुमार गया शहर में गया कॉलेज के समीप होंडा सर्विस सेंटर की दुकान चलाता है। रात्रि में दुकान बंद करके वह अपने घर आ रहा था। उसी की दुकान के बगल में सोहेल अंसारी बुलेट मिस्त्री है। जो सुनील कुमार की दुकान में बुलेट बनाने का काम करता है। वह गया से ही अशोक का पीछा करता हुआ आ रहा रौशनगंज थाना क्षेत्र के इमामगंज-शेरघाटी मुख्य मार्ग पर चौगाई-भलुहार के समीप उसने अशोक पर पीछे से दो गोलियां चलाई। जब अशोक जान भगाने के लिए भागने लगा तो सोहेल ने भी उसका पीछा किया। लेकिन, संतुलन खो देने के कारण वह अचानक बाइक से गिर गया। गोली की आवाज सुनकर बगल की लाइब्रेरी में बैठे युवकों ने दोनों को गिरफ्त में ले लिया और रोशनगंज थाना की पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि उसकी दुकान ज्यादा चलती है।

## नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, परिजनों ने पति पर जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। चन्दौत गांव की रहने वाली (20) वर्षीय एमपी कुमारी की मौत के मामले में उसके परिजनों ने पति पर जहर देने का गंभीर आरोप लगाया है।घटना के सम्बंध में मृतका के परिजन ने बताया कि एमपी कुमारी की शादी दो महीने पहले 20 मई को नूरसराय थाना क्षेत्र के निवासी संतोष गोप से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही वह अपने मायके चन्दौत गांव लौट आई थी। गुरुवार की रात को संतोष गोप अपनी पत्नी से मिलने चन्दौत आया था और दोनों छत पर सोए थे। शुक्रवार की सुबह जब घर के सदस्य छत पर गए तो एमपी बिल्कुल निश्चल पड़ी थी। उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। इसके बाद आनन-फानन में हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस बीच, एमपी के पति संतोष गोप की अचानक गायब होने से मामला और भी संदिग्ध हो गया है। परिवार का आरोप है कि संतोष ने एमपी को जहर दिया और फिर फरार हो गया।

**क्या बोली पुलिसः** हिलसा थाने के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया की मौत की सूचना पर पुलिस हिलसा अनुमंडल अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। मायके वालों ने दहेज के कारण हत्या का आरोप लगाया है। सोने की सिकड़ी के कारण जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या की आशंका व्यक्त की गई है। मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाई में जुट गई है।

## फोटू खान पर फायरिंग मामले में SSP का खुलासा, सासाराम के होटल में रूके थे आरोपी, पुराने साथी ने की थी प्लानिंग

**निज संवाददाता। गया**




बुधवार को शेरघाटी कोर्ट परिसर में एक फोटू खान पर फायरिंग मामले में एसएसपी आशीष भारती ने बड़ा खुलासा किया है। एसएसपी का कहना है कि फोटू खान की हत्या की प्लानिंग उसके के ही एक पूराने साथी ने की थी। उसी ने बक्सर जिले के अपराधी को हायर किया था। यही नहीं हत्या के पहले सभी अपराधी सासाराम के एक होटल में रुके थे। उसके बाद गया के शेरघाटी कोर्ट में जेल में बंद चल रहे फोटू खान पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। यह जानकारी पुलिस को पकड़े गए नाबालिग और शहनवाज खान ने दी है। फोटू खान का पुराना साथी कौन है ? इसके सवाल के जवाब में एसएसपी ने कहा कि उसे 2023 में जेल भेजा गया था। उसी से किसी बात को लेकर फोटू खान के बीच अदावत की बात सामने आई है। बंदी के पुराने साथी और उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के पुलिस टीम जुटी है। यह बातें एसएसपी ने देर शाम प्रेस कांफ्रेंस में दी। बंदी फोटू खान का पुराना साथी कौन है। इस सवाल के जवाब में उन्होंने स्पष्ट कुछ भी नहीं कहा। वहीं सुत्रों की माने तो नाबालिग से 2 लाख रुपए में डील हुई थी।

**नाबालिग के खिलाफ दो मामले हैं दर्जः** उन्होंने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज और पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ के आधार पर सभी अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। यही नहीं सासाराम के जिस होटल में अपराधी ठहरे थे। वहां के सीसीटीवी फुटेज से अभी अपराधियों का मिलान कराकर चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग के पास से एक पिस्टल और एक कट्टा बरामद किया गया है। साथ ही पिस्टल में लोडेड 3 कारतूस और जेब से 9 कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गए नाबालिग के खिलाफ बक्सर में दो मामले दर्ज हैं। यही नहीं इसके अलावा शहनवाज के खिलाफ आर्म्स एक्ट तहत केस दर्ज हैं। उसके पास 2023 में भारी संख्या में कारतूस बरामद किए गए थे। गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर नाबालिग, शहनवाज के साथ काले रंग की बुलेट बाइक से भाग रहा था। वहीं जब घटना हुई थी तो फोटू खान के छोटे भाई हफीज उल्ला खान का कहना था कि पुलिस ने असली अपराधी को नहीं पकड़ा है। उसने कहा था कि पुलिस ने शहनवाज को पकड़ लिया है। शहनवाज हजापुर का ही रहने वाला है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी बिन्दु पर जांच चल रही है।

## पंसस और उनके भाई को खंभे से बांधकर पीटा दूसरे पक्ष ने शराब पीने का लगाया आरोप

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में पेशौर पंचायत के वर्तमान पंचायत समिति सदस्य अशोक महतो और उनके भाई अरुण महतो की खंभे से बांधकर पिटाई की गई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है दोनों एक घर में बंधे हैं। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि अशोक महतो और अरुण महतो शराब के नशे में धुत्त होकर आए और घर में घुसकर मारपीट की। जिसके कारण दोनों के साथ मारपीट की गई। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पेशौर गांव गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति सदस्य अशोक महतो और उनके भाई अरुण महतो को गिरफ्तार किया है। मामले में दोनों तरफ से रहुई थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। शेष की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

**मुकदमा वापस लेने के लिए की गई पिटाईः** रहुई प्रखंड के जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष राकेश पटेल ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अशोक महतो और गांव के ही सूरज मिश्रा के साथ विवाद हुआ था और इसी विवाद को लेकर अशोक महतो की तरफ से मुकदमा भी किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में डकैती, दिनदहाड़े लूटपाट करके भागे बाइक सवार बदमाश

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया. करीब आधा दर्जन की संख्या में आए बदमाशों दिनदहाड़े ही शोरूम में घुसे और लूटपाट करके फरार हो गए. रेणु उद्यान के पास स्थित तनिष्क शो रूम में हुई घटना ने पुलिस के भी होश उड़ा दिए हैं. पुलिस महकमे और कारोबारियों में इस घटना से हड़कंप है. पुलिस नाकेबंदी करके अपराधियों को पकड़ने की कोशिश में लगी है.

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया के तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में हथियार के बल पर चार अपराधियों ने करोड़ों की लूट की घटना को अंजाम दिया है. घटना शुक्रवार को दिन के 12 बजे की बताई जा रही है. घटना को अंजाम देने के बाद सभी चारो अपराधी बाइक से फोर्ड कंपनी की ओर भाग गए.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागने के क्रम में बाइक सवार एक अपराधी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गया.आनन-फानन में अपराधी वहां से भाग गया. भागने के क्रम में उसका पिस्टल सड़क पर गिर गया जिसे एक टोटो चालक ने उठा लिया और वह भी भाग गया.

वहीं घटना की सूचना पर जिले के एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा सहित कई वरीय पुलिस अधिकारी पहुंचे और घटना का जायजा लिया. मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची है. वहीं शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है. बताया जा रहा है घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है.

इधर इस लूटपाट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. जिसमें पूरी घटना कैद हुई है. फुटेज में साफ दिखता है कि ये बदमाश शोरूम के कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर किनारे खड़े करवाते हैं और ज्वेलरी लूटपाट के बाद ये बाहर भाग जाते हैं. एक बदमाश के हाथ में थैला दिखता है जिसमें लूट का सामान भरकर ये फरार हुए हैं.

### फरक्का एक्सप्रेस की टाइमिंग में बदलाव, सुबह 5.30 बजे पहुंचेगी भागलपुर

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर होकर पंजाब और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली फरक्का एक्सप्रेस के समय और परिचालन रफ्तार में बदलाव किया गया है। 26 जुलाई से कुछ स्टेशनों में समय में संशोधन करने के साथ रफ्तार में भी असर देखने को मिलेगा।

ट्रेन संख्या 13413 बालूरघाट-बटिंडा फरक्का एक्सप्रेस के बालुरघाट से अभयपुर तक के समय में बदलाव नहीं हुआ है। किऊल, मोकामा और बाढ़ सहित कानपुर सेंट्रल से भठिंडा तक समय में बदलाव हुआ है। कंचौसी से इसके समय पर परिवर्तन रहेगा।

इस ट्रेन का बिहार में समय बदल गया है। ट्रेन के इस समय में बदलाव शुक्रवार से प्रभावी रहेगा। पंजाब से आने पर यह ट्रेन भागलपुर देर रात 02ः14 के स्थान पर सुबह 05ः30 पर आएगी।

गरीब रथ एक्सप्रेस में अब भागलपुर रेलवे स्टेशन के टीटीई की जगह दानापुर के टीटीई की ड्यूटी टिकट चेकिंग में लगाई जाने लगी है।

टीटीई की कमी को देखते हुए मालदा मंडल दानापुर मंडल को पत्र लिखा था। जिसके बाद से ट्रेन में दानापुर के टीटीइ ही टिकट चेकिंग के लिए ड्यूटी लगाई जाने लगी।

डाउन गरीब रथ एक्सप्रेस में ही दानापुर के टीटीई टिकट चेकिंग के लिए इस ट्रेन से भागलपुर आते हैं और अप में इस ट्रेन में दानापुर के ही टीटीई डियूटी करते हुए जाते हैं। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को चलती है।

# बिहार के नये इलाकों में फैला डेंगू संक्रमण, पिछले दो दिनों में मिले 12 मरीज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है. पिछले दो दिनों के अंदर 12 से अधिक मरीज मिले हैं. 24 घंटे के अंदर सुपौल में दो और पटना में चार नये मरीजों के मिलने की सूचना है. पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन और एनएमसीएच में एक कुल चार मरीज पटना में डेंगू के पाये गये हैं. वहीं सिविल सर्जन डॉ मिथलेश्वर कुमार ने कहा कि पीएमसीएच के माइक्रोबॉयलोजी विभाग में हुई जांच में तीन मरीजों की पुष्टि हुई है. इनमें एक मरीज मुसल्लहपुर हाट, दूसरा भूतनाथ और तीसरा शहर के शिवपुरा इलाके का रहने वाला है. इसके साथ ही पटना जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 28 हो गयी है.



सुपौल जिले में डेंगू ने दस्तक दे दी. जिले में इस वर्ष अब तक डेंगू के दो मरीज मिले हैं. स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में डेंगू के सबसे अधिक वर्ष 2023 में 60 मरीज मिले थे. वहीं 2019 में 23 मरीज मिले थे. जबकि वर्ष 2022 में डेंगू के दो मरीज मिले. वर्ष 2020 एवं 2021 में एक भी डेंगू के मरीज नहीं मिले. डेंगू मरीज मिलने के बाद सदर अस्पताल के कमरा नंबर 213 में सिविल सर्जन डॉ ललन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. बैठक में उन्होंने निर्देश देते कहा कि सभी अपने विभाग के कर्मियों के माध्यम से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को डेंगू से बचाव को लेकर सरकार द्वारा दिये गये गाइड लाइन के बारे में जानकारी दें.

सुपौल जिले में डेंगू मरीजों के लिए सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाया गया है. जहां 10 बेड लगाये गये हैं. वहीं सभी अनुमंडलीय अस्पताल पांच-पांच व पीएचसी में दो-दो बेड का वार्ड बनाया जा रहा है. सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू को लेकर जिले भर के सभी अनुमंडलीय अस्पताल एवं पीएचसी में डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी को शत प्रतिशत लागू करने को कहा गया है. सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है. स्वाथ्यकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है.

सुपौल के सीएस ने कहा कि डेंगू एक प्रकार का बुखार है जो वाइरस से होता है. सामान्य रूप से यह 05 से 07 दिनों के भीतर अपने आप ठीक हो जाता है. लेकिन कुछ परिस्थितियों में यह गंभीर रूप धारण कर लेता है. डेंगू के जांच एवं उपचार की सुविधा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में है. कहा कि घर के आस-पास, घरों के अंदर कूलर, फ्रीज आदि में पानी जमा न होने दे. सप्ताह में एक बार कूलर, फ्रीज आदि का पानी अवश्य बदले. बुखार की स्थिति में रोगी को डॉक्टरों से अवश्य दिखाएं.

भेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि डेंगू संक्रमित मादा एडिज मच्छर के काटने से फैलता है. एडिज मच्छर प्रायः दिन में काटती है. किसी संक्रमित रोगी को काटने के उपरांत मच्छर भी संक्रमित हो जाता है. एक बार संक्रमित होने के पश्चात मादा एडिज मच्छर जीवन भर संक्रमित रहती है. एक मादा एडीज मच्छर की औसत आयु लगभग तीन सप्ताह होती है. संक्रमित होने के 8 से 11 दिनों के बाद मच्छर दूसरों में रोग प्रसार के लायक हो जाती है. मादा एडीज मच्छर के पैरों तथा पिछले भाग पर सफेद रेखाएं होती है. इसे टाइगर मच्छर के नाम से भी जाना जाता है। तेज सिर दर्द, बुखार, मांसपेषियों एवं जोड़ो में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, मितली, उल्टी, त्वचा पर चकता होना आदि है. डेंगू के रोगी को पूरी तरह आराम करना चाहिए. शरीर के तापमान को कम रखने के लिए बदन को पानी से भींगे कपड़े को निचोड़ कर शरीर को हर वक्त पोछना चाहिए. तेज बदन दर्द होने पर हल्की दर्द निवारक दवाएं लेनी चाहिए. रोगी के शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए ओआरएस या घर में बने जीवन रक्षक अथवा अन्य तरल पदार्थ यथा फल, सब्जी का जूस व सूप दें।

### आसीपी सिंह का नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान, बताया सीएम के गुस्से का कारण

**पटना, एजेंसी।** पिछले काफी दिनों तक मीडिया से दूर रहे भाजपा नेता और जदयू के पूर्व अध्यक्ष आरसीपी सिंह का नीतीश को लेकर बड़ा बयान आया है. जदयू छोड़ने के बाद लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयान देनेवाले आरसीपी सिंह का लहजा अब बदल गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आरसीपी न केवल सॉफ्ट दिख रहे हैं, बल्कि वो नीतीश कुमार के पक्ष में दलीलें दे रहे हैं. अचानक से नीतीश के प्रति उनका प्रेम बिहार के सियासी गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। मानसूत्र सत्र के दौरान बिहार विधानसभा में बुधवार को नीतीश कुमार ने आरजेडी महिला विधायक के खिलाफ टिप्पणी की थी. इसको लेकर पूरा विपक्ष नीतीश कुमार पर हमलावर है. खगड़िया आये आरसीपी सिंह से जब पत्रकारों ने इस मामले में सवाल किया तो आरसीपी सिंह नीतीश कुमार का बचाव करते नजर आए. आरसीपी सिंह ने कहा कि इस मामले को तूल देने की जरूरत नहीं है. नीतीश बाबू सबके गार्जियन हैं, गार्जियन कभी नाराजगी जाहिर करे तो उसे दिल से नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार यूं ही नहीं गुस्सा करते हैं. उन्हें जरुरत कुछ ऐसा बात लगा होगा, तभी उनको गुस्सा आता है. पहली बार बिहार में महिलाओं को आरक्षण नीतीश बाबू ने दिया. विपक्ष का तो काम ही हंगामा करना है. आरसीपी ने कहा कि यह तो हम सब जानते हैं कि नीतीश कुमार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई स्कीम चलाएं हैं. पंचायती राज व्यवस्था में पहली महिलाओं को आरक्षण दिलवाए हैं।



### मिथिला संस्कृति पर आधारित मधुश्रावणी शुरू, 14 दिनों तक व्रत रखेंगी नवविवाहित महिलाएं

**भागलपुर, एजेंसी।** मिथिला संस्कृति पर आधारित मधुश्रावणी सावन शुक्ल के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि गुरुवार से शुरू हो गई। जिसका समापन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया सात अगस्त को किया जाएगा। 14 दिनों तक चलने वाले मधुश्रावणी व्रत को लेकर नवविवाहिताएं यह व्रत अपने मयके में ही करती हैं।

इन चौदह दिनों के अनुष्ठान में नवविवाहिताएं नमक का सेवन नहीं करती हैं। तिलकामांझी महावीर मंदिर के पंडित आनंद झा ने बताया कि 14 दिनों तक इस बार मधुश्रावणी का व्रत नवविवाहिताएं करेंगी। इसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है।

उन्होंने बताया कि इसमें महादेव गौरी, नाग-नागिन की मूर्ति स्थापित कर कई तरह के फूलों से पूजा-अर्चना की जाती है। नैवेद्य में फल, मिठाई आदि का भोग लगाया गया। पहली बार पूजा करने के लिए नवविवाहिताओं को विशेष पूजा करनी पड़ती है।

पहली बार मधुश्रावणी व्रत करने वाली सपना झा ने बताया कि मधुश्रावणी व्रत मैथिल समाज की नवविवाहिताओं के लिए बहुत ही खास महत्व रखती है। इसमें 14 दिनों तक शिव-पार्वती नाग-नागिन की मूर्ति स्थापित कर पूजा शुरू किया गया। मधुश्रावणी व्रत में गोसांई गीत, कोहबर गीत सहित झूमर आदि महिलाओं द्वारा गाई जाती है।

इस व्रत की सबसे खास बात यह है कि 14 दिनों तक व्रती अरबा खाना खाती हैं यहां तक की सेंधा नमक का भी प्रयोग नहीं किया जाता है। शिखा झा छोटी ने बताया कि शादी के बाद से ही नव विवाहिताओं को मधुश्रावणी व्रत का इंतजार बेसब्री से रहती है। बहुत ही कठिन व्रत है। ससुराल से भेजे गए भोजन सामग्री से अरबा भोजन करती हैं।

## कांवरिया पथ पर हत्या, करंट लगने से भी बम की मौत, एक दिन में तीन कांवरियों की गयी जान

बांका, एजेंसी। श्रावणी मेला 2024 का शुभारंभ हो चुका है और उत्तरवाहिनी गंगा जल भरकर कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज से बाबाधाम देवघर के लिए रवाना होने लगे हैं. कांवरिया पथ शिवभक्तों से खचाखच भरा हुआ दिखने लगा है. वहीं सावन मेला 2024 के दौरान पैदल देवघर जाने वाले कई कांवरियों के साथ दुखद हादसे की घटना भी सामने आयी है. एक कांवरिया की मौत करंट लगने से हो गयी जबकि एक कांवरिये को अपराधी ने चाकू मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी. वहीं दिल का दौरा पड़ने से एक कांवरिये की मौत हुई है.

कांवरिया पथ पर बुधवार को एक कांवरिया से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया. बांका के कटोरिया में छपरहिया धर्मशाला के निकट कोल्हुआ मोड़ के पास कांवरिया पथ पर इस घटना को अंजाम दिया गया. बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे धनबाद के एक युवा कांवरिया को अपना निशाना बनाया. बदमाशों ने कांवरिये की मोबाइल छीनने की कोशिश की और जब उसने इसका विरोध किया तो चाकू मारकर कांवरिये की हत्या कर दी.

मृत कांवरिया के साथी कांवरिया अमित कुमार ने बताया कि हम सभी गाड़ी के पास खाना खा रहे थे. हमारा साथी कांवरिया अशीत मंडल लघुशंका के लिए गया और अचानक मोबाइल चोर का हल्ला करके दो लूटेरों का पीछा करने लगा. बदमाशों ने कांवरिया अशीत के गर्दन पर धारदार चाकू से वार कर दिया. चाकू कांवरिया के गर्दन के आर-पार हो गया था. उसकी मौत हो गयी. वहीं अपने साथी कांवरिये की मौत के बाद पूरे ग्रुप में मातम पसर गया. वारदात की सूचना पर बेलहर पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ राजकिशोर कुमार व कटोरिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय दल-बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच में जुटे हैं. एक अन्य घटना में बांका जिले के कटोरिया थाना अंतर्गत कटोरिया-देवघर कांवरिया पथ पर कोल्हुआ गांव स्थित एक चाय नाश्ता की दुकान पर ठहरे कांवरिया की करंट लगने से मौत हो गई. मृत कांवरिया की पहचान झारखंड के जमशेदपुर के आदित्यपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम रोहितास आजीवाल के 55 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार आजीवाल के रूप में हुई है. मृत कांवरिया के साथ यात्रा कर रहे चचेरा भाई मनोज कुमार आजीवाल ने बताया की कांवर यात्रा के दौरान वे लोग गुरुवार की सुबह करीब 9ः30 बजे कोल्हुआ स्थित एक चाय नाश्ता की दुकान में विश्राम करने ठहरे थे. तभी कांवरिया रमेश कुमार आजीवाल बाथरूम जाने जा रहे थे, इसी क्रम में स्टैंड फैन के लीकेज तार से उन्हें करंट लग गया. उन्हें अचेत अवस्था में कटोरिया रेफरल अस्पताल लाया गया. जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसडी मंडल ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

बांका के सुईया थाना अंतर्गत अबरखा स्थित दलसिंहसराय धर्मशाला के समीप हर्ट-अटैक से मुंगेर जिला के एक कांवरिया की मौत हो गयी. मृत कांवरिया की पहचान मुंगेर जिला के कोतवाली थाना अंतर्गत बासुदेवपुर गांव निवासी स्व दुलार झा के 65 वर्षीय पुत्र शालीग्राम झा उर्फ सुमन झा के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कांवरिया शालीग्रमा झा उर्फ सुमन झा अपने पुत्र संजीव झा के साथ सुल्तानगंज से कांवर में जल भरकर जलाभिषेक करने पैदल बाबाधाम जा रहे थे. रास्ते में ही उनकी तबियत बिगड़ने लगी. पुत्र द्वारा दलसिंहसराय धर्मशाला अबरखा में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया. सूचना मिलते ही सुईया थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली. मृतक के पुत्र द्वारा सुइया थाना में आवेदन देकर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया. पीड़ित परिजन शव को अपने गांव ले गये।

### एमएलसी पद से हटाए गए लालू के करीबी सुनील सिंह



**पटना, एजेंसी।** राजद के एमएलसी डॉ सुनील कुमार सिंह की बिहार विधान परिषद से सदस्यता समाप्त कर दी गयी है. विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा शुक्रवार को पारित कर दी गयी. जिसके बाद सुनील सिंह अब विधान परिषद के सदस्य नहीं रहे. सदन में असंसदीय और अमर्यादित व्यवहार के आरोप में सुनील सिंह के खिलाफ ये कार्रवाई की गयी है. जदयू के वरिष्ठ सदस्य और मौजूदा उप सभापति डॉ रामवचन राय की अध्यक्षता वाली आचार समिति का प्रतिवेदन सदन में गुरुवार को पेश किया गया था जिसे शुक्रवार को पारित कर दिया गया.

विधान परिषद की सदस्यता खो चुके राजद के सुनील सिंह पर सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का आरोप है. आरोप लगा है कि सुनील सिंह एवं मो सोहैब ने मुख्यमंत्री की मिमिक्री की और कहा कि वे 18 साल से बिना चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बने हुए हैं. समिति ने सुनील सिंह का पक्ष जानने के लिए बार-बार बुलाया. वह चौथी बार समिति के सामने आये और उसके सदस्यों के अधिकार को लेकर सवाल खड़े कर दिये.

राजद नेता सुनील सिंह ने कहा कि विधान परिषद की सदस्यता साजिश के तहत छीनी गयी है . दरअसल, ये लोग नहीं चाहते कि सदन में गरीबों, अल्पसंख्यकों और बेरोजगारों की बात उठायी जाये. बिजली बिल में भ्रष्टाचार और शिक्षा के क्षेत्र के भ्रष्टाचार को सामने लाए. सुनील सिंह ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव अब आगे इसपर फैसला लेंगे. उन्हें तय करना है कि सदन की कार्यवाही आगे चलने दी जाएगी या इस काले कानून के खिलाफ आवाज बुलंद किया जाएगा।



### आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता रद्द, नीतीश कुमार की मिमिक्री करने पर हुई कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** राजद सदस्य सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। वहीं, राजद सदस्य कारी सोहैब को अगले सत्र के लिए शुरुआती 2 दिन के लिए निलंबित किया गया है। विधानपरिषद में सभापति ने इसकी घोषणा की है। वहीं, सदस्यता समाप्त करने के बाद सुनील सिंह ने सदन में कहा कि जिसको फांसी दी जा रही, उसकी बात तो सुन ली जाए। उन्होंने डॉ. रामवचन राय पर आरोप लगाया कि उप सभापति बनने के लिए ये सब किया गया है।

विधान परिषद के उपसभापति एवं आचार समिति के अध्यक्ष रामवचन राय ने गुरुवार को सदन पटल पर राजद के मुख्य सचेतक सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त करने का प्रतिवेदन रखा था।

आचार समिति ने सुनील की सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद से ही साथ ही यह साफ हो गया कि सुनिल की सदस्यता पर तलवार लटक गई है।

### अब पटना एम्स में होगी किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा, इन राज्यों के मरीजों को भी मिलेगा लाभ

**पटना, एजेंसी।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानव अंग और उत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के तहत एम्स, पटना को किडनी प्रत्यारोपण के लिए मंजूरी दे दी गई है.



एम्स में किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा उपलब्ध हो जाने से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्वी राज्यों और यहां तक कि उत्तर प्रदेश और ओडिशा के मरीजों को भी लाभ मिलेगा. वर्तमान में देश के इस हिस्से के मरीजों को ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए दिल्ली एम्स और पीजीआइ, चंडीगढ़ जैसे उच्च केंद्रों में जाना पड़ता है. एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीइओ डॉ गोपाल कृष्ण पाल ने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट इस साल अगस्त माह से शुरू होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि सात डॉक्टरों की एक टीम ने पीजीआइ, चंडीगढ़ में औपचारिक अल्पकालिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है. उन्होंने कहा कि निजी सुविधाओं पर 8-10 लाख की तुलना में एम्स में एक मानक किडनी ट्रांसप्लांट की लागत लगभग तीन लाख होने की उम्मीद है, जिसमें दवाओं और अस्पताल में रहने का खर्च भी शामिल है. मालूम हो कि बिहार में आइजीआइएमएस एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जहां अभी किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा है।

### शहर में ऑटो व इ-रिक्शा के लिए बनेगा पार्किंग स्थल, परिवहन विभाग ने जिलों को भेजा दिशा-निर्देश

पटना, एजेंसी। परिवहन विभाग ने ऑटो व इ- रिक्शा के परिचालन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कार्य योजना तैयार की है. विभाग की नई पहल का मकसद शहरों को जाममुक्त बनाना और यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक परिवहन सेवा प्रदान करना है. इस नियमावली के तहत सभी ऑटो व इ -रिक्शा को जोन में बांटा जाएगा और इसके लिए आवश्यकता के मुताबिक पार्किंग स्थल बनाया जाएगा. विभाग ने पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करने को सभी जिलों को दिशा-निर्देश भेज दिया है. अगले माह से जोन में बंटवारे के साथ पार्किंग स्थल पर ही ऑटो और इ-रिक्शा रुकेंगे. एक सितंबर से इस नियम को सख्ती से लागू करने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है. इस नीति के लागू होने से राज्य के शहरों में ऑटो व इ-रिक्शा का व्यवस्थित परिचालन हो सकेगा. इसके साथ ही जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी. प्रदूषण में कमी, यात्रियों की सुरक्षित यात्रा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं ऑटो , इ-रिक्शा के पार्किंग स्थल एवं ठहराव स्थल का निर्धारण होने से यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# पटना में वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे शिक्षकों पर लाठीचार्ज

**पटना, एजेंसी।** बिहार के शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक पर पटना में लाठीचार्ज हुआ है, ये लोग अपनी मांगों को लेकर के सचिवालय गेट के पास पूर्णकालिक करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. साथ ही वेतन 8 हजार से 32 हजार करने की मांग कर थे. इस लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी घायल हो गए और महिलाओं को भी पुलिसकर्मियों द्वारा धकेलते हुए देखा गया. प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार के लिए संघर्ष जारी रखेंगे.

**पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़पः** जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पटना में सचिवालय गेट के पास शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का उद्देश्य अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार की मांग करना था. प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच तनाव बढ़ता गया. प्रदर्शन के दौरान स्थिति बिगड़ गई, जिससे पुलिस ने भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए बल प्रयोग करना और लाठीचार्ज का सहारा लिया. इससे कई अभ्यर्थी घायल हो गए. घायलों में कई महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्हें पुलिस द्वारा धकेलते हुए देखा गया. इस घटना ने प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है.



**वेतनमान में हो सुधारः** बिहार शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि वेतनमान में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही है. उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षक नियोजन नियमावली 2012 के अंतर्गत स्ज्ञश्वज्ञ 2019 का आयोजन किया गया था, जिसमें शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की बहाली के लिए परीक्षा ली गई, लेकिन बहाली प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और वेतनमान भी उचित नहीं है. डॉ. पांडेय ने बताया कि नियोजन नियमावली 2012 के तहत शिक्षकों के वेतनमान में प्राथमिक शिक्षकों के लिए 5000 रुपए, माध्यमिक शिक्षकों के लिए 6000 रुपए और शारीरिक शिक्षा अनुदेशक का वेतन 4000 रुपए तय किया गया था. उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में उनका वेतन 8000 रुपए निर्धारित किया गया है, जो कि बहुत कम है और इसमें सुधार की आवश्यकता है.

**जारी रहेगा संघर्षः** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ के सदस्य अपनी मांगों को लेकर दृढ़ हैं और उनका कहना है कि वे तब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं. प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार के लिए संघर्ष जारी रखेंगे. इस घटना के बाद प्रशासन ने स्थिति को सामान्य करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं और प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपनी मांगों के प्रति गंभीर हैं और सरकार को इस मुद्दे पर जल्द से जल्द ध्यान देना चाहिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# चौसा नगर पंचायत में डस्टबीन खरीद पर भ्रष्टाचार का आरोप, बक्सर में मुख्य पार्षद पर आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर का चौसा नगर पंचायत गठन होने के साथ ही विवादों में चल रहा है। डस्टबीन खरीद पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप मुख्य पार्षद प्रत्याशी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि और वार्ड पार्षद ने लगाया है। आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। यहां 1,950 रुपए का डस्टबीन 9,280 में खरीदा गया है। हालांकि, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा है कि यह सब मेरे आने से पहले हुआ है। सभी की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कोई भी उसको छोड़ा नहीं जायेगा। वहीं, चेयर मैन प्रतिनिधि ने आरोप को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य जेम पोर्टल से हुए है। उसमें मैं कुछ नहीं कर सकता है।

**पूर्व प्रत्याशी ने चेयरमैन पर लगाया आरोपः** आरोप लगाते हुए पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के नेता अभिमन्यु सिंह ने आगे चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत लूट खसोट का अड्डा बना दिया गया है।इसको लेकर नगर पंचायत की जनता अब हल्ला बोल के मूड में है। उन्होंने कहा कि डस्टबीन के पैसा का भुगतान जो हुआ हैं, वह 92 सौ रुपए से है। जबकि, डस्टबीन का सेल्स रेट 1950 रुपए है। उन्होंने कहा कि नील कलम कंपनी का कोटेशन मेरे पास है। इस कोटेशन को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि चौसा नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी उनके प्रतिनिधि डॉक्टर मनोज यादव और नगर परिषद के पूर्व के कार्यपालक पदाधिकारी मिलजुल कर लगातार भ्रष्टाचार किया जाता रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि लगातार नई-नई गाड़ियां बदलते रहते हैं। इतना ही नहीं खुद को सामाजिक नेता कहने वाले चेयरमैन प्रतिनिधि पिस्तौल और राइफल लेकर घूमते हैं।जमीन खरीद कर रहे इनकी संपत्ति की जांच होनी होनी चाहिए कि यह कहां से आता है।





**कार्यपालक पदाधिकारी ने कही जांच की बात**

**नगर पंचायत में नहीं बरती जा रही है पारदर्शिताः** नगर परिषद के उप चेयरमैन प्रतिनिधि विकास राज ने बताया कि नगर पंचायत में सभी पार्षदों के साथ पारदर्शिता नहीं बरती जाती है। बैठकों की कार्रवाई की जानकारी नहीं दी जाती और उपस्थिति पंजी में किए गए हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल कर योजनाओं की स्वीकृति कर ली जाती है। खास बात यह है कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी भी इस संदर्भ में कोई पहल नहीं करते और स्वयं भी भ्रष्टाचार पर लिप्त रहते हैं। ऐसे में इन स्थितियों में सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। किया जायेगा उचित कार्रवाई नगर पंचायत के नवनियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि मामले में जानकारी ली जा रही है। डस्टबीन खरीदने में अगर गड़बड़ी हुई है तो जानकारी लेकर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे के गायब होने की जानकारी भी अब तक लिखित रूप से नहीं मिली है, जानकारी मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वीकेएसयू के अधिकांश कॉलेजों में पीटीआई नहीं

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधिकांश कॉलेजों में पीटीआई नहीं है। यह हाल भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में है। नामांकन के समय विद्यार्थियों से खेल मद में राशि ली जाती है, लेकिन उसका लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिलता है। विवि के अधिकांश कॉलेजों में प्रशिक्षकों की कमी है। प्रशिक्षक नहीं रहने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। जबकि खिलाड़ियों का विकास तभी संभव है जब उन्हें बेहतर प्रशिक्षण मिले। प्रशिक्षण के लिए पीटीआई का होना आवश्यक है। स्थिति यह है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कई अंगीभूत कॉलेज पीटीआई की कमी से जूझ रहे है। पीटीआई नहीं रहने से कॉलेजों में छात्र छात्राओं को खेल की ट्रेनिंग नहीं मिल पा रही है। बाहर टीम भेजने में भी दिक्कत होती है। कुछ ही कॉलेजों के पीटीआई की बदौलत विश्वविद्यालय की टीम बाहर जा रही है। कभी कभार ऐसा भी हो जा रहा है कि किसी खेल की टीम पीटीआई के कारण नहीं जा पाती है। सबसे अधिक परेशानी महिला वर्ग की टीम भेजने में होती है। विवि के एमएम महिला कॉलेज, डीके कॉलेज डुमरांव, श्री शंकर कॉलेज सासाराम में नियमित पीटीआई है। इसमें भी महिला कॉलेज में नियमित पीटीआई है। अन्य कॉलेजों में संविदा पर पीटीआई है। महाराजा कॉलेज और एसबी कॉलेज में संविदा पर पीटीआई है। वीर कुंवर सिंह विवि अंतर्गत 19 कॉलेज है। इसमें अधिकांश जगह पीटीआई का पद रिक्त है। क्योंकि कई कॉलेजों के पीटीआई रिटायर्ड भी हो गये है। जबकि कुछ कॉलेज तो ऐसे है जहां कभी पीटीआई की नियुक्ति ही नहीं हुई है। गौरतलब हो कि एचडी जैन कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, एसएन कॉलेज शाहमल खैरादेव, एस कॉलेज बिक्रमगंज, शेरशाह कॉलेज सासाराम, जेएलएन कॉलेज डेहरी ऑन सोन, रोहतास महिला कॉलेज सासाराम, एसपी जैन कॉलेज सासाराम, एसबीपी कॉलेज भभुआ, जीबी कॉलेज रामगढ़ और एमवी कॉलेज, बक्सर में पीटीआई नहीं है।

### पुत्र ने पिता को मारी गोली, घायल, गिरफ्तार

**कोईलवर।** चांदी थाना क्षेत्र के हरदास टोला गांव में जमीन बिक्री को लेकर उत्पन्न विवाद को लेकर बेटे ने पिता को गोली मार दी। जख्मी अधेड़ को गोली दाहिने पैर में पंजे पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ चांदी थाना क्षेत्र के हरदास टोला गांव निवासी रुदल राय है जो स्व. सर्वदेव यादव का पुत्र है। वह पेशे से किसान है। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच अभियुक्त प्रकाश राय को गिरफ्तार कर लिया। इधर रुदल यादव ने बताया कि उनका पुत्र बराबर शराब पीकर घर में आकर गाली-गलौज करता है। जख्मी अधेड़ रुदल यादव ने अपने ही बड़े पुत्र प्रकाश राय पर गोली मारने का आरोप लगाया है। जख्मी रुदल राय के फर्द बयान पर पुलिस प्रकाश राय उर्फ खेशारी राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### महदह हत्याकांड में अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव में हुए दूध विक्रेता हत्याकांड मामले में मृतक की पत्नी कृष्णावती देवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान और लोकल अनुसंधान के सहारे हत्याकांड के उद्भेदन में जुटी हुई है। पुलिस ने मौके से कुछ समान बरामद किया है जिसे जांच के लिए भेज दिया गया है। महदह गांव के स्व बलराम यादव का पुत्र मनोज यादव 47 वर्ष दूध बेचने का कार्य करता था। मंगलवार की रात घर के बाहर दरवाजे पर सोया हुआ था। जहां पर अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दिया। घटना के बाद एसडीपीओ धीरज कुमार के साथ मुफस्सिल थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच जांच में जुट गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हत्या मामले में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते है। बताया जा रहा है कि मृतक के अलग-बगल भी कुछ लोग सो रहे थे। हत्या के वारदात की जानकारी बगल में सो रहे लोगों को भी नहीं हुई। पुलिस को हत्या मामले में जमीन विवाद और पैसों के लेनदेन की जानकारी हाथ लगी थी। हालांकि पुलिस को जमीन विवाद या पैसों के लेनदेन में हत्या का कोई सुराग अभी तक नहीं मिला है। पुलिस मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

### अपराध की योजना बनाते चार लोग गिरफ्तार

**कोईलवर।** गीधा पुलिस ने अपराध की योजना बनाते चार लोगों को कायमनगर बगीचे से गिरफ्तार किया है।चारों नशे में बताए जाते हैं। चारों को पकड़ने हेतु गई पुलिस पर हमला भी किया गया जिसमें गीधा थाना के जमादार अजीत कुमार जख्मी हो गए। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई थी।जिसमें अंधेरे का फायदा उठाकर दो-तीन अपराधी पुलिस बल से हाथापाई करते हुए भागने में सफल रहे। पुलिस की छापेमारी में नगर थाना के चित्रटोली निवासी मो परवेज, दूध कटोरा निवासी मोहम्मद सुहैल, मिल्की मोहल्ला निवासी नूर आलम, गीधा थाना के कायमनगर निवासी मोहम्मद चांद को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। चारों व्यक्तियों में से मो नूर आलम पेट्रोल पंप के लूट से संबंधित कांड एवं मो सुहेल हत्या के केस में आरा से जेल जा चुके हैं।

### बाइक की ठोकर से दुकानदार की मौत

**कोईलवर।** पुलिस की कोताही व लापरवाही के कारण कायमनगर बाजार पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने एक पचास वर्षीय दुकानदार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक गीधा थाना के मटियारा निवासी अवध बिहारी था जो स्व राम इकबाल सिंह का पुत्र था। वह कायमनगर बाजार पर अपनी किराना दुकान चलाता था। रात साढ़े सात बजे घटी। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि विपरीत दिशा से बगैर लाइट जलाए कायमनगर बाजार की ओर तेज गति से आ रही एक बाइक ने सड़क किनारे खड़े दुकानदार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे वहीं गिर गए और छटपटाने लगे।घटी घटने को देख आसपास दुकानदारों ने हल्ला मचाया जिसके बाद बाजार पर भीड़ लग गई।बगल में दुकान किए छोटे भाई रघुवर अपने साथियों के साथ उन्हें गाड़ी पर लाद सदर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि सैकड़ों वाहने आरा से आने के दौरान अंडरपास के रास्ते न जाकर सीधे उल्टी दिशा में कायमनगर बाजार आते हैं। ऑटो चालक सवारी के लिए इसी रास्ते का प्रयोग करते हैं।इस संबंध में जिला प्रशासन व गीधा पुलिस को कई बार शिकायत दर्ज कराई है।112 पुलिस भी दिन से लेकर रात तक सड़क पर घूमती है पर कोई कार्रवाई करती नजर नहीं आती।

### 5 करोड़ का बीमा कर सूबे में प्रथम स्थान पर

**आरा।** आरा डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में पूरे सूबे में भोजपुर डाक प्रमंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डाक निदेशालय, नई दिल्ली के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया था। 24 जुलाई को डाक निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा देशभर में डाक जीवन बीमा का ड्राइव चलाया गया था। इसमें भोजपुर डाक प्रमंडल ने एक दिन में लगभग 100 लोगों का 5 करोड़ का बीमा किया। इस ड्राइव में केशव पाण्डेय, आदित्य नारायण, जितेंद्र तिवारी , काजल कुमारी एवं अफरोज आलम ने सर्वाधिक प्रदर्शन कर पूरे सूबे में भोजपुर को प्रथम स्थान प्राप्त कराया। डाक विभाग ने इस अभियान में बीमा के लिए लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि इस दौर में जीवन बीमा कितना महत्वपूर्ण है। जहां बीमा कंपनियों द्वारा महंगे प्रीमियम दर पर बीमा करवाया जा रहा है वहीं डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा लाभार्थियों को महज 399 एवं 699 रुपये के प्रीमियम पर वर्ष में क्रमशः पांच और दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जा रहा है। 18 से 65 वर्ष की आयु के लोग करा सकेंगे बीमा डाक अधीक्षक पवन कुमार वर्मा ने बताया कि लाभार्थी को इस दुर्घटना बीमा का लाभ लेने के लिए अगले वर्ष बीमा का पुनः रिन्यू करना होगा। जो व्यक्ति महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ है उनके लिए यह बीमा विशेष रूप से लाभकारी होगा। 18 से 65 वर्ष की आयु के लोग यह "दुर्घटना बीमा सुरक्षा" इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से करवा सकेंगे। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और विभिन्न बीमा कंपनियों के मध्य हुए एग्रीमेंट के तहत यह सुविधा लाभार्थी को दी जाएगी।

# बैंक लूटने की कोशिश, एक को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सरैयां शाखा में अज्ञात चोरों ने बैंक की खिड़की तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया। हालांकि, 24 घंटे के अंदर पुलिस ने कांड का खुलासा कर दिया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 24 घंटे के अंदर इस घटना में संलिप्त दो बदमाशों को पहले चिह्नित किया गया। बाद में एक सदस्य मंटू पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि, दूसरे की तलाश जारी है। पकड़ा गया बदमाश सरैया का निवासी है। दूसरा वांछित श्याम बाबू भी सरैया का निवासी है। उसके पास से बैंक से चुराया गया अटेंडेंस वाला एक बायोमीट्रिक स्कैनर भी बरामद किया गया है। जल्द ही वांछित को धर पकड़ा जाएगा।



**खिड़की का सरिया टूटा हुआ थाः** गुरुवार के सुबह जैसे ही बैंक कर्मी ने बैंक के ताले खोले तो देखा कि खिड़की का सरिया टूटा हुआ है। इसके बाद बैंक में चोरी की घटना होने की बात पूरे बाजार में आग की तरफ फैल गई। आनन फानन में बैंक कर्मी ने कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष पवन कुमार और मुफस्सिल थाना प्रभारी राजीव रंजन वहां पहुंच गए।

**सेफ रूम का ताला तोड़ दिया थाः** घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसमें दो चोरों के कैद होने की बातें सामने आई। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई और अंततः एक को पकड़ लिया।

# भोजपुर में करंट लगने से शख्स की मौत, खेत में बिचड़ा डालने गए थे, तार की चपेट में आने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के हनुमान छपरा गांव में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से खेत में काम कर रहे एक किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक सहार थाना क्षेत्र के हनुमान छपरा (एकवारी) गांव निवास स्व. घूरफेकन राम के 45 वर्षीय पुत्र राजेंद्र राम है एवं वह पेशे से किस थे। उधर घटना के बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण एवं मृतक के परिजन द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर आरा-अरवल मार्ग पर एकवारी बस स्टैंड के समीप शव को सड़क के बीच रख सड़क जाम कर दिया।



**चार घंटे तक सड़क जामः** आक्रोशित लोगों द्वारा करीब चार घंटे तक सड़क जाम रखा गया। सड़क जाम होने का कारण सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतारे लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। चार घंटे तक जब वहां पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचे तो उनके शव को वहां से उठाकर पेरहाप गांव स्थित पावर ग्रेड के पास ले जाकर सड़क जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक वहां भी आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम रखा। सड़क जाम की सूचना पाकर सहार थाना पुलिस,सहार प्रखंड के सीईओ एवं बिजली विभाग के जेई वहां पहुंचे और बीस हजार का अनुदान राशि दिया और जल्द ही मुआवजा भी देने आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम

**विरोध में सड़क जाम**

हट पाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृतक के बेटे विकाश कुमार ने बताया कि गांव बधार में स्थित खेत में बिचड़ा डालने गए थे। वह जिस खेत में बिचड़ा डाल रहे थे। उसी खेत में ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी फुलवंती देवी,दो पुत्री मनीषा कुमारी,अनिता कुमारी व दो पुत्र विकाश कुमार एवं अरविंद कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी फुलवंती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बर्थ-डे पार्टी में युवक को लगी गोली, दोस्त के घर गया था जश्न मनाने, घायल को निजी अस्पताल में कराया भर्ती

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव में गुरुवार की रात बर्थ-डे पार्टी में एक युवक को संदेहास्पद स्थिति में गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में उंगली के ऊपरी हिस्से में लगी है। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी उपेंद्र साह का 18 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार है।

**हाथ में पटाखा फट गया थाः** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इधर, संजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात वह अपने गांव के ही प्रदीप सोनी के पुत्र व अपने दोस्त विजय सोनी के बर्थ-डे पार्टी में उसके घर गया था। जहां पटाखे छोड़ रहा था। तभी हाथ में एक पटाखा फट गया। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को बाएं हाथ में तीन उंगली के ऊपरी हिस्से को गोली छूते हुए निकल गई है। गोली लगने के कारण उसकी उंगली की हड्डी फ्रैक्चर कर गई है। मरीज की स्थिति स्टेबल है। हालांकि युवक कैसे जख्मी हुआ है।



## सड़क हादसे में व्यक्ति की हुई मौत, बक्सर के शख्स की यूपी के मुजफ्फरनगर में गई जान

**बक्सर।** बक्सर के सदर प्रखंड स्थित कुल्हड़िया गांव निवासी 46 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव की मौत यूपी के मुजफ्फरनगर में डयूटी जाने के दौरान हो गई। मृतक पिछले 30 साल से दिहाड़ी पर मजदूरी कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में लगा था। साइकिल से ड्यूटी जाने के दौरान वह गिर गया। इसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना की सूचना से परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के 46 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव उत्तर प्रदेश में पिछले 30 साल से मजदूरी कर अपनी 40 वर्षीय पत्नी अंजू यादव के साथ ही 10 वर्षीय सर्वजीत यादव और 6 वर्षीय बेटी कोमल यादव का भरण पोषण करता था।

# मामी पर जानलेवा हमला करने वाले भांजे को आजीवन कारावास

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत में ओड़वार गांव में तीन साल पहले अपनी ही मामी पर जानलेवा हमला करने वाले भांजे को बक्सर न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।मामले में सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजेन्द्र कुमार ने आरोपी युवक राजेश सिंह को उम्र कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक गोपाल राम और आनंद कुमार ने बताया कि 22 अक्टूबर 2021 को राजपुर थाना क्षेत्र के ओड़वार गांव के कमलेश सिंह ने एफआइआर दर्ज कराया था।

कमलेश सिंह ने पुलिस को बताया था कि उसके पाटीदार चाचा विंध्याचल सिंह ने ग्राम देल्हुआ थाना दिनारा के रहने वाले अपने भगना राजेश सिंह की शादी अगुआ बनकर कराई थी। शादी के बाद राजेश सिंह को दो बच्चे भी हुए थे, हालांकि वह पत्नी के साथ मारपीट करता था। विवाद के कारण पत्नी अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई। इसके बाद फिर वापस नहीं लौटी। इससे राजेश काफी नाराज रहता था। वह अपने मामा से शिकायत करता था कि उनकी ही कराई शादी है और पत्नी उसकी बात नहीं मान रही है। इसके साथ ही वह धमकी देता था कि उसकी पत्नी ससुराल नहीं लौटी तो वह मामी की हत्या कर देगा। घटना के दिन जब महिला शौच के लिए बाहर गई तभी पहले से घात लगाकर बैठे राजेश ने गड़ासे से मामी का एक हाथ काट दिया और चेहरे पर भी वार कर घायल कर दिया। तभी से मामला कोर्ट में चल रहा था।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, निविदा सं.: टीएन-119-24-25, कार्य का नामः** दमदम जंक्शन-नैहाटी जंक्शन शाखा में: वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/बैरकपुर के अधीन लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9ए, 9, 10, 11, 12, 13, 14 (कुल 13 अदद) पर आरडीएसओ के अनुसार स्टैंडर्ड हाइट गेज का प्रावधान एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,78,09,374.46, **बयाना राशि :** रु.2,39,100/-, **क्रम सं.2, निविदा सं.: टीएन-120-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/बैरकपुर के अधीन सियालदह-बैरकपुर शाखा में किमी. 4/28 से दमदम जंक्शन स्टेशन तक और किमी. 6/11 से बेलघरिया स्टेशन तक बैलस्ट वॉल के साथ रेल फेंसिंग द्वारा बाउंडरी वॉल। **निविदा मूल्य :** रु.4,05,61,917.26, **बयाना राशि :** रु.3,52,800/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 19.08.2024 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 19.08.2024 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-131/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. एफ-डीवाई - सीएमई - प्रोड - ओएफएफ-कम्प्रेसर-एएमसी-II, दिनांक 24.07.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिलाः मुंगेर, बिहार, पिनः 811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभवी, क्षमता एवं वित्तीय संपन्न निविदाकारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** जमालपुर वर्कशॉप के दो इलेक्ट्रिक चालित स्क्रू एयर कम्प्रेसर, प्रस्तुतकारक-मेसर्स किर्लोस्कर न्यूमैटिक/ पुणे, क्षमता 1000 सीएफएम प्रत्येक, प्लांट नं. 10840 और 10841 का 03 वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (सीएएमसी) । **कार्य स्थलः** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **निविदा मूल्यः** रु. 34,00,878/- (जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** 68,000/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधिः** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 03 (तीन) वर्ष। **मात्राः** जमालपुर वर्कशॉप के दो इलेक्ट्रिक चालित स्क्रू एयर कम्प्रेसर, क्षमता 1000 सीएफएम, प्लांट नं. 10840 और 10841, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 16.08.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा का माध्यमः** खुली ई-निविदा (कार्य)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता हैः (www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www. ireps.gov. in)** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **टिप्पणीः** बोलीदाताओं/ निविदाकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने निविदा कागजात के साथ-साथ सभी अनुलग्नकों का अवलोकन किया है और साइट का दौरा किया है तथा कार्यों की प्रकृति और साइट की स्थिति के बारे में खुद को संतुष्ट किया है। तत्काल संदर्भ के लिए, जीसीसी को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)-भारतीय रेलवे की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है जिसका डाउनलोड लिंक है http://www.indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/civil engg/General Conditions of Contract April, 2022.pdf
MISC-112/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## खेती और खुदकुशी

भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है, मगर यहां के किसान आज भी कई तरह की समस्याओं और परेशानियों से घिरे हुए हैं। यही वजह है कि किसानों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार की एक रपट के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से जून के बीच राज्य में 1,267 किसानों ने आत्महत्या कर ली। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 11,290 लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिनमें 5,207 किसान और 6,083 खेतिहर मजदूर थे और इनमें महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा थे। इसी तरह वर्ष 2021 में कृषि कार्यों में लगे 10,881 लोगों और 2020 में 10,677 लोगों ने अपनी जान दे दी। किसानों की खुदकुशी के पीछे पारिवारिक कर्ज या आर्थिक संकट को सबसे बड़ी वजह माना जाता है। हालांकि इन आर्थिक परेशानियों के भी कई स्तर हैं। मसलन, प्राकृतिक आपदा, कर्ज का बोझ, फसलों की बढ़ती लागत, घटती आय और फसलों के उत्पादन में गिरावट। महाराष्ट्र सरकार की रपट में कहा गया है कि राज्य में पिछले छह माह में किसानों की खुदकुशी के सबसे ज्यादा मामले विदर्भ क्षेत्र के अमरावती मंडल में सामने आए हैं। बहुत से किसान खेती के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेते हैं और अगर प्राकृतिक आपदा की वजह से फसल बर्बाद हो जाए या उत्पादन कम हो, तो उनके लिए कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाता है। उर्वरक, खेती के लिए उपकरण और सिंचाई पर होने वाला खर्च बढ़ रहा है, जबकि किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। लिहाजा, किसानों की आर्थिक परेशानियां बढ़नी स्वाभाविक हैं। लंबे समय से चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी की मांग भी लंबित है। दूसरी ओर, उद्योग जगत के ऋणों के प्रति सरकार के नजरिए में जो नरमी देखी जाती है, वह किसानों के लिए नहीं दिखती। ऐसे में किसानों की समस्याओं की जटिलता अगर उन्हें आत्महत्या के कगार पर ले जाती है तो इसे एक नतीजे के तौर पर देखा जा सकता है। इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस और कारगर उपाय किए जाने जरूरत है, अन्यथा यह स्थिति और जटिल होगी।

## गरिमा बनाम गुनाह

संवैधानिक पदों का निर्वाह करने वाले लोगों को आपराधिक मामलों में सुनवाई, सजा आदि से इसलिए संरक्षण प्रदान किया गया है कि इससे उस पद की गरिमा आहत हो सकती है। ऐसे लोगों से भी यह स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे उस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। मगर इस तकाजे की कई बार अनदेखी की जाती है। खासकर राज्यपालों के कार्य और व्यवहार को लेकर अनेक मौकों पर अंगुलियां उठी हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया और राजभवन के अधिकारियों ने उसे राजभवन में बंधक बनाए रखा। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत आपराधिक मामलों में संरक्षण प्राप्त है। उन पर तब तक कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक वे अपने पद पर हैं। तब पीड़िता ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि अनुच्छेद 361 के खंड दो में राज्यपालों को दी गई छूट में मामले की जांच पर रोक का कोई उल्लेख नहीं है। यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में जांच में देरी पीड़िता को न्याय दिलाने में बाधा है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले के मद्देनजर अनुच्छेद 361 की समीक्षा को राजी हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा। साथ ही इस सिद्धांत की रक्षा होगी कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव के अनेक मौके देखे गए और उनमें से कई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए उनकी राजनीतिक सक्रियता पर विराम लगाया, उससे भी सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम पर सबकी नजर रहेगी। यों राज्यपालों की नियुक्तियों को लेकर ही लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। सक्रिय राजनीति में लंबा समय बिता चुके लोगों को राज्यपाल पद की जम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे राजभवन में रहते हुए भी अपने दल और केंद्र सरकार की इच्छाओं के अनुरूप काम करते देखे जाते हैं।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

(ललित गर्ग)

> बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है। संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है।

# ताकि सबको मिले पूरा पोषक भोजन

**(जे पी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)**

एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, यानी एफएसएसएआई का दौरा किया, तो मुझे वर्ष 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरुआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था, जब यह प्राधिकरण देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में खुद को स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियां तय करने की बड़ी जिम्मेदारी थी। 22 अगस्त, 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मैंने पहली बार एफएसएसएआई टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो इस प्राधिकरण का दृष्टिकोण स्पष्ट था। इसका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना और नागरिकों व खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक व व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन कोशिशों को 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए 'सुरक्षित, स्वस्थ और सतत' भोजन सुनिश्चित करने का एक समग्र 'संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण' अपनाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआई हमारे देश के खाद्य सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मजबूत खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही गढ़ा जा सकता है। ऐसे में, यह जानकर खुशी हुई है कि एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल व विशेषज्ञ समितियों का काफी विस्तार हुआ है। इनमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानदंडों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेजी आई है। एफएसएसएआई की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिनको साल 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किए गए हैं। इससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों व मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी आवश्यक है। एफएसएसएआई के खाद्य-परीक्षण के बुनियादी ढांचे में बीते आठ वर्षों में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में कैबिनेट ने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए 482 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। एफएसएसएआई ने 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचना शुरू कर दिया है। इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि वनस्पति आधारित प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। एफएसएसएआई ने नई श्रेणियों- जैसे वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों व आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किए हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, एफएसएसएआई कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। एफएसएसएआई ने साल 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (जीएफआरएस) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5443

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5442

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5443

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सत्पाह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मो से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणनकर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5442 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | ■ | र | ह | मा | न |
| व | ■ | का | ना | फूं | सी | ■ | य |
| रा | त | ■ | लि | ■ | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ■ | शो | ■ | न | ट | ख | ट |
| अ | ■ | रा | ज | द | ■ | र | ■ |
| जा | न | व | र | ■ | आ | गो | श |
| न | ■ | स्था | ■ | चौ | गा | न | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर और कारोबार के मामले में दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको आज सामान्य रूप से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी तब जाकर आपको लाभ होगा। सामाजिक संबंध आपके लिए लाभदायक होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। नई योजना की तरफ ध्यान दें तो आपको अचानक से लाभ हो सकता है। आपके लिए दिन लाभ से भरा होगा।

### वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आप कारोबार में जो भी नया करने जा रहे हैं उसमें आपको आगे जाकर भरपूर लाभ होगा। रोजमर्रा के काम में कोताही न बरतें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपको नए संपर्क से लाभ होगा और ऑफिस में भी लोग आपकी मदद करेंगे।

### मिथुन
आज आपके लिए करियर में लाभ होने के योग बन रहे हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिये। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों में हास परिहास में व्यतीत होगा।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं समय से पूर्ण होंगी। किसी की आलोचना करने से बचें वरना आप बुरे फंस सकते हैं। मेहनत करने से लाभ होगा और सफलता आपके कदम चूमेगी। सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। आपको कारोबार के संबंध में कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले एक बार ठीक से विचार कर लेना चाहिए।

### वृश्चिक
आज दिन शुभ है और आपको हर काम आंख खोलकर करने की सलाह है। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा और आपको कुछ नया करने को मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

### धनु
आज हर कार्य में बेहद सावधान रहने की जरूरत है। वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत करने से नई उपलब्धियां प्राप्त करेंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। आज आपको पैसों की उगाही करने के लिए शहर से बाहर भी जाना पड़ सकता है। इस कार्य में आपको सफलता मिलेगी और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए शुभ प्रभाव देने वाला रहेगा। आपके लिए वाहन और भूमि खरीदने के योग बन रहे हैं। उसमें आपको लाभ होगा और अच्छा मुनाफा होगा। स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तु खरीदने में आपका खर्च हो सकता है।

### सिंह
आज दिन दौड़भाग में बीतेगा और आपको ऑफिस में भी अधिक काम करना पड़ेगा। दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। वहीं किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु सेहत का ध्यान रखें। वरना मौसम में बदलाव होने से आपको नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज दिन परेशानियों से भरा होगा और किसी कारण से आपको प्रतिकूलता हो सकती है। आपस में संबंध बिगड़ सकते है और आपकी अनबन हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा। अच्छे कार्य से आपको लाभ होगा।

### मकर
आज करियर में लाभ का दिन है। आज आपकी कोई बड़ी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। मानसिक अशान्ति रहेगी। किसी यात्रा पर जाने की योजना बन रही है और उसमें आपको लाभ होगा। शाम के वक्त कारोबार के सुस्त रहने की वजह से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। अंदर से आपका मन बेचैन रहेगा।

### कुंभ
आज किसी कारण से उलझन में रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। अधिकारी लोगों से आपकी अच्छी पटेगी और इसका आपको लाभ होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं। आपको लाभ होगा।

### मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें तो आपको लाभ होगा। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है। दाम्पत्य में सरसता बनी रहेगी और आपका मन पूरे दिन खुशी में बीतेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंदपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार हावी : आजसू

**गोविंदपुर, एजेंसी।** हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय गोविंदपुर में धरना दिया. धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव एवं सिंदरी विधानसभा प्रभारी वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है. कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक दाखिल खारिज एवं जमाबंदी ऑनलाइन का रेट खोलकर रखे हुए हैं. प्रति डिसमिल के हिसाब से वसूली हो रही है. स्थिति नहीं सुधरी तो वह जनहित याचिका दायर करेंगे. आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि झारखंडी बीडीओ-सीओ होने के बाद भी भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ. अबुआ आवास चयन में विसंगति है तथा द्वितीय किस्त देने में भी मनमानी की जा रही है. मनरेगा योजना में समय पर भुगतान नहीं हो रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी एवं उनके परिजनों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए. अध्यक्षता अल्पसंख्यक महासभा जिलाध्यक्ष नसीम अख्तर गुड्डू एवं संचालन शमीम अंसारी ने किया. केंद्रीय सदस्य शफीक आलम, पप्पू सिंह, गब्बर अंसारी, राजा दास, किशुन सोरेन, अख्तर अंसारी, सागर दास, गौतम महतो, मंजू किस्कू, सुप्रिया कुमारी, मालती देवी, सौरभ महतो, गीता देवी, सुगनी मांझी, दिनेश महतो, राज किशोर महतो आदि ने भाग लिया. धरना के बाद आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ-सीओ को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की.

### रॉयल्टी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बदलेगी जमाडा की तस्वीर

**धनबाद, एजेंसी।** रॉयल्टी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जमाडा की तस्वीर बदल जायेगी. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को रॉयल्टी लेने का प्रावधान किया है. रॉयल्टी को टैक्स नहीं बताया है. गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के नौ बैंच ने इस पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है. रॉयल्टी का पैसा जजमेंट के डेट से मिलेगा या बैक डेट से इस पर अगले बुधवार को फैसला आयेगा. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से जमाडा के कर्मियों में खुशी की लहर है. जमाडा कर्मी के मुताबिक छह अक्तूबर 1994 को बिहार का गजट आया. इसमें खनिज क्षेत्र प्राधिकार का उपयोग कर नियमावली बनायी गयी थी. इसमें कृषि, गैर, आवासीय भूमि को छोड़कर औद्योगिक उपयोग के लिए एक रुपये प्रति वर्ग मीटर, वाणिज्यकर उपयोग के लिए 1.25 रुपये प्रति वर्ग मीटर व अन्य गैर कृषि गैस आवासीय उपयोग के लिए 1.50 वर्ग मीटर से रॉयल्टी वसूलने के लिए जमाडा को अधिकार दिया गया. इसके खिलाफ बीसीसीएल, इसीएल, टिस्को, इसको, बीएसएल, एचएचसीएल, डीवीसी सहित नौ कंपनियों ने हाइकोर्ट में जमाडा के खिलाफ रिट दायर की. 1998 में हाइकोर्ट में जमाडा हार गया. 1999 में जमाडा ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की. पहला, दूसरा सहित नौ बेंच तक सुनवाई हुई. नौ सदस्यीय खंडपीठ ने 27 फरवरी 2024 से 14 मार्च 2024 तक लगातार सुनवाई की. कोर्ट ने जजमेंट सुरक्षित रखा. गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया.

### धनबाद के 2378 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला के 2378 मतदान केंद्रों पर गुरुवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया. धनबाद जिला में कुल 20,60,850 मतदाता हैं. नये मतदाता बनने के लिए नौ अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं. 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा. इसी आधार पर आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने की प्रबल संभावना है. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जुलाई को धनबाद जिला के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया. इसके साथ ही मतदाता सूची में अपना नाम खोजो अभियान शुरू हुआ. जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि अपने-अपने बूथों पर जा कर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं. चुनाव आयोग का एप विकसित कर वोटर हेल्पलाइन पर जा कर भी अपने नाम की जांच कर सकते हैं. अगर किसी का नाम नहीं है, तो अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दे सकते हैं. 27 व 28 जुलाई तथा तीन व चार अगस्त को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलेगा. इन चारों दिन सभी बूथों पर बीएलओ तैनात रहेंगे.

# साहिबगंज में एयरपोर्ट का निर्माण जल्द होगा शुरू, राज्य में विकास को मिलेगी रफ्तार



**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज जिले में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पहल की है।ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही यहां एयरपोर्ट निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यहां एयरपोर्ट का निर्माण हो गया तो साहिबगंज राज्य का इकलौता जिला होगा जो रेल, सड़क, जल व वायु मार्ग से जुड़ा होगा।

इन जिलों के लोगों को होगा फायद

एयरपोर्ट निर्माण से झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़ व गोड्डा के महागामा अनुमंडल के लोगों के साथ-साथ निकटवर्ती कटिहार व भागलपुर तथा पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के लोगों को भी फायदा होगा। गंगा पर बन रहा पुल अगले साल तक चालू हो जाएगा जिसके बाद इस रास्ते नेपाल जाना भी आसान हो जाएगा।

साहिबगंज में एयरपोर्ट के लिए चिह्नित जमीन से कटिहार जिला मुख्यालय की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। ऐसे में कटिहार के लोगों के लिए भी यह सबसे नजदीकी एयरपोर्ट होगा।

चूंकि यहां मल्टी मॉडल टर्मिनल का निर्माण भी कराया गया है ऐसे में भविष्य में वहां से जहाजों का परिचालन शुरू हुआ तो कारोबारियों की आवाजाही भी जिले में बढ़ेगी जिसके लिए एयरपोर्ट जरूरी होगा।

एयरपोर्ट निर्माण के लिए सदर अंचल के हाजीपुर भिट्ठा दियारा में 443.32 एकड़ असर्वेक्षित भूमि चिह्नित कर इसी माह के पहले सप्ताह में नगर विमानन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई थी। हालांकि, करीब दो साल पूर्व भी जिले में एयरपोर्ट निर्माण की पहल शुरू हुई थी। तब बोरियो अंचल में 139.50 एकड़ भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट भेजी गई थी।

एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने जमीन का सर्वे भी किया था लेकिन स्थानीय विधायक लोबिन हेम्ब्रम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। इस वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

पिछले माह परिवहन विभाग (नगर विमानन) विभाग ने उपायुक्त को पत्र लिखकर एयरपोर्ट के लिए वैकल्पिक भूमि चिह्नित करने को कहा था। इसी आलोक में वैकल्पिक जमीन चिह्नित कर विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

22 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में पहुंचे थे। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने मंच से ही इस मामले को उठाया।

उसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को पत्र लिखकर साहिबगंज में एयरपोर्ट निर्माण के लिए पहल करने का अनुरोध किया।

पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह एयरपोर्ट सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यहां से चीन व बांग्लादेश की दूरी काफी कम है। ऐसे में यह जरूरत पड़ने पर वायुसेना को भी सहायता प्रदान कर सकता है।

वैसे सारी कवायद भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण की प्री फिजिविलिटी रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। जल्द ही प्राधिकरण की टीम चिह्नित जमीन के सर्वेक्षण के लिए यहां आएगी।

## एसएनएमएमसीएच की इमरजेंसी में सांड ने कई मरीजों को किया चोटिल



**रांची, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) की इमरजेंसी के बाहर खड़े लोगों पर गुरुवार को दिन में अचानक सांड ने हमला कर दिया. इससे इमरजेंसी के बाहर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी. सांड के हमले में कई मरीज चोटिल हो गये. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे सांड इमरजेंसी के मुख्य गेट पर पहुंच गया.

इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी कुछ मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए स्ट्रेचर से ले जा रहे थे. इमरजेंसी से बाहर निकलते ही सांड ने बाहर खड़े लोगों के साथ स्ट्रेचर से वार्ड ले जाये जा रहे मरीजों पर हमला कर दिया. इस घटना में मरीज स्ट्रेचर से गिर गये. इससे उन्हें चोट आई है. काफी मशक्कत के बाद से स्वास्थ्य कर्मियों ने सांड को खदेड़ कर भगाया.

बता दें कि एसएनएमएमसीएच परिसर चारों ओर से खुला है. ऐसे में आये दिन जानवर परिसर में प्रवेश करते हैं. हाल के कुछ दिनों से अस्पताल परिसर में पशु व सांड का जमावड़ा लगने लगा है. इस वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## भौंरा बाजार की दो दुकानों से हजारों की चोरी, व्यवसायियों ने ओपी पहुंच कर जताया विरोध



**भौंरा , एजेंसी।** भौंरा ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरों के आतंक से लोगों की नींद हराम हो गयी है. आये दिन चोरी की घटनाएं घट रही हैं. बुधवार की रात चोरों ने भौंरा नीचे बाजार स्थित दो किराना दुकानों को अपना निशाना बनाया. बैजनाथ दत्ता की दुकान का दरवाजा तोड़ कर गल्ला में रखे करीब 15 हजार नगदी व काजू, किशमिश, हॉरलिक्स आदि कीमती सामानों की चोरी कर ली. इसके बाद अजय सांवरिया की दुकान का दो ताला तोड़ कर गल्ला में रखे 10 हजार नगदी व काजू, किशमिश, हॉरलिक्स, साबून, सर्फ सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिये. जब सुबह संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली. सूचना पाकर भौंरा पुलिस दलबल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन की. घटनास्थल से एक सब्बल जब्त किया. पीड़ित दुकानदारों ने थाने में शिकायत दी. भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम के नेतृत्व में पुलिस ने भौंरा बाजार के आसपास रहने वाले करीब आधा दर्जन युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. घटना के विरोध में भौंरा चेंबर के आह्वान पर भौंरा बाजार के व्यवसायियों ने दो घंटे अपनी दुकानें बंद रखी. भौंरा चेंबर अध्यक्ष गुड्डू पांडेय के नेतृत्व में भौंरा ओपी पहुंच कर विरोध प्रकट किया. दुकानदारों ने ओपी प्रभारी से क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना पर अंकुश लगाने, पेट्रोलिंग बढ़ाने व घटना का जल्द उद्भेदन करने की मांग की. भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम ने चेंबर के सदस्यों को जल्द घटना का उद्भेदन करने व पेट्रोलिंग तेज करने का आश्वासन दिया.

# झारखंड के खान विभाग ने 10400 करोड़ रुपये की वसूली रॉयल्टी, सबसे अधिक कोयला से



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के खान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजो से 10,400 करोड़ रुपये की रॉयल्टी वसूली है. इससे पहले वित्तीय वर्ष 22-23 में 9798.40 करोड़, 21-22 में 7477.41 करोड़, 20-21 में 4888.36 करोड़, 19-20 में 5165.82 करोड़ व 18-19 में 5974.34 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी.

खान विभाग को सर्वाधिक रॉयल्टी कोयला से मिलती है. लगभग 5500 करोड़ रुपये की रॉयल्टी केवल कोयला से मिलती है. वहीं लौह अयस्क से 3150 करोड़ के करीब रॉयल्टी आती है. शेष रॉयल्टी पत्थर, सोना, यूरेनियम, बॉक्साइट, लाइम स्टोन, कॉपर व अन्य खनिजों से मिलती है. रॉयल्टी के अतिरिक्त झारखंड 1.36 लाख करोड़ रुपये का दावा केंद्र से करता रहा है.

लंबे समय से राज्य सरकार यह मांग करती आ रही है. झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपये भी बकाया है. देर से ही सही, सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है. अब राज्य सरकार खदानों पर बकाये की वसूली के साथ-साथ सेस या अन्य टैक्स लगा सकती है.दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई टैक्स नहीं है. संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार है. इसके बावजूद संसद देश में निर्बाध खनिज विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्यों की इस शक्ति को सीमित कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ ने 8-1 के बहुमत के फैसले में कहा कि संविधान की दूसरी सूची की प्रविष्टि-50 के अंतर्गत संसद को खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं है.

पीठ में सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्ज्ल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं. जस्टिस बीवी नागरत्ना ने मामले पर असहमतिपूर्ण फैसला दिया. उन्होंने फैसला पढ़ते हुए कहा कि राज्यों के पास खदानों तथा खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार नहीं है. वहीं, सीजेआइ ने कहा कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर), 1957 राज्य को खदानों एवं खनिजों पर टैक्स लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है. इसके तहत रॉयल्टी टैक्स की प्रकृति में नहीं है. खदानों और खनिजों पर केंद्र की ओर से अब तक टैक्स वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा.

1989 में तमिलनाडु सरकार बनाम इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड केस में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने कहा था कि खनिजों पर रॉयल्टी एक टैक्स ही है. 2004 में पश्चिम बंगाल बनाम केसोराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मामले की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने कहा कि रॉयल्टी टैक्स नहीं है. 1989 और 2004 में सुनाये गये फैसले से विरोधाभास हुआ.

## बीजेपी ज्वॉइन करेंगे बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक, कार्यकर्ताओं से बोले- आपकी उम्मीद पर खरा उतरूंगा



**बरकट्ठा (हजारीबाग), एजेंसी।** बरकट्ठा भारतीय जनता पार्टी के बरकट्ठा मंडल व चलकुशा मंडल के कार्यकर्ताओ की एक समीक्षा सह रायशुमारी बैठक निर्दलीय विधायक अमित यादव के आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में पिछले पांच वर्षों के दौरान पार्टी के प्रति विधायक अमित यादव के योगदान की सराहना की गई। इसके साथ ही इनके द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में की गई विकास कार्यो की प्रसंशा हुई।

इसके साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने अपनी विधायक अमित यादव को भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया, ताकि आगामी विधानसभा में पुनः वे भाजपा उम्मीदवार बन सके।


बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आप सब अभिभावकों व देवतुल्य कार्यकर्ताओ के आग्रह पर बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। इसके साथ ही आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही नेतृत्व को मजबूत बनाता है। आप के कारण ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक लाख 57 हजार मत प्राप्त हुआ बरकट्ठा विधानसभा अपने आप मे रिकॉर्ड मत देकर सांसद महोदय को दूसरी बार सांसद बनाने का गौरव दिया।

आज केंद्रीय नेतृत्व ने कोडरमा सांसद को कैबिनेट मंत्री बनाया है। मुझे बरकट्ठा के भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व है। हमने कार्यकर्ताओ के कहने पर ही निर्दलीय चुनाव लड़ा पुनः भाजपा में शामिल भी आपके निर्देश पर ही हो जाऊंगा। विधायक अमित यादव ने स्पष्ट कहा कि वह जल्द भाजपा में विधिवत शामिल होकर घर वापसी करेंगे।

बैठक को वरिष्ठ भाजपाई समन ठाकुर, देवेन्द्र पांडेय, अर्जुन नायक, रीतलाल प्रसाद, अनिल आजाद, पूर्व मुखिया रामचंद्र चंद्रवंशी, परमेश्वर साव, केदार साव, रघुबीर प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, छोटेलाल मेहता, पंसस प्रीति गुप्ता, बीरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया मौके पर मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, रघुवीर महतो बीरू मेहता, सुरेंद्र साव, बिंदु सोनी, रीतलाल प्रसाद, विजय यादव, जीवन यादव, शिवशंकर यादव,उमेश यादव, राजकुमार यादव, शंकर साव, समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखंड सरकार ने खनन के लिए केंद्र से मांगे 1.50 लाख करोड़, कोयला मंत्रालय का अधिकारियों संग विचार जारी



**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय कोयला व खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि झारखंड सरकार की ओर से खनन राजस्व मद में डेढ़ लाख करोड़ रुपये की मांग की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय पूरी स्थिति से अवगत होने के बाद झारखंड की मांग पर कोई निर्णय करेगा। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ भी विचार किया जा रहा है।

कोयला मंत्री रेड्डी ने गुरुवार को झरिया फायर एरिया का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि यहां की आग काफी खतरनाक है। इस खतरनाक क्षेत्र में लोग रह रहे हैं। उनके पुनर्वास को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है।

उन्होंने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर झरिया का दौरा करने आए हैं। जल्द ही झरिया के विस्थापितों के लिए संशोधित मास्टर प्लान लागू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों के पुनर्वास को लेकर बेहतर पैकेज तैयार किया गया है।

**कैबिनेट में मंजूरी के लिए फाइल :** जमीन अधिग्रहण एवं पुनर्वास योजना को सबको ध्यान में रखकर बनाया गया है। कैबिनेट में मंजूरी के लिए संचिका भेजी गई है। केंद्र से मंजूरी मिलते ही इसे लागू किया जाएगा। यह भी कहा कि झरिया की आग को नजदीक से देखने का मौका मिला।

यहां के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ। उनकी जो भी समस्याएं हैं, उन पर काम किया जाएगा। पूरी रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी जाएगी। इस मौके पर कोयला सचिव डा. अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सांसद ढुलू महतो आदि उपस्थित थे।

**कोयला मंत्री ने किया कोल सेक्टर में पौधरोपण :** केंद्रीय मंत्री ने बीसीसीएल से कोल सेक्टर में राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां पौधा लगाया। इस दौरान कोल इंडिया सहित ईसीएल, सीसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल सहित तीन सौ क्षेत्र में इसकी शुरुआत हुई।

मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। सभी को कम से कम पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिए। खनन क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण पर रोकथाम के लिए कोयला मंत्रालय के साथ-साथ कोल इंडिया व उनकी अनुषंगी इकाइयों को काम करने के लिए कहा गया है। हरियाली के लिए भी काम किया जा रहा है।

## अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी करार

**बरवाअड्डा, एजेंसी।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने फरार आरोपी श्रवण कुमार महतो को दोषी करार दिया है. सजा पर फैसला 26 जुलाई को होगा. प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर बरवाअड्डा थाने में दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक 22 मार्च को पीड़िता घर में अकेली थी, तब श्रवण उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया. श्रवण उसे बस से कोडरमा फिर वहां से भुवनेश्वर ले गया. वहां उसके साथ जबरन मंदिर में शादी की और दुष्कर्म किया. सुनवाई के दौरान श्रवण फरार हो गया. उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने उसे दोषी करार दिया.

नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले की सुनवाई गुरुवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई. अदालत में धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो हाजिर नहीं हुए.

# 15 साल पुरानी 29,083 गाड़ियों का फेल हो जायेगा रजिस्ट्रेशन



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में 29,083 वाहनों का रजिस्ट्रेशन इस वर्ष फेल हो जायेगा. इनमें 3278 व्यावसायिक व 25,805 निजी वाहन हैं. जून माह में 288 व्यावसायिक व 2117 निजी वाहनों के रजिस्ट्रेशन फेल हो गये. वहीं जुलाई में 300 व्यावसायिक व 2290 निजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन फेल हो जायेंगे. सरकार की कबाड़ नीति के तहत 15 साल पुरानी गाड़ियों को सड़क पर चलाने की इजाजत नहीं है. उन्हें स्क्रैप करना है. 15 साल पुराने वाहन सड़क पर चलते हैं, तो उन्हें जब्त कर लिया जायेगा. इसका उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों की संख्या कम करना है. हालांकि जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन फेल होगा, उनके मालिकों को 5 साल के लिए री-रजिस्ट्रेशन कराने का विकल्प दिया जाएगा. इसके लिए पुराने वाहनों की स्थिति और उसके प्रदूषण स्तर की जांच की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वाहन मानकों के अनुरूप हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि इस निर्णय से न केवल प्रदूषण में कमी आयेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी.

पुराने वाहनों को स्क्रैप करवाने पर उस समय के मूल्य का चार से छह प्रतिशत वाहन मालिक को मिलेगा. स्क्रैप सर्टिफिकेट दिखाकर नया वाहन लेने पर कुल कीमत का पांच प्रतिशत छूट मिलेगी. नया वाहन खरीदने वाले को रजिस्ट्रेशन फी भी नहीं देना होगा.

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पुरानी गाड़ियों के री- रजिस्ट्रेशन को लेकर भी नियम बनाया गया है. पहले प्राइवेट गाड़ियों के री-रजिस्ट्रेशन के लिए 1000 रुपये देना पड़ता था. इसे बढ़ाकर अब 5000 रुपये कर दिया गया है. इसी तरह प्राइवेट बाइक का रजिस्ट्रेशन फीस 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है. विदेशी गाड़ियों का री-रजिस्ट्रेशन के लिए पहले 15,000 रुपये लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 40,000 रुपये कर दिया गया है.

नियमों के अनुसार गाड़ियों का री-रजिस्ट्रेशन कराने से पहले सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एटीएस से फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर आरटीओ में जमा कराना होगा. उसके बाद आरटीओ पांच साल के लिए लाइसेंस जारी करेगा. इसके लिए गाड़ी को एटीएस सेंटर पर लेकर जाना होगा और फिर मैकनिकल इक्यूपमेंट के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट बनेगा. एटीएस सेंटर पर आपकी गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट लेने का मौका सिर्फ दो ही बार मिलेगा. अगर दो बार में फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बन पाता है, तो गाड़ियों का री- रजिस्ट्रेशन नहीं हो पायेगा.

## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर से लखनऊ के रास्ते राहुल गांधी ने जाना जनता का हाल, मोची की दुकान पर रुके



**सुलतानपुर , एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी यूपी के सुलतानपुर में आज एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होने पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में राहुल गांधी सुल्तानपुर की एक अदालत में पेश हुए। राहुल गांधी ने सुलतानपुर में आम जनता से भी मुलाकात की। कोर्ट से वापस लौटते समय राहुल गांधी एक दुकान पर रुके और दुकान चलाने वाले मोची से उन्होंने बातचीत की। राहुल गांधी कोर्ट से वापस लखनऊ एयरपोर्ट जाते समय सुलतानपुर जिले के गुप्तार गंज कस्बे में सड़क किनारे एक मोची की दुकान पर रुके। राहुल कूरेभार थाना क्षेत्र के विधायक नगर चौराहे के पास रुके। राहुल गांधी ने मोची से जूते बनाने के बारे में जानकारी की। उन्होंने मोची से जूते बनाने से होने वाली आमदनी के बारे में भी पूछा। मोची रामचेत ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राहुल ने उन्हें जूता सिलते हुए देखा और सिलने से जुड़ी जानकारी ली। राहुल गांधी ने सुलतानपुर से लखनऊ के रास्ते में लोगों से बातचीत की। उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर रास्ते में मिले छात्रों से भी उनकी समस्याएं सुनीं। नीट के छात्रों से राहुल गांधी ने पेपर लीक पर भी चर्चा की और उनसे जाना की पेपर लीक का क्या हल है। इस पर छात्रों ने कहा कि दोबारा परीक्षा होना ही हल है। छात्रों ने ये भी कहा कि उन्हें लगता है कि पेपर लीक हुआ है। गौरतलब हो कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 2018 में राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इस मामले में सुल्तानपुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्रा ने उनके खिलाफ परिवाद दायर की थी। विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। इस साल फरवरी में राहुल गांधी को कोर्ट से इस मामले में जमानत मिली थी।

### केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली की वाईफाई का पासवर्ड हैं



**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। अखिलेश् यादव ने कहा कि मौर्य जी दिल्ली के मोहरा हैं। वह दिल्ली के वाई फाई के पासवर्ड हैं। अब आप दिल्ली के वाई फाई के इस पासवर्ड का खेल देखिए। वैसे हमारा विंटर ऑफर खुला है। वह कोटा को लेकर पत्र लिख कर दोहरी भूमिका निभाना चाहते हैं। अखिलेश ने कहा कि यूपी में टॉप पदों पर कौन लोग बैठे है। यह भी देखिए। लोग सपा को जातिवाद बता रहे हैं। भाजपा के नेता खुद कह रहे हैं कि आज जैसा भ्रष्ट्चार पहले कभी नहीं रहा। पुलिस एनकाउंटर का रेट लगाती है। हत्याओं का दौर चल रहा है। बीजेपी के लोग ही कानून व्यवस्था बिगाड़ रहे है। दिल्ली व लखनऊ मिल कर काम करते तो ना जाने यूपी कितनी प्रगति कर लेता है। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था को समाजवादी पार्टी कभी स्वीकार नहीं कर सकती। मैं खुद मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हूँ, मेरे कई मित्र सेना में हैं। आप 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं तो आप नौजवान को फौज को पक्की नौकरी नहीं दे सकते? भाजपा के लोग बहुत परेशान हैं इस समय,उन्हें नही पता क्या मुद्दे इस समय उठाया जाए। मदरसों में पढ़ाई अच्छी होनी चाहिए। उनकी जो व्यवस्था थी बोर्ड की उसपर सरकार को ज्यादा हस्तक्षेप नही करना चाहिए।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उत्तरखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की चार बड़ी घोषणाएं

# राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जायेगी

- शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 02 साल से बढ़ाकर 05 साल किया जायेगा।
- शहीदों के आश्रितों को अब जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी समूह 'ग' और समूह 'घ' के पदों पर भी नियुक्ति प्रदान की जायेगी।
- सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किये जायेंगे।

निज संवाददाता





**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) पर गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों के परिवार जनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला और निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने 04 घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जायेगी। शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 02 साल से बढ़ाकर 05 साल किया जायेगा। शहीदों के आश्रितों को अब जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी समूह 'ग' और समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में माँ भारती की रक्षा के लिये हमारे वीर जवानों ने पराक्रम और अदम्य साहस का परिचय दिया। भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में जिस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल की यह विजय गाथा भी उत्तराखंड के वीरों के बिना अधूरी है और अपने 75 सपूतों का बलिदान ये वीर भूमि कभी नहीं भुलाएगी। जिस सांस्कृतिक परिवेश और विचारों ने हम सभी को पोषित किया है, उस संस्कृति में मान्यता है कि देशभक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक पुत्र होने के नाते उन्होंने बचपन से ही एक सैनिक और उसके परिवार के संघर्ष को देखा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे। हमने युद्ध भी जीता और वैश्विक स्तर पर कूटनीति में भी जीते। अटल जी ने शहीदों का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव में राजकीय सम्मान के साथ करने की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से सेना न केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति भी बढ़ रही है। हमारी सरकार जहां एक तरफ सेना के आधुनिकीकरण पर बल दे रही है, वहीं सैनिकों और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को भी बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री जी निरंतर सैनिकों के साहस और मनोबल को बढ़ा रहे हैं और यही कारण है कि सेना आज गोली का जवाब गोले से दे रही है। आज भी प्रधानमंत्री ने कारगिल वॉर मेमोरियल, लद्दाख में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण का प्राविधान किया जायेगा, इसके लिए एक्ट लाया जायेगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार सरकार द्वारा सेवायोजित किया जा रहा है। अभी तक 26 आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य के वीरता पदक से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त धनराशि में वृद्धि की गई है। देहरादून के गुनियालगाँव में प्रदेश के शहीदों की स्मृति में अत्याधुनिक एवं समस्त सुविधाओं युक्त 'शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है जिसमे प्रदेश के समस्त शहीदों के नाम अंकित किये जायेंगें। उन्होंने कहा कि हर्बटपुर में सैनिक कल्याण का दूसरा कार्यालय खोला जा रहा है। कार्यक्रम में सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, मेजर जनरल सम्मी सबरवाल (से.नि), लेफ्टिनेंट जनरल अश्वनि कुमार (से.नि), मेजर जनरल के.एस राणा (से.नि), ब्रिगेडियर कीर्ति बहल (से.नि), ब्रिगेडियर हरीश सेट्ठी (से.नि), निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल (से.नि), एमडी उपनल ब्रिगेडियर जे.एस. बिष्ट (से.नि), जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी देहरादून अजय सिंह एवं अन्य सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक और शहीदों के परिवार जन उपस्थित थे।

## राजस्थान पीटीईटी काउंसलिंग प्रक्रिया में बदलाव

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पीटीईटी काउंसलिंग प्रक्रिया में बड़ा बदलाव कर दिया है। इस कदम से काउंसलिंग में कॉलेज अलॉट होने के बाद कई ऐसे स्टूडेंट्स के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी जो अपने पसंद का कॉलेज न मिलने से परेशान थे। इस साल पीटीईटी काउंसलिंग में पहले जहां अपवर्ड मूवमेंट प्रक्रिया होती थी, अब इसके बजाय अभ्यर्थियों से कॉलेज बदलने के लिए वापस फ्रेश चॉइस भरवाई जाएगी। इसके लिए आप 28 जुलाई से आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। री चॉइस का लिंक तभी एक्टिवेट कर दिया जाएगा। इसके लिए वर्धमान महावीर खुला विवि कोटा ने काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान अपवर्ड मूवमेंट का लिंक अधिकारिक वेबसाइट से हटा दिया है। अभी तक के पीटीईटी के नियमों के अनुसार अपवर्ड मूवमेंट में अभ्यर्थी की काउंसलिंग में भरी गई कॉलेज चॉइस में से आवंटित कॉलेज से ऊपर की बची चॉइस को ही शामिल किया जाता है। ऐसे में बाहरी जिले आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अपवर्ड मूवमेंट में भी दिक्कतें पेश आ रही थी। ऐसे में वीएमओयू ने 21 से 26 जुलाई तक अपवर्ड मूवमेंट के लिंक को बंद कर दिया था।

ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार उम्मीदवार को सीट अलॉटमेंट उनके द्वारा राजस्थान PTET 2024 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा, किसी भी उम्मीदवार को सीट उनके जिले या फिर स्थान के हिसाब से आवंटित नहीं की जाएगी। कॉलेज अलॉटमेंट करते समय उम्मीदवार द्वारा भरी गई वरीयता, फैकल्टी, टीचिंग विषय और कॉलेज की च्वॉइस भी देखी जाएगी।

## राजस्थान में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश

### 4 डिग्री गिरा तापमान; वीकेंड का जान लीजिए हाल



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में मानसून की सक्रियता के चलते पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश और ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भारी, जबकि कई अन्य स्थानों पर हल्की बारिश हुई। अगले चार से पांच दिनों में पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों और पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बारिश की वजह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

**कहां कितनी बारिश:** जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान दौसा में 20 सेंटीमीटर (सेमी), करौली में 13 सेमी, बसवा में 11 सेमी, सवाई माधोपुर के बौंली में नौ सेमी, अलवर के लक्ष्मणगढ़ में नौ सेमी और राज्य के अनेक स्थानों पर सात सेमी से एक सेमी तक बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक कोटा में 60.6 मिलीमीटर (मिमी), सीकर में 32 मिमी, राजधानी जयपुर में 25.8 मिमी और चित्तौड़गढ़-बीकानेर में बूंदाबांदी दर्ज की गई।

बीकानेर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 38.5 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 38.2 डिग्री सेल्सियस, हनुमानगढ़ के संगरिया में 38 डिग्री, पिलानी में 37.5 डिग्री, फलोदी में 37.4 डिग्री, धौलपुर में 37.2 डिग्री और अन्य स्थानों पर 35.8 डिग्री सेल्सियस से लेकर 29.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं राज्य के सभी स्थानों पर बीती रात का तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 24.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

**जारी रहेगा बारिश का सिलसिला:** जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम बना हुआ है, जिसके कारण मानसून की ट्रफ लाइन गंगानगर, जयपुर से होकर गुजर रही है। उन्होंने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के प्रभाव से अगले चार-पांच दिन में पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों और पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है।

## किसानों को 23 हजार करोड़ ऋण वितरित करेगी भजनलाल सरकार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार किसानों के लिए हितों पर 23 हजार करोड़ का फसली ऋण वितरित करेगी। सहकारिता राज्यमंत्री ने विधानसभा में यह घोषणा की है।सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने बताया कि प्रदेश की 20 प्रतिशत आबादी सहकारिता से जुड़ी है। राजस्थान की 41 हजार सहकारी समितियों की 21 हजार 480 करोड़ रुपए से अधिक हिस्सा पूंजी व एक लाख 37 हजार 96 करोड़ रुपए से अधिक कार्यशील पूंजी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 23 हजार करोड़ रुपए का फसली ऋण वितरण किया जाएगा और 5 लाख नए सदस्य जोड़े जाएंगे।

सहकारी बैंकों के जरिए 100 करोड़ रुपए का दीर्घकालीन ऋण वितरित होगा।500 मीट्रिक टन तक क्षमता के गोदाम बनेंगे।सभी सहकारी समितियों को ऑनलाइन किया जाएगा, अब तक 1231 समितियां गो-लाइव समितियों के बोर्ड सदस्यों व व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण।प्रत्येक ग्राम पंचायत पर सहकारी समिति एवं प्रत्येक ब्लॉक पर महिला सहकारी समिति होगी। सहकारी बैंकों में 5 साल बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।



सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने किसान सम्मान निधि अभी 12 हजार रुपए करने के बजाय इसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाने की बात कही। उन्होंने गृह निर्माण समितियों में अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई में लाचारी जताते हुए कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए नया को-ऑपरेटिव कोड लाया जाएगा। उन्होंने 23 हजार करोड़ रुपए का फसली ऋण उपलब्ध कराने, किसानों को किराए पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए एक हजार नए कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने और 700 पदों पर भर्ती की घोषणा

## उत्तराखंड आने वाले पर्यटक रखें ध्यान ! अब से सभी वाहनों में डस्टबिन या कचरा बैग रखना हुआ जरूरी

**देहरादून, एजेंसी।** देशभर से उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों के लिए जरूरी खबर है। अब से उत्तराखंड की सीमा में एंट्री करने वाले सभी वाहनों में डस्टबिन (कूड़ेदान) या कचरा बैग रखना अनिवार्य हो गया है। इस नियम का पालन नहीं करने वाले लोगों के चालान भी काटे जाएंगे। उत्तराखंड सरकार ने गुरुवार को राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों में डस्टबिन और कचरा बैग रखना अनिवार्य करने के नियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखा जा सके। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि वाहनों के लिए ट्रिप कार्ड जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें डस्टबिन या कूड़ा-कचरा जमा करने वाले बैग लगे हुए हैं या नहीं। इससे पर्यटकों, टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी तय होगी।

इस संबंध में उत्तराखंड परिवहन विभाग ने हाल ही में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को पत्र लिखकर सूचित कर दिया गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान राज्य में आने वाले वाहनों के लिए डस्टबिन और कचरा बैग रखना अनिवार्य है, ताकि यात्री सड़कों पर कूड़ा न फैला सकें।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड में आने वाले वाहनों की जांच की जाए और अगर उनमें डस्टबिन या कचरा बैग नहीं हैं तो उनके चालान काटे जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंसियों, ड्राइवरों और आम जनता को इस नियम के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।

उत्तराखंड एक पर्यटन राज्य है। राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखना और इसके पर्यावरण की रक्षा करना इसके निवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। राधा रतूड़ी ने कहा, हर साल लाखों पर्यटक और श्रद्धालु राज्य में आते हैं।

# कोई प्लॉट के लिए बेकरार, किसी को रास्ते की दरकार; 25 साल बाद भी हरियाणा में कारगिल शहीद परिवारों की अनदेखी

**गुरूग्राम, एजेंसी।** करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देश आज अपने शहीद जवानों के बलिदान और वीरगाथा को याद कर रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में करगिल युद्ध हुआ था। भारतीय सेना के जवानों ने इस युद्ध के दौरान कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों में अदम्य वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। भारतीय सेना ने लद्दाख में स्थित करगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने तक चले युद्ध में जीत हासिल करते हुए 26 जुलाई 1999 को %ऑपरेशन विजय% की सफल समाप्ति का ऐलान किया था। पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में इस दिन को %करगिल विजय दिवस% के रूप में मनाया जाता है। कारगिल युद्ध के 25 साल बाद भी हरियाणा में फरीदाबाद से गुरुग्राम तक कुछ जगहों पर शहीदों के परिवारों को आज भी सरकारी मदद और वादों के पूरे होने का इंतजार है। कारगिल में अपना अदम्य साहस दिखाने वाले शहीद जाकिर हुसैन और बिजेंद्र कुमार के परिजन हर दर मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसी भी सरकारी दफ्तर से उन्हें आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला।





शहीदों के बलिदान की बदौलत कारगिल जंग में देश को विजय मिली थी और टाइगर हिल्स पर तिरंगा फहराया गया था। इस युद्ध में जान की बाजी लगाने वाले शहीद के परिजन सरकारी घोषणाओं को पूरा करवाने के लिए भटक रहे हैं। बल्लभगढ़ के गांव सोफ्ता के शहीद जाकिर हुसैन के परिवार को 25 साल बीतने के बाद भी सरकारी घोषणाओं में मिलने वाला प्लॉट आज तक नहीं मिला है। परिजनों का आरोप है कि घोषणा के बाद पटवारी नाप-तौल तो कर गए, लेकिन शहीद की आज भी विधवा प्लॉट से महरूम है। इनके अलावा गांव मोहना के शहीद विरेंद्र सिंह के परिजनों को घोषणा के 25 साल बाद प्लॉट की निशानदेही मिली। शहीद के परिजनों की पीड़ा शहीद जाकिर हुसैन के बेटों ने बुधवार को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनके पिता को शहीद हुए 25 साल हो चुके हैं। जब उनके पिता शहीद हुए उनकी उम्र छोटी थी। मां रजिया उम्र 55 साल शिक्षित नहीं थी। इसी कारण प्रशासन ने उन्हें मिलने वाले प्लॉट की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। रजिया ने बताया कि उस समय पटवारी आए थे और प्लॉट के बारे में बता जरूर रहे थे, लेकिन उसके बाद आज तक प्रशासन की ओर से प्लॉट का जिक्र तक नहीं किया गया और उन्हें प्लॉट नहीं मिला।

## अजित के लिए पूरी तरह बंद हुए चाचा शरद पवार के दरवाजे? बड़ा दावा कर गए करीबी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं। एक ओर उनकी अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से नेता छिटक रहे हैं। वहीं, अब चाचा शरद पवार के करीबी और वरिष्ठ नेता ने साफ कर दिया है कि अजित के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। बीते महीने घोषित हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों में एनसीपी खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता जयंत पाटिल ने गुरुवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाली ह्रष्टक्क के साथ गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। पाटिल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी को हाल के लोकसभा चुनाव में लोगों से जबरदस्त समर्थन मिला, जिसके कारण महा विकास अघाड़ी के तहत उसने जिन 10 सीट पर चुनाव लड़ा उनमें से आठ पर उसे जीत मिली।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राकांपा केवल रायगढ़ से ही जीत पाई, जबकि बारामती और शिरुर में वह प्रतिष्ठा की लड़ाई हार गयी। पाटिल ने कहा, राकांपा दो दलों में बंट गई है। दोनों के अपने-अपने चुनाव निशान हैं। दोनों के बीच गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। हाल ही में पिंपरी चिंचवाड़ के एनसीपी चीफ अजित गव्हाणे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### एशिया कप 2024

## भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

- शान के साथ किया फाइनल में प्रवेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 एशिया कप 2024 का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच दाम्बुला के रंगिरी दाम्बुला इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए 81 रन का लक्ष्य दिया है। भारत की सधी हुई गेंदबाजी के कारण बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर सिर्फ 80 रन ही बना पाई। बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना और शोर्ना अख्तर ही दहाई का आंकड़ा छू पाई। निगार सुल्ताना ने 32 रन बनाए। शोर्ना अख्तर 19 रन बनाकर नाबाद रहीं।

निगार सुल्ताना महिला एशिया कप 2024 में पहली बार आउट हुईं। भारत की ओर से रेणुका सिंह ठाकुर ने 4 ओवर में 10 रन और राधा यादव ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3-3 विकेट लिए। रेणुका और राधा दोनों ने अपने स्पेल का आखिरी ओवर मेडन डाला। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। उसने अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया। भारत की प्लेइंग इलेवन में 3 बदलाव हैं। दयालन हेमलता, एस संजना, अरुंधति रेड्डी की जगह उमा छेत्री, हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।

पिछले मैच में हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना ने भारतीय टीम की कमान संभाली थी। जवाब में इंडिया ने बिना विकेट खोए 11 ओवर में 83 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया। मंधाना 55 एवं सेफाली वर्मा 26 रन बनाकर नाबाद रहीं।

## बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों की 31 जुलाई को होगी बैठक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीआई और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है।

आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करके फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीएम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन की संख्या पांच या छह रखी जा सकती है। रिटेंशन को सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के लिए पाकिस्तान से आया अनोखा बयान

# हम अच्छे लोग हैं...





**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के लिए किसी भी कीमत पर राज़ी होती नहीं दिख रही है। चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर लगातार बयानबाजी भी देखने को मिल रही है. तमाम पाकिस्तानी क्रिकेटर्स अपनी-अपनी राय रख चुके हैं.

कोई कह चुका है कि भारत के बगैर की चैंपियंस ट्रॉफी खेले लेंगे. लेकिन अब चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर शोएब मलिक ने बड़ा ही अनोखा बयान दिया है. मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान आने की दरख्वास्त की है. मलिक ने टीम इंडिया से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आने का अनुरोध करते हुए कहा कि हम बहुत अच्छे लोग हैं.

पाकिस्तान क्रिकेट से बात करते हुए, शोएब मलिक ने कहा, देशों के बीच जो भी आपत्तियां हैं, वह अलग मुद्दा है और उसे अलग से हल किया जाना चाहिए. राजनीति खेल के अंदर नहीं आनी चाहिए. पिछले साल पाकिस्तान की टीम भारत गई थी और अब टीम इंडिया के लिए अच्छा मौका है. मुझे लगता है कि टीम में कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने पाकिस्तान में नहीं खेला है, इसलिए यह उनके लिए अच्छा होगा. हम बहुत अच्छे लोग हैं. मुझे यकीन है कि इंडिया टीम को ज़रूर आना चाहिए.

**पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया?**

अगर मीडिया रिपोर्ट्स की मानी जाए तो यही पता चलता है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहा है. कुछ रिपोर्ट में तो यह भी बताया गया था कि अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं. पीसीबी ने इस बात को आईसीसी पर छोड़ दिया कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान आए.

**2023 के एशिया कप में भी पाकिस्तान नहीं गई थी टीम इंडिया:** गौरतलब है कि 2023 में हुए एशिया कप की मेज़बानी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था. एशिया कप में भारतीय टीम ने अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में खेले थे. अब देखना दिलचस्प होगा कि चैंपियंस ट्रॉफी पर क्या नतीजा निकलता है.

## उनकी सोच एक जैसी है... नए कोच और नए कप्तान के दृष्टिकोण पर बोले शुभमन गिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पूरी तरह से तैयार है। टी20 विश्व कप के बाद शुभमन जिमबाब्वे दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया का नेतृत्व किया और जिमबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 4-1 से जितवाने में टीम इंडिया को मदद की। अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नए कप्तान और नए कोच पर उन्होंने अपनी राय रखी है। उन्होंने टीम के लिए दृष्टिकोण के मामले में गंभीर और सूर्यकुमार की सोचने की प्रक्रिया को समान माना। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई एक ही विचार पर है। मैं सूर्य भाई के नेतृत्व में खेला हूं और मुझे लगता है कि उनके (गंभीर और सूर्यकुमार) संचार और सोचने का तरीका समान है।




टी20 से रोहित के संन्यास के बाद, गिल के पास यशस्वी जयसवाल के रूप में एक नया ओपनिंग पार्टनर है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेते हैं, खासकर जिस तरह के शॉट्स हम दोनों खेलते हैं, हम एक-दूसरे के पूरक होते हैं। दाएं-बाएं संयोजन होने के नाते...हमने एक साथ जो मैच खेले हैं उनमें हमारी साझेदारी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास 150 रन की दो साझेदारियां हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी समझ और संचार है और यह बहुत आनंददायक है।

गिल ने भारत के नवनियुक्त सहायक कोच अभिषेक नायर की भी प्रशंसा की, जिनके साथ उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स में काम किया था। उन्होंने कहा कि वह (नायर) मैदान पर बहुत प्रयास करते हैं। वह खिलाड़ियों के साथ तब तक रहते हैं जब तक वे अपने कौशल से संतुष्ट नहीं हो जाते। यह उनका सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है। शुभमन ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ तीन टी-20 और तीन वनडे टेस्ट मैचों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपकप्तानी मिलने पर अतिरिक्त दबाव के सवाल पर कहा कि इससे (उप-कप्तानी) ज्यादा बदलाव नहीं होता है। जब मैं वहां बल्लेबाजी करता हूं, तब भी मुझे प्रदर्शन करने की जरूरत होती है और मुझे टीम के लिए मैच जीतने की जरूरत होती है।

### पेरिस ओलंपिक 2024

## आर्चरी में भारतीय पुरुष टीम का कमाल, डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में आर्चरी में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने बहुत ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है और टीम इवेंट में क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव ने अच्छा खेल दिखाया और सटीक निशाने लगाए।

**तीसरे नंबर पर रही भारतीय पुरुष टीम**

आर्चरी के रैंकिंग राउंड में भारती पुरुष टीम तीसरे नंबर रही है। टीम ने कुल 2013 अंक का स्कोर किया है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा ने 681 व्यक्तिगत स्कोर, तरुणदीप राय ने 674 व्यक्तिगत स्कोर, प्रवीण जाधव ने 658 व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया है। इसी वजह से भारत का कुल स्कोर 2013 हो गया है और भारतीय पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह मिल गई है। रिपब्लिक ऑफ कोरिया की टीम पहले नंबर पर है। टीम ने 2049 का स्कोर किया है। वहीं 2025 स्कोर के साथ फ्रांस की टीम दूसरे नंबर पर रही है। चीन ने 1998 का स्कोर किया है। चीन की टीम चौथे नंबर पर है। अब आर्चरी में भारत, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, फ्रांस और चीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

**आर्चरी के रैंकिंग राउंड में पुरुष टीमों का स्कोर-**

दक्षिण कोरिया - 2049 अंक
फ्रांस - 2025 अंक
भारत - 2013 अंक
चीन - 1998 अंक

भारत के पुरुष तीरंदाजों का व्यक्तिगत स्कोर-

बोम्मदेवरा धीरज (681 अंक) - चौथा स्थान
तरुणदीप राय (674 अंक) - 14वें स्थान पर
प्रवीण जाधव (658 अंक) - 39वें स्थान पर

**आर्चरी के मिक्स्ड इवेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम**

धीरज बोम्मदेवरा ने 681 अंक और अंकिता भकत ने 666 अंक जोड़े। इस तरह भारतीय मिक्स्ड इवेंट में 1347 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर रही है। मिश्रित स्पर्धा के राउंड 16 में भारत का मुकाबला इंडोनेशिया से होगा और क्वार्टर फाइनल राउंड में संभावित रूप से भारत का सामना चीन से हो सकता है।

### हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद पर

## जसप्रीत बुमराह ने शेयर की ड्रेसिंग रूम के अंदर की बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दौरान मुंबई इंडियंस की टीम कप्तानी को लेकर चर्चा में रही। मुंबई प्रबंधन ने रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। इसका मुंबई के प्रशंसकों ने मैच के दौरान विरोध करना शुरू कर दिया। हार्दिक को तो मैदान पर ही काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

वानखेड़े स्टेडियम में कुछ प्रशंसकों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। इस मामले पर मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद के दौरान ड्रेसिंग रूम का क्या माहौल था, पर खुलकर बात की है। बुमराह ने कहा कि कभी-कभी हम समझते हैं, हम ऐसे देश में रहते हैं जहां भावनाओं की बात होती है। हम समझते हैं कि प्रशंसक भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भावुक होते हैं। इससे यह प्रभावित होता है कि आप एक भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन आपके प्रशंसक अच्छी तरह से बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन आपको इसे अपनी ठुड्डी पर रखना होगा।

यह इतना आसान नहीं है। वे चिल्ला रहे हैं। आप इसे सुन सकते



हैं। लेकिन तब आपका आंतरिक घेरा मदद करता है। हम एक टीम के रूप में उनके साथ थे, उनसे बात कर रहे थे। उनका परिवार हमेशा वहां रहेगा जब हमने विश्व कप जीता तो वह कहानी भी बदल गई। बुमराह ने कहा कि आप इसे गंभीरता से नहीं ले सकते। अब जब लोग प्रशंसा करते हैं तो यह सब कुछ या अंत नहीं होता। जब हम एक गेम हारते हैं तो वह कहानी फिर से बदल सकती है। यह एक खिलाड़ी की यात्रा का हिस्सा है। यह उचित नहीं है। एक टीम के रूप में हम एक आदमी को पीछे नहीं छोड़ सकते।

हम एक-दूसरे के लिए हैं। हम एक-दूसरे की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने हार्दिक के साथ बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारी दुनिया के खिलाफ हैं। आप बहुत ज्यादा परिचय नहीं देना चाहते। हम साथ थे और जरूरत पड़ने पर उसकी मदद करने की कोशिश कर रहे थे। बुमराह ने इस दौरान आईपीएल में शुरुआत और रोहित के साथ रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब मैं क्रिकेट में आया, तो मुझे बहुत कुछ नहीं पता था।

मैंने जब आईपीएल खेलना शुरू किया तो मैं रोहित शर्मा के पास जाकर कहता था कि आप फील्ड सेट करें, मुझे नहीं पता। मैं यह गेंदबाजी करने जा रहा हूं। यह गेंद होगी। आप फील्ड सेट कर दो। मुझे आप पर भरोसा है, फील्ड कोई भी हो आप फील्ड सेट करते हैं- फिर धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं दूसरों पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रह सकता, तब मैंने कला सीखना शुरू किया।

## गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना मुख्य चुनौती: रवि शास्त्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अनुभव के बावजूद भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना बड़ी चुनौती होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद रिव्यू कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का प्रमुख काम है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इसे कैसे करता है। उसके पास ये सब करने का पर्याप्त अनुभव और साधन है।

वह खिलाड़ियों को जल्द से जल्द समझने का प्रयास करेगा कि उनकी क्या विशेषता है, वे किस तरह के इंसान हैं, उनका व्यक्तित्व और स्वभाव कैसा है। एक इंसान को समझने के लिए कई तरह के मानक होते हैं'। उन्होंने कहा, 'वह समकालीन है और मेंटॉर के रूप में उसका पिछला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र अच्छा गया है। उसकी उम्र भी सही है और वह अभी युवा भी है। वह नए आइडियाज के साथ टीम में आएगा।

## 15 और 16 अगस्त 2024 को होगी प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 की नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मशाल स्पोर्ट्स के मुताबिक प्रो कबड्डी लीग के नए सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 15 और 16 अगस्त 2024 में होगी। प्रो कबड्डी लीग का



10 साल का सफर काफी शानदार रहा है। लीग की शुरुआत 10 साल पहले मुंबई में यू मुंबा और जयपुर पिंक पैंथर्स टीमों के बीच खेला गया था। वही पिछले सीजन का आयोजन 2 दिसंबर 2023 से शुरू होकर 1 मार्च 2024 तक चला था। जिसमें पुनेरी पल्टन और हरियाणा स्टीलर्स के बीच फाइनल खेला गया था। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की विजेता पुनेरी पल्टन रही थी। इसके साथ ही प्रो कबड्डी लीग 10 सीजन पूरे करने वाली भारत की दूसरी लीग बन गई है।

प्रो कबड्डी लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा की हमें ये बताने में खुशी हो रही है की प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होगी। कबड्डी काफी लंबे समय से भारत का लोकप्रिय और अनूठा खेल रहा है। भारत में लगातार प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता में इजाफा देखने को मिला है। वही इस लीग की वजह से भारतीय कबड्डी टीम में भी कई युवा खिलाड़ियों जलवा देखने को मिल रहा है।

# भारतीय हॉकी टीम पेरिस में पदक की प्रबल दावेदार: हरेंद्र सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन को लेकर महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने बयान दिया. हरेंद्र ने कहा की मैं ये नहीं बता सकता की पदक किस रंग का होगा लेकिन ये जरुर कहूंगा की पदक पक्का है.

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की प्रबल दावेदार है. वहीं उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को एक सलाह भी दी है. हरेंद्र ने कहा की उनकी टीम को एक ही सलाह है कि बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ. द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हरेंद्र सिंह 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरुष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं. वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे.

हरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ . भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है. मैं पदक के रंग को



लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिये नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं.भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है. इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है. उन्होंने आगे कहा की क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं. उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिये क्या चाहिये और दबाव के हालात से कैसे निपटना है. उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है.

हरेंद्र सिंह ने साल 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हरमनप्रीत सिंह एक दिन भारत के कप्तान बनेंगे.हरमनप्रीत शानदार कप्तान है. मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिये जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा.उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है . यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है . यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर्स में से है. भारत के गोलकीपर श्रीजेश को लेकर कहा की वो मेरा जांगू ( श्रीजेश को प्यार से बुलाया जाने वाला नाम ) है. पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा . इतने साल से इतनी उम्दा हॉकी खेलते हुए भी आज तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहना , शारीरिक और मानसिक रूप से इतना फिट रहना आसान नहीं. वह कमाल का खिलाड़ी है.

## एक नजर

### 25वें विजय दिवस पर शहीद को किया गया नमन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद शहर के कारगिल शहीद चौक पर 13वीं बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा 25वीं कारगिल विजय दिवस के अवसर शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास शहीद शिव शंकर गुप्ता के परिजन के साथ एनसीसी के पदाधिकारियों ने शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमनः किया। शहीद के पिता नंदलाल गुप्ता, छोटा भाई शिवदयाल गुप्ता, कर्नल आर के सिंह सहित अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। नमः आंखों को के साथ शहीद के पिता नंदलाल गुप्ता ने बताया कि शिव शंकर गुप्ता चार भाई बहन में सबसे बड़े थे।

### दो युवकों ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**हसपुरा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** हसपुरा में गुरुवार को एक डिलीवरी पेशेंट महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान कमिटी ने मदद की। कमिटी के अध्यक्ष ने बताया कि दिनारा के रहने वाले श्याम बाबू हसपुरा में सरकारी अमीन के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी नेहा देवी के शरीर में मात्र 5 ग्राम रक्त था। ऑपरेशन करना जरूरी था। श्याम बाबू ने कमिटी के सचिव से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। इसके बाद कमिटी के सदस्यों ने ब्लड डोनर जुगाड़ कर ब्लड डोनेट करवा कर महिला की जान बचाई। महिला के लिए हसपुरा बाजार के सुनील राज ने पहली बार एवं सद्दाम हुसैन ने 15वां रक्तदान कर इंसानियत की मिसाल पेश की। वही.अमीन श्याम बाबू ने कमिटी के सदस्यों के प्रति आभार जताया है।

डीएलसीसी की बैठक में डीएम ने की फसल सहायता की स्थिति की समीक्षा

# किसानों के सत्यापन और सहायता राशि के भुगतान के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

- इस योजना के तहत फसलों के उत्पादन में कमी आती है, तो सभी श्रेणी के किसानों को 20,000 तक की वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है।



“बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत, फसल कटनी के आधार पर उपज दर आंकड़ों के विश्लेषण के बाद योग्य ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों का सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नामित पंचायत स्तरीय कर्मियों द्वारा किया जाता है।”

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री ने समाहरणालय सभागार में बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत रबी 2022-23 मौसम के योग्य ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों के सत्यापन और सहायता राशि के भुगतान के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत, अगर फसलों के उत्पादन में प्रतिकूल मौसम के कारण कमी आती है, तो सभी श्रेणी के किसानों को 20,000 तक की वित्तीय सहायता डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से प्रदान की जाती है।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने फसल सहायता योजना के तहत उपज दर आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों के सत्यापन की प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने उल्लेख किया कि इस योजना के अंतर्गत, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नामित पंचायत स्तरीय कर्मियों द्वारा किसानों का सत्यापन किया जाता है। हालांकि, जिला पदाधिकारी ने क्षेत्रीय सत्यापन द्वारा प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा के बाद एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया कि रबी 2022-23 मौसम के दौरान कई पंचायतों में सत्यापित फसल बुआई क्षेत्र रकबा एनआईसी (नेशनल इंफार्मेटिक्स सेंटर) से प्राप्त कुल भौगोलिक क्षेत्रफल आंकड़े से अधिक पाया गया है। इस स्थिति ने सत्यापन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं और यह संदेह उत्पन्न किया है कि सत्यापन में कोई अनियमितता हो सकती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि रबी 2022-23 मौसम के तहत सभी ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों का पुनः सत्यापन किया जाए। सत्यापन के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आंकड़े फसल अच्छादन रकबा से मेल खाते हों। इसके लिए सत्यापन की प्रक्रिया में सुधार करने की आवश्यकता है।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की कि कृषि योग्य भूमि के आंकड़े राजस्व कर्मचारियों से प्राप्त होते हैं और पिछले वर्ष सत्यापन कार्य किसान सलाहकार और कृषि समन्वयक द्वारा किया गया था। इस बार सत्यापन का कार्य पंचायत के राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव और विकास मित्र द्वारा करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में वरीय उप समाहर्ता श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य किसानों को सही और समय पर सहायता राशि प्रदान करने के लिए सत्यापन की प्रक्रिया को सटीक और पारदर्शी बनाना था।

# राम लखन सिंह यादव कॉलेज के एनसीसी ने किया कारगिल विजय दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** 13 बिहार बटालियन एनसीसी राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय द्वारा कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीद शिव शंकर प्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम कमांडिंग ऑफिसर राजकुमार सिंह सूबेदार मिकी प्रसाद, सूबेदार सदन चाय रॉय लेफ्टिनेंट विवेक कुमार हवलदार प्रेम बहादुरी गुरुंग, निर्मल थपा, शशि रंजन ने शहिद शिव शंकर गुप्ता स्मारक पर माल्यार्पण किया । कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में सभी शहीद वीर पुरुष को याद करते हुए उनको संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीदों की याद में स्लोगन एवं काव्य तथा डिबेट कंपीटिशन प्रतियोगिता कराया गया। कमांडिंग आफिसर कर्नल राजकुमार सिंह ने बताया कि 26 जुलाई 1999 यही वह तारीख है जिसे भारत अपनी विजय व पाकिस्तान अपनी पराजय के लिए कभी भूल नहीं पाएगा। भारतीय क्षेत्र में कारगिल की पहाड़ी पर कब्जा कर 16000 फुट की ऊंचाई पर बैठे दुश्मन सैनिक बेफिक्रे थे लेकिन भारतीय जवानों के जोश जुनून और देशभक्ति के आगे ना तो 16000 फीट ऊंची पहाड़ी टिकी और ना ही माइनस 10 डिग्री का पारा। करीब 3 महीने चली जंग के बाद 26 जुलाई 1999 को उन्हें पहाड़ियों पर तिरंगे के साथ भारत माता की जय के नारे गूंज रहे थे। लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने बताया कि हर साल 26 जुलाई को पूरे देश में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में भाग लिए सूबेदार मिक्की प्रसाद एवम नायब सूबेदार लाल बहादुर सिंह को लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने कारगिल स्मारक के साथ विजय दिवस का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में भी कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रजक, एएनओ लेफ्टिनेंट विवेक कुमार, एकाउंटेंट विवेक कुमार,डॉ अरुण कुमार, भीम सिंह , मिथलेश महतो ने अपने कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स के साथ विजय दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। इस कार्यक्रम में मौजूद रहे एनसीसी के एस यू ओ सुमन कुमार, यू ओ पवन कुमार, सार्जेंट मनीष, प्रेम, दिव्यांश, कैडेट्स निखिल, प्रदीप, प्रियंका, किरण, संजना, गरिमा, निशा इत्यादि।




# इग्नू स्टडी सेंटर में ऑनलाइन प्री-एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन

- औरंगाबाद में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर एवं इग्नू रीजनल सेंटर, मीठापुर, पटना के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन प्री-एडमिशन काउंसलिंग आयोजित हुई।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज स्थित इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर एवं इग्नू रीजनल सेंटर, मीठापुर, पटना के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन प्री-एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग की अध्यक्षता लर्निंग स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर इग्नू के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. आसिफ इकबाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने इग्नू के मिशन, एक्टिविटी और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इग्नू ने न केवल भारत में बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी अपनी पहचान बनाई है। डॉ. आसिफ इकबाल ने अपने संबोधन में इग्नू के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इग्नू में स्टूडेंट नहीं, लर्नर होते हैं, क्योंकि यहाँ पढ़ाई के लिए कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि इग्नू 300 से अधिक प्रोग्राम्स चलाता है और इसका उद्देश्य शिक्षा को सभी तक पहुंचाना है, चाहे वे किसी भी उम्र के हों। उन्होंने कहा, 'इग्नू एक ऐसा संस्थान है जो प्यासे के पास खुद जाता है,' यह बताने के लिए कि इग्नू का हर राज्य और जिले में एक स्टडी सेंटर मौजूद है, जबकि इसका प्रधान कार्यालय दिल्ली में स्थित है। इस सेशन में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक निर्धारित है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार सिंह ने किया। ऑनलाइन मीटिंग में सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रुति सिंह, राजीव रंजन सिंह, अनिल कुमार सिंह, शशि कांत कुमार, और छात्र-छात्राएं भी शामिल थे।

# सुशील सिंह ने डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद और भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व मंत्री और बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. दिलीप जायसवाल का कार्यकाल स्वर्णिम होगा और उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक सशक्तता के साथ-साथ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। पूर्व सांसद ने जोर दिया कि विधान परिषद सदस्य और भाजपा संगठन में डॉ. जायसवाल के लंबे राजनीतिक अनुभव से पार्टी कार्यकर्ताओं को लाभ होगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला महामंत्री मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, बिजेंद्र चंद्रवंशी, अमरीश सिंह, बिनोद सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविंद्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, प्रवीण गुप्ता, प्रफुल्ल सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, भरत सिंह, विधानसभा प्रभारी उदय सिंह, लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह, अनिता सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, जिला परिषद सदस्य धनंजय सिंह, सुबोध सिंह, प्रवीण गुप्ता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।



# उपमुख्यमंत्री ने प्रभात झा के निधन पर किया शोक प्रकट

**पटना (नि.सं.)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यसभा के पूर्व सांसद प्रभात झा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा के पूर्व सदस्य प्रभात झा का असामयिक निधन मिथिला और बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके असामयिक निधन से लाखों लोग गमगीन एवं शोकाकुल हैं। आरएसएस के स्वयंसेवक एवं एक पत्रकार के रूप में अपना सार्वजनिक जीवन प्रारंभ करने वाले प्रभात बाबू विशाल हृदय के स्वामी थे।



# राजकीय मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का हुआ वितरण



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के के राजकीय मध्य विद्यालय देवहरा में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन किट का वितरण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष प्रसाद ने किट वितरण करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय में बहुत से गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं। इन बच्चों के अभिभावक पैसों की कमी के कारण अपने बच्चे को सही समय पर संसाधन उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। ऐसी स्थिति में बिहार सरकार द्वारा बच्चों को किट उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। शिक्षक सोहेल खां ने कहा कि बिहार सरकार लगातार शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए प्रयास कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा के नए आयाम बिहार की नई पहचान बनेगा। वरिष्ठ शिक्षिका ममता कुमारी, प्रियंका कुमारी,वीणा कुमारी, पूजा कुमारी, शिक्षक सोहराब खाँ, सोहेल खां, शिक्षा सेवक असलम आलम,संजय चौधरी और विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को दी गयी सामग्री बच्चों के सीखने की प्रक्रिया में काफी मददगार साबित होगी।

# विधवा रेप कांड मामले में पुलिस ने घटनास्थल का किया मुआयना



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत पहाड़ी गांव से कांड़ी गांव के बधार में विधवा के साथ हुई बलात्कार कांड को मामले में कई पुलिस पदाधिकारी द्वारा आरोपी के साथ घटनास्थल का मुआयना किया गया। जानकारी हो कि 24 जून को काड़ी गांव के एक महिला रफीगंज से काम कर वापस अपने गांव काड़ी जा रही थी।इसी बीच नदी किनारे सुनसान जगह पर मनचले युवक द्वारा बेहोश कर बलात्कार किया गया। इस मामले में पचार गांव के नंदकिशोर विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया था। जिसको लेकर पुलिस घटनास्थल का जांच किया तो सदर एसडीपीओ 2 अमित कुमार ने बताया कि बलात्कार कांड को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी एवं चार पांच मामला और हुई है।

साक्ष्य को मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गिरफ्तार आरोपी को रिमांड पर लिया और घटनास्थल पर लाकर जानकारी लिया गया। साथ ही पुराना और मामला में पीड़ित और महिलाओं से पूछ ताछ की गई। जिसमें उन्होंने छिनतई की बात सही बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि काड़ी गांव जाने के लिए उक्त रास्ता काफी सुनसान है। जिसको लेकर पुलिस गस्ती शुरू कर दी गई है। पुलिस रिमांड पर लेकर दूसरी बार घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आरोपी से जुड़े पूर्व की और घटनाओं को कई पीड़ितों से पूछताछ की गई।

# विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने धूमधाम से मनाया कारगिल विजय दिवस

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** 26 जुलाई 2024 - विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने विद्या निकेतन, किड्ज़ वर्ल्ड (बाजार ब्रांच), किड्ज़ वर्ल्ड (भखरुआं मोड़), एवं संस्कार विद्या के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्या निकेतन के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने विद्यालय के नौनिहाल छात्र-छात्राओं के बीच कारगिल विजय दिवस समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने 1999 में भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान का स्मरण करते हुए बताया कि कैसे 26 जुलाई को कारगिल पर विजय का झंडा लहराया गया था। सुरेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, 'हमारे देश की आन-बान-शान को बनाए रखने के लिए हमारे सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उनके बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए और देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

किड्ज़ वर्ल्ड, बाजार ब्रांच के पावन परिसर में प्राचार्या विनीता प्रकाश ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच कारगिल शहीदों को नमन किया और उन्हें याद किया। उन्होंने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने जान की बाजी लगाने की प्रेरणा दी। विनीता प्रकाश ने कहा, 'कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

संस्कार विद्या में विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ आनंद प्रकाश और प्रिंसिपल विनय कुमार पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में देश की आजादी के लिए कारगिल में युद्ध करते हुए मारे गए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आनंद प्रकाश ने अपने जिले के सैनिक शिव शंकर कुमार गुप्ता को भी नमन किया, जो इस लड़ाई में शहीद हुए थे। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा, 'देश की आजादी, शांति, और सुरक्षा को बचाना प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है। हम सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का दायित्व है कि देश की आजादी के लिए हम एकजुट होकर काम करते रहें और आगे बढ़ते रहें।

विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा, 'कारगिल शहीद दिवस नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हम 26 जुलाई 1999 में भारत के सैनिकों द्वारा फहराए गए विजय पताका को हमेशा याद रखेंगे। देश की आजादी के लिए लगभग 272 से अधिक सैनिकों ने अपनी जान की बाजी लगाई थी और हजारों सैनिक इसमें घायल हुए थे। हम उनके और उनके परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हैं और आगे हम एकजुट होकर देश की आजादी, सुरक्षा, समृद्धि की रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस अवसर पर चारों विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और कारगिल विजय दिवस को धूमधाम से मनाया गया। सभी ने देश की रक्षा और समृद्धि के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया।



**शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि**

किड्ज़ वर्ल्ड, भखरुआं मोड़ दाउदनगर के पावन प्रांगण में प्राचार्य मो. मुजाहिर आलम के नेतृत्व में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस को मनाया और शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों में जोश और जज्बात को बढ़ाने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें देश की आजादी को बनाए रखने के लिए कठिन परिश्रम और समर्पण की आवश्यकता पर बल दिया गया। मोहम्मद मुजाहिर आलम ने कहा, 'हम सभी का कर्तव्य है कि हम देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।


# झुग्गी-झोपड़ियों में अग्नि दुर्घटना से बचाव

गर्मियों में छोटी से छोटी लापरवाही से आग की दुर्घटना हो सकती है।
आपके सहयोग से इन दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सकती है। अत: निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें :–

1. झुग्गी झोपड़ी बनाने में इस्तेमाल सामान जलने वाला न हो। इन्हें बनाने में प्लास्टिक शीट, कपड़ा, तिरपाल आदि का इस्तेमाल न करते हुए लोहे के पोल, सीमेंट या टिन की चादरें (शीट), ईंट आदि का इस्तेमाल करें। झुग्गी के बाहर एवं अंदर मिट्टी का लेप करने से आग से बचाव किया जा सकता है।
2. 50–50 झुग्गी झोपड़ी के समूह बनाएं, इन समूह में 3–4 मीटर की दूरी अवश्य रखें।
3. बिजली का अनधिकृत उपयोग न करें। अधिकृत रूप से बिजली के मीटर से कनैक्शन लें। नंगी तारों का उपयोग न करके प्लग–सॉकेट को इस्तेमाल करें। घर से बाहर जाते समय सभी बिजली के उपकरण बंद कर दें।
4. अनधिकृत सिलेण्डर का प्रयोग रोकें। अधिकृत एल पी जी सिलैण्डर खरीदें। इस्तेमाल के बाद रेगुलेटर बंद कर दें।
5. बीड़ी, सिगरेट आदि का प्रयोग न करें। जलती हुई बीड़ी, सिगरेट, माचिस, इत्यादि इधर–उधर न फेंके। इन्हें लोहे या मिट्टी के बर्तन में बुझाने के बाद डालें।
6. पटाखे आदि न चलायें, यह ज्वलनशील हैं और खतरनाक आग का कारण हो सकता है।
7. झुग्गी और ज्वलनशील सामान जैसे कूड़ा, प्लास्टिक, लकड़ी के टुकड़े, उपले आदि अलग–अलग रखें एवं इनमें सुरक्षित दूरी रखें।
8. मिट्टी के तेल, स्टोव, चूल्हे का इस्तेमाल कम से कम करें। सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करें, आग लगने की संभावनाएं खत्म करें। खाना बनाने के पश्चात् चूल्हे की आग को पूर्ण रूप से बुझा दें।
9. सभी लोग मिलकर सुरक्षा टीम बनाएं। पानी की टंकी, मटके आदि का बंदोबस्त करें। सभी बड़ों व बच्चों को जागरूक करें। सुरक्षा टीमों में कुछ लोगों की निगरानी पर रहने के लिए गठित करें।
10. आग लगने पर तुरंत सभी लोगों की सुरक्षित स्थान पर पहुँचने में मदद करें। आग को रोकने के लिए प्रयास करें। बच्चों, बुजुर्गों और अपाहिजों का विशेष ध्यान दें।
11. तुरंत फायर ब्रिगेड,बिहार अग्निशमन सेवा को 101 नम्बर पर सूचित करें। यह सेवा मुफ्त उपलब्ध है। आग की दुर्घटना देखते ही आग–आग शोर मचायें तथा सभी झोपड़ी वालों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दें।
12. बिजली के एच.टी. तारों के नीचे झुग्गी–झोपड़ी न बनाएं। यह खतरनाक हो सकता है।
13. फायर सर्विस की गाड़ी आने के लिए रास्ता रखें। गाड़ी को रास्ता दें और आग तक पहुँचने में मदद करें।




PR No.-004782 (Fire)D. 2024-25

आग लगने पर 101 डॉयल करें

बिहार सरकार
बिहार अग्निशमन सेवा
गृह (आरक्षी) विभाग
टेलीफैक्स – 0612–2222020. ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com
बिहार सरकार